
वर्ष- 11 अंक-272
लखनऊ, बुधवार 22 मई, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर लहराएगा बीजेपी का झंडा : ब्रजेश पाठक 03

बीजेपी जनता की आंखों में नहीं झोंकती धूल : राजनाथ सिंह 12


## संक्षिप्त समाचार

### सीमा पार कर आई महिला पाकिस्तानी सेना के हवाले

**पुंछ।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) की एक 45 वर्षीय महिला को हिरासत में लिए जाने के दो दिन बाद मंगलवार को पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तानी सेना को सौंप दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि वह अनजाने में भारतीय सीमा पार कर आई थी। पदाधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के कोटली जिले के सखी नाथ गांव की मूल निवासी नसीम फातमा को भारतीय सेना ने शनिवार देर रात राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर के पुखेरनी गांव से हिरासत में लिया था। इसके बाद भारतीय सेना ने अपने पाकिस्तानी समकक्षों से संपर्क स्थापित किया और महिला को आज दोपहर चाकन-दा-बाग सीमा पर पाकिस्तानी सेना को सौंप दिया गया। इस मौके पर दोनों पक्षों के नागरिक अधिकारी मौजूद थे।

### कोलकाता आकर लापता हुए बांग्लादेशी सांसद, जांच शुरु

**कोलकाता।** बांग्लादेश से इलाज कराने के लिए कोलकाता आए एक सांसद लापता हो गए हैं। कोलकाता में बांग्लादेश उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता पहुंचने के बाद 13 मई से लापता हैं। मंगलवार को बांग्लादेश उच्चायोग की ओर से बताया गया है कि बांग्लादेश की सत्तारूढ़ अवामी लीग के सदस्य अनार, बारानगर में एक दोस्त के घर पर रह रहे थे। 13 मई को वह किसी से मिलने के लिए निकले जिसके बाद से लापता हैं। कोलकाता में बांग्लादेश उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वह इलाज के लिए 12 मई को कोलकाता आए थे और शहर के उत्तरी इलाके बारानगर में अपने दोस्त के घर पर रह रहे थे।

### ईडी का डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव के ठिकानों पर छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के ठिकानों पर छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी धनशोधन जांच के तहत मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के परिसरों की तलाशी ले रही है। ईडी की यह कार्रवाई केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की ओर से हाल ही में दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है। इससे पहले सीबीआई ने फरवरी में 1982 बैच के आईएएस रमेश अभिषेक के यहां छापेमारी की थी। सीबीआई और ईडी ने उनकी बेटी वानेसा के खिलाफ भी मामले दर्ज किए हैं।

### शिक्षक पुरस्कार के लिए पोर्टल लॉन्च, 20 तक करें नामांकन

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा सचिव के. संजय मूर्ति और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष प्रोफेसर टीजी सीतारम ने मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार- 2024 के लिए पोर्टल लॉन्च किया। नामांकन की अंतिम तिथि 20 जून है। चयनित विजेताओं को शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।
वर्चुअल लॉन्च के दौरान के. संजय मूर्ति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 का उद्देश्य देश में प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों के असाधारण योगदान को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। ये पुरस्कार विशेष रूप से शिक्षण में उनके समर्पण और कड़ी मेहनत का सम्मान करते हैं जिसने न केवल उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है बल्कि उनके छात्रों के जीवन को भी समृद्ध किया है।

### कार की टक्कर से तीन महिलाओं की मौत, दो घायल

**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में हाथीपुर फ्लाईओवर के समीप बेकाबू कार की टक्कर से तीन महिलाओं की मौत हो गई और एक बच्ची समेत दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी एस.के.सिंह ने बताया कि महाराजपुर थाने के समीप हाथीपुर फ्लाईओवर के समीप मंगलवार रात सड़क पार करते समय एक कार ने महिलाओं को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीन महिलाओं की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक महिला और एक बच्ची घायल हो गए।

# इंडी गठबंधन को हजम नहीं हो रहा भारत का गौरव : मोदी

**सपा-कांग्रेस के कुशासन व हमारी आस्था के बीच 36 का आंकड़ा**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को प्रयागराज के परेड ग्राउंड के मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की पहचान अब एक्सप्रेस-वे से होती है। विकास से होती है। भारत अब दुनिया में अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। भारत जी-20 का आयोजन करवाता है तो पूरी दुनिया हैरान हो जाती है। प्रयागराज के लोग न किसी से डर कर रहते हैं और न किसी से दब कर रहते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत की इस तरक्की से सब खुश हैं, लेकिन सपा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों को भारत का गौरव हजम नहीं होता। यह करते क्या हैं ? कांग्रेस के शहजादे भारत को गाली देने के लिए विदेश जाते हैं। इंडी गठबंधन वालों का एजेण्डा है- 370 फिर से लाएंगे, सीएए रद्द करेंगे, भ्रष्टाचार के खिलाफ बने कानून को समाप्त करेंगे। मोदी ने पूछा कि क्या यह सब करने के लिए आप लोग इन्हें (इंडी गठबंधन) वोट देंगे ? उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के कुशासन और हमारी आस्था के बीच 36 का आंकड़ा है। इंडी गठबंधन से विकास नहीं हो सकता। प्रयागराज को ही देखिए। सपा-कांग्रेस की सरकारों में क्या होता था। भीड़ में भगदड़ मच जाती थी। लोगों की जान चली जाती थी। यह इसलिए होता था क्योंकि उन्हें कुम्भ से ज्यादा अपने वोट बैंक की चिंता रहती थी। कुम्भ के लिए कुछ करें तो उनका वोट बैंक नाराज न हो जाए। इसका उन्हें डर रहता था। राम मंदिर का बहिष्कार करने वाले ये लोग सनातन को डेंगू, मलेरिया कहने वाले ये लोग अगले साल होने वाले कुम्भ को अच्छे से होने देते क्या ? मोदी का मंत्र है कि विकास भी और विरासत भी। निषादराज के श्रृंगवेरपुर का भी विकास किया जाएगा।



**पीएम कल पाली गांव से साधेंगे दक्षिण हरियाणा के मतदाता**

**चंडीगढ़।** अंबाला और सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब महेंद्रगढ़ के पाली गांव में रैली कर दक्षिण हरियाणा के मतदाताओं को साधेंगे। भिवानी-महेंद्रगढ़ से लोकसभा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह के समर्थन में मोदी 23 मई को एक जनसभा को संबोधित करेंगे। मोदी दक्षिणी हरियाणा में चुनाव से पहले भी रेवाड़ी जिले में एम्स और गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन अवसर पर भी एक महीने के अंदर दो रैलियां कर चुके हैं।

**भाजपा के आते ही माफिया के खिलाफ चला सफाई अभियान**

पीएम मोदी ने विपक्ष पर भी हमला बोलते हुए कहा कि यहां बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। व्यापारियों के पास कभी भी वसूली का फरमान आ जाता था। प्रयागराज में गोलियां चलती थीं। जब से भाजपा की सरकार आई है। माफिया के खिलाफ यहां सफाई अभियान चल रहा है। सपा सरकार में माफिया गरीबों की जमीन कब्जा करता था। अब उसके अवैध महल तोड़कर भाजपा सरकार वहां गरीबों के लिए घर बनवा रही है। उन्होंने कहा कि साथियों प्रयागराज शिक्षा का बड़ा केन्द्र है। युवा भूल नहीं सकते कि सपा सरकार में कैसे आपके सपनों को चखना चूर कर दिया जाता था। मेहनत आपकी और नौकरी किसी और को दी जाती थी। नौकरी दी जाती थी, वह भी जाति देखकर। यूपीपीएससी को परिवार सर्विस कमीशन बना कर रख दिया था। पीएम मोदी ने कहा कि मोदी आपकी सेवा करते रहें, इसलिए नीरज त्रिपाठी और प्रवीण पटेल को आप जिता कर भेजिए। उन्होंने प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

## राहुल गांधी को रांची कोर्ट से फिर मिला समन



**रांची।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कोर्ट में उपस्थित होना होगा। इसको लेकर रांची के एमपी/एमएलए कोर्ट ने मंगलवार को समान जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 4 जून के बाद किया जाएगा। शिकायतकर्ता नवीन झा के अधिवक्ता विनोद कुमार साहू और अमरदीप साहू ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी की ओर से पूर्व में भी एमपी/एमएलए कोर्ट की ओर से समन जारी किया गया था। इस मामले को राहुल गांधी के वकील ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने राहुल गांधी को राहत देते हुए इसे खारिज कर दिया था। इसके बाद आज फिर एमपी एमएलए कोर्ट में राहुल गांधी को समन जारी किया है। ज्ञातव्य है कि राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा था कि भाजपा में एक हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता।

# कांग्रेस की सरकार घोटालों की सरकार : जेपी नड्डा

**भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जींद में किया रोड शो**

एजेंसी



**जींद।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की तरक्की किसी से छुपी नही है। विदेशों में भी भारत का डंका बज रहा है। मोदी सरकार ने गारंटी दी है कि भारत पूरी दुनिया में जल्द ही आर्थिक स्थिति के मामले में तीसरे नंबर होगा। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार को शहर में रोड शो के बाद टाउन हाल पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों व पिछड़ा वर्ग के लिए गरीब कल्याण योजनाएं चलाई हैं, जिसका प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। मोदी के नेतृत्व में भारत की फौज और देश मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले हम चीन व कोरिया से मोबाइल का आयात करते थे। परंतु अब 97 प्रतिशत मोबाइल भारत में ही बनाए जाते हैं। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार घोटालों की सरकार है। इसमें चारा घोटाला, चीनी घोटाला, कोयला घोटाला, 2जी घोटाला, 3जी घोटाला किसी से छुपा नही है। कांग्रेस हमेशा से परिवारवाद की राजनीति करती आई है। चाहे चौटाला परिवार को देख लो, चाहे हुड्डा परिवार को देख लो, चाहे बादल परिवार को देख लो। सब परिवारवाद की राजनीति करते हैं। उन्होंने सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार मोहनलाल बडोली को जिता कर प्रधानमंत्री मोदी को मजबूत करने की अपील की। इस मौके पर सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार मोहन लाल बडोली ने भी संबोधित किया। रोड शो के दौरान शहर में कई स्थानों पर लोगों ने फूल बरसा कर भाजपा राष्ट्रीयध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत किया।

# बिकरु कांड : मनु पाण्डेय की संपत्तियों की जांच में जुटी पुलिस

**कोर्ट ने संपत्तियां कुर्क करने के साथ जारी किया गैर जमानती वारंट**

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** देश के चर्चित बिकरु कांड में चार साल बाद कोर्ट ने पुलिस एनकाउंटर में मारे गये प्रेम प्रकाश पाण्डेय की बहू मनु पाण्डेय के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। इसके साथ ही उसकी संपत्तियां भी कुर्क करने का आदेश है। इस पर मंगलवार को चौबेपुर पुलिस बिकरु पहुंचकर मनु की संपत्तियों की जांच में जुट गई है।

सीओ समेत आठ पुलिसकर्मियों की शहादत के बिकरु कांड में सबसे ज्यादा ऑडियो मनु पाण्डेय के वायरल हुए थे। मनु पाण्डेय उर्फ वर्षा घटना के बाद पुलिस एनकाउंटर में मारे गये प्रेम प्रकाश पाण्डेय की बहू व घटना में आरोपी बनाए गये शशिकांत की पत्नी है। वहीं प्रेम प्रकाश पाण्डेय बिकरु हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त रहे विकास दुबे का मामा था। हालांकि बाद में एनकाउंटर विकास दुबे भी मारा गया। घटना के दौरान मनु पाण्डेय अपने ससुर प्रेम प्रकाश पाण्डेय और पति शशिकांत पाण्डेय से बराबर बात करती रही और घटना के बाद उनके सारे आडियो वायरल हो गये।

## चुनावी सभा में अखिलेश के सामने फिर बेकाबू हुए सपाई

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए आयोजित जनसभा में एक बार फिर समाजवादियों ने ही जमकर हंगामा किया। इसके चलते अखिलेश यादव सभा को आनन-फानन में ही संबोधित कर चले गए। अखिलेश यादव जौनपुर जिले के लालगंज लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी दारोगा प्रसाद सरोज के लिए मंगलवार को आयोजित सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। सरायमीर बाजार के खरेवा मोड़ पर आयोजित इस सभा में उनके पहुंचने से पहले ही सपा कार्यकर्ताओं के दो गुटों में खींचतान शुरू हो गई थी। मंच के सामने पहुंचने की होड़ के चलते चारों तरफ से कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गए। किसी तरह से पुलिस ने कार्यकर्ताओं को बैरिकेडिंग के अंदर किया।

# सपा रामभक्तों पर गोलियां चलवाती थी, आज फूल बरस रहे : योगी

**इंडी गठबंधन का कोई एजेंडा नहीं, दलित आरक्षण में लगा रहे सेंध**

समृद्धि न्यूज



**संत कबीर नगर।** समाजवादी पार्टी राम भक्तों पर गोलियां चलवाती थी, वहीं आज अयोध्या में राम भक्तों पर पुष्प वर्षा हो रही है। सपा के लोग कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। आज वहां रामभक्तों की आवभगत हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर अयोध्या को त्रेता युग का गौरव दिलाने का काम किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश में बड़ा परिवर्तन आया है। देश में विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। देश हाईवे, रेलवे, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा गोरखपुर में एम्स और फर्टिलाइजर कारखाना फिर से चालू हो गया है। साथ ही संत कबीर नगर में बाबा तामेश्वरनाथ का धाम को भी विकसित किया जा रहा है।

संत कबीर नगर की पावन महानिर्वाण स्थल को कबीर पीठ के रूप में एक बार फिर से शोध और इनोवेशन के नए केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को संत कबीर नगर के मेंहदावल विधानसभा में संत कबीर नगर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी इंजीनियर प्रवीन निषाद के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के समय देश में आतंकी घटनाएं होती थी। इनसे देशवासी कहते थे कि आतंकवाद से निपटो, लेकिन यह कहते थे कि आतंकवादी सीमा पार के हैं। सीएम योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन का अपना कोई एजेंडा नहीं है।

यह अनुसूचित और पिछड़ी जाति के आरक्षण में सेंध लगा कर मुसलमानों को देना चाहता है, जिसे हम स्वीकार नहीं करेंगे। यह इनकी खतरनाक मंशा है, जिसे सफल नहीं होने देना है। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गयी है। हमें इनसे सावधान रहना है और इनके मंसूबों पर पानी फेरना है।

**इंडी गठबंधन से हमें सतर्क रहने की जरूरत**

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भी कहा था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता है। यह आरक्षण अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति को संविधान द्वारा दिया गया है और यह मिलता रहेगा। वहीं राहुल गांधी और अखिलेश यादव का बयान जाहिर करता है कि उनकी मंशा जनता जनार्दन के प्रति अच्छी नहीं है। ऐसे में हमें इनसे सतर्क रहने की जरूरत है। यह लोग सत्ता में आएंगे तो विरासत टैक्स लगाएंगे। यह विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है।

## मिथुन चक्रवर्ती के रोड शो पर हमला, तृणमूल पर आरोप

**कोलकाता।** मेदिनीपुर में मंगलवार को अभिनेता व भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती के रोड शो पर हमला हुआ है। कार्यक्रम के दौरान तृणमूल कार्यकर्ताओं पर बोतलें फेंकने का आरोप लगा है। भाजपा का आरोप है कि घटना पुलिस के सामने हुई। मंगलवार सुबह मिथुन चक्रवर्ती भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल के समर्थन में रोड शो कर रहे थे। यह रोड शो मेदिनीपुर कलक्ट्रेट जंक्शन से केरानिटोला तक किया जाना था। मार्ग पर शेखपुरा रोड के पास तृणमूल समर्थक पोस्टर-बैनर के साथ भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। तृणमूल का यह प्रदर्शन युवा नेता अबीर अग्रवाल के नेतृत्व में चल रहा था। जैसे ही भाजपा का जुलूस वहां पहुंचा, दोनों पार्टियों के समर्थकों के बीच गाली-गलौज और नोकझोंक हो गई।

# मेरे पास बेगुनाही के सबूत, पुलिस साबित करे आरोप : बृजभूषण शरण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मेरे ऊपर अभी चार्ज फ्रेम हुआ, जो आरोप लगाए गए हैं उसे अब पुलिस को साबित करना है। मेरे पास अपनी बेगुनाही के पूरे सबूत हैं।

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को महिला पहलवानों द्वारा दायर एक आपराधिक मामले में भाजपा सांसद व भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न, धमकी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय कर दिए। अदालत ने अभियोजन पक्ष को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट से बाहर आने पर बृजभूषण ने कहा कि मैं पहले ही अपनी बेगुनाही का सबूत दे चुका हूं।



अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत के समक्ष पेश आरोपियों ने पूछने पर अपना अपराध स्वीकार करने से इनकार करते हुए स्वयं को बेकसूर बताते हुए मुकदमे का सामना करने का तर्क रखा। सह-आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ आपराधिक धमकी का आरोप भी तय किया गया है।

## छपरा हिंसा : दो दिन बंद रहेगा इंटरनेट

**छपरा।** शहर में मतदान के दूसरे दिन चुनावी रंजिश में मंगलवार की सुबह भिखारी चौक के समीप दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसके बाद एक बार फिर संगठित होकर अधिक संख्या में पहुंचे लोगों ने हमला बोला तो दूसरे पक्ष ने फायरिंग कर दी। फायरिंग की इस घटना में गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पूरे इलाके में अब इंटरनेट सेवा को दो दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। मतदान के दिन सोमवार को बड़ा तेलपा के बूथ पर राजद की प्रत्याशी डॉ. रोहिणी आचार्य के पहुंचने पर दूसरी पार्टी के लोगों ने हंगामा किया था। इसके बाद दोनों के समर्थकों के बीच विवाद हुआ था। हालांकि, विवाद को प्रशासन की सजगता से सुलझा लिया गया था।

# सिसौदिया को फिर लगा झटका 31 तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया की अवधि 31 मई तक बढ़ा दी है। दिल्ली उच्च न्यायालय मंगलवार को अब समाप्त हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति से संबंधित भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में सिसौदिया की जमानत याचिकाओं पर आदेश पर सुनवाई करने वाला है।

दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में सिसोदिया को एक साल से अधिक समय पहले गिरफ्तार किया गया था, प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि वह कथित मनी लॉन्ड्रिंग के संबंध में अपनी अगली अभियोजन शिकायत में आम



आदमी पार्टी को मामले में आरोपी बनाएगा। इस बीच, दिल्ली उच्च न्यायालय केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनके खिलाफ दर्ज किए गए मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार के मामलों में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर आदेश देने वाला है। 14 मई को उच्च न्यायालय ने सिसौदिया, सीबीआई और ईडी की ओर से दलीलें सुनने के बाद जमानत याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

## भाजपा उम्मीदवार गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार पर 24 घंटे का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में तामलुक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय पर कार्रवाई की है। आयोग ने गंगोपाध्याय पर एक दिन के लिए चुनाव प्रचार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। वे मंगलवार शाम 05 बजे से अगले 24 घंटे तक किसी भी प्रकार से चुनाव प्रचार में सम्मिलित नहीं हो सकते। गंगोपाध्याय ने 15 मई को हल्दिया में एक चुनावी जनसभा में ममता पर जो टिप्पणी की थी, उसे चुनाव आयोग ने बेहद आपत्तिजनक माना है। गंगोपाध्याय ने कहा था कि ममता बनर्जी, आप कितने में बिक सकती हो। उन्होंने आगे भी इसी संदर्भ में टिप्पणियां की थी।

# पब्लिक के बीच जान बूझकर किया अपमान ही एससी-एसटी के दायरे में

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान आदेश में कहा**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि एससी-एसटी की धारा 3(1) (आर) के तहत किसी को अपराधी मानने के लिए यह जरूरी है कि उस व्यक्ति ने पब्लिक के बीच जानबूझकर अपमान करने या डराने-धमकाने के लिए कृत्य किया हो।

यह आदेश जस्टिस विक्रम डी चौहान ने पिंटू सिंह उर्फ राणा प्रताप सिंह व दो अन्य की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए दिया है। याचियों के खिलाफ बलिया के नगरा में नवम्बर 2017 में आईपीसी की धारा 147, 452, 323, 504, 506 और एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(1)(आर) के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। आरोप था कि याचियों ने शिकायत करने वाले के घर में घुसकर जातिगत टिप्पणी की और घर के सदस्यों के साथ मारपीट भी की। आरोप पत्र दाखिल होने के बाद याचियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर प्राथमिकी रद्द करने की मांग की थी। कहा गया था कि आरोप के अनुसार अपराध जिस स्थान पर हुआ वह सार्वजनिक स्थान नहीं है।

इसलिए एससी एसटी की धारा 3(1)(आर) के तहत कोई अपराध नहीं बनता है। कहा यह भी गया था कि कृत्य अपमानित करने या डराने-धमकाने के इरादे से नहीं किया गया।

**निर्णय**

**संविलियन के शासनादेश को चुनौती देने वाली याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा**

# एक ही परिसर के विद्यालयों को संविलियन करने की नीति वैध

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक और उच्च प्राथमिक परिषदीय विद्यालयों को संविलियन करने की राज्य सरकार की नीति को वैध करार दिया है। न्यायालय ने कहा कि यह सरकार का नीतिगत निर्णय है और ऐसा कोई तथ्य प्रस्तुत नहीं किया जा सका कि पिछले पांच वर्षों से चल रही यह योजना किसी प्रकार से छात्रों के लिए नुकसानदेह है। याचिका में संविलियन के शासनादेश को चुनौती दी गई थी।

कोर्ट ने कहा कि एक सम्भावना के आधार पर नीतिगत निर्णय को रद्द नहीं किया जा सकता है। यह आदेश



न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने हिना खालिक सहित कई अन्य याचिकाओं को खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने सरकार को कमेटी गठित कर अध्यापकों की समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिया है, जिससे प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति पाने में किसी के विधिक अधिकार का हनन न हो। इन याचिकाओं में 22 नवम्बर 2018 के शासनादेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संविलियन का निर्णय लिया गया था।

यह व्यवस्था दी गई कि इन विद्यालयों का वरिष्ठतम अध्यापक प्रधानाध्यापक होगा और सभी वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्य वही संचालित करेगा। दोनों विद्यालय एक इकाई की तरह होंगे। याचियों का कहना था कि इस शासनादेश से उन अध्यापकों का भविष्य प्रभावित होगा, जो प्राथमिक या उच्च प्राथमिक में प्रधानाध्यापक होने वाले हैं। जो पहले से प्रधानाध्यापक थे और अब जूनियर हो गए। अदालत ने कहा कि ऐसा कोई तर्क प्रस्तुत नहीं किया गया कि यह निर्णय सरकार ने बिना किसी आधार के लिया है और यह छात्रों के हित में नहीं है। योजना पिछले पांच वर्षों से चल रही है और ऐसी कोई शिकायत नहीं आई कि किसी वरिष्ठ अध्यापक को चार्ज नहीं दिया गया।

कोर्ट ने कहा कि यह निर्णय छात्रों के हित में है और इससे उच्च प्राथमिक के अध्यापकों के अनुभव का लाभ सभी छात्रों को मिल सकेगा। कुछ अध्यापकों का भविष्य प्रभावित होने की सम्भावना है। विशेषकर, जब यह छात्रों के हित में हो। कोर्ट ने राज्य सरकार को कमेटी गठित कर शासनादेश का सही तरीके से अनुपालन करने का निर्देश दिया है। विशेषकर पैरा दस का जिसमें कहा गया है कि संविलियन के बाद पूर्व से सृजित अध्यापक और प्रधानाध्यापक के पद यथावत बने रहेंगे। हाईकोर्ट कोर्ट ने राज्य सरकार को अध्यापकों की वास्तविक समस्याओं पर सुनवाई और सभी पक्षों से बात कर उसके समाधान के लिए एक कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया है। यह भी कहा कि जरूरत हो तो नीति में उसके अनुसार परिवर्तन करें। कोर्ट ने यह कार्य 2025-26 का सत्र शुरू होने से पूर्व करने का निर्देश दिया है।

# लोडिंग गाड़ी की चपेट में आकर मजदूर की मौत

▸ मिल अधिकारियों ने सुलह का बनाया दबाव, परिजनों ने किया हंगामा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**




पोखरा स्थित बलरामपुर चीनी मिल समूह की हैदरगढ़ इकाई में पोखरा स्थित बगास के भंडार में सो रहे एक मजदूर की लोडिंग गाड़ी की चपेट में आकर मौके पर मौत हो गई।

मजदूर की मौत की खबर सुनकर चीनी मिल आए परिजनों को अधिकारियों द्वारा सुलह समझौते के लिए अंदर ही रोक लिया गया जिससे आक्रोशित मृतक के रिश्तेदारों और ग्रामीणों द्वारा चीनी मिल गेट पर हंगामा शुरू कर दिया गया। धरना प्रदर्शन की सूचना पाकर बड़ी संख्या में कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। वही पोस्टमार्टम के बाद जनपद मुख्यालय से आए शव को हंगामा की आशंका के चलते पुलिस द्वारा चीनी मिल गेट पर नहीं लाया गया और परिजनों एवं लाश को भी भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गांव पहुंचाकर अपनी मौजूदगी में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मर्दापुर गांव निवासी देवी प्रसाद पुत्र शिवनारायण हैदरगढ़ चीनी मिल में गाना पेराई से निकलने वाली बगास की लोडिंग और अनलोडिंग का काम करता था बताते हैं कि सुबह 4 बजे ड्यूटी समाप्त होने के बाद देवी प्रसाद वहीं बगास के भंडार में सो गया। इसके बाद ड्यूटी पर आए दूसरे चालक द्वारा लोडिंग वाहन बैक करते समय वहां का पहिया देवी प्रसाद के चेहरे पर चढ़ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मृतक की गर्भवती पत्नी मां और भाई संतराम आदि चीनी मिल पहुंच गए जहां पर समझौते के नाम पर उनको अंदर ही रोक लिया गया। यही नहीं भरी पुलिस व्यवस्था के बीच लाश को पोस्टमार्टम के लिए भी भेज दिया गया। जिला मुख्यालय सेवा उत्सव के वापस आने के बाद परिजनों को चीनी मिल से बाहर निकाल कर 100 एवं परिजनों को उनके गांव पहुंचा दिया गया।

### पुलिस की मौजूदगी में मृतक का किया अंतिम संस्कार

मृतक के साले सतीश ने बताया कि मृतक के तीन नाबालिक पुत्रों व गर्भ में पल रहे बच्चे की परवरिश के लिए परिजनों को चीनी मिल वाहन मालिक द्वारा मिलकर ढाई लाख रुपए की नगद आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है इसके अलावा कृषक दुर्घटना बीमा योजना की धनराशि दिलाने का आश्वासन चीनी मिल अधिकारियों द्वारा दिया गया है। वहीं भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद होने के कारण परिजनों का कोई पक्ष जानकारी में नहीं आया है। इस संबंध में जब कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस समय वह गांव में मौजूद हैं दुर्घटना का जो भी दोशी है उसके बारे में बाद में बताया जाएगा की क्या कार्यवाही की जाएगी।

# दहेज हत्या के तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास,दस-दस हजार का लगाया अर्थदंड

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

न्यायालय द्वारा हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास व दस दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए।

थाना मसौली क्षेत्र में हुई हत्या की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मुअसं 172/2016 धारा 302/34 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्तगण बृजेश कुमार शुक्ला पुत्र राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू शुक्ला , राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू शुक्ला पुत्र केशव सरन निवासीगण जलुहामऊ थाना मसौली जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) कोर्ट नं0-36 द्वारा दोष सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास व दस दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढ़ा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। उपरोक्त अभियोग श्रीमान पुलिस महानिदेशक उप्र लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे महिला सम्बन्धी/जघन्य सनसनीखेज अपराध के तहत चिन्हित अभियोग है। दिनांक 29.06.2020 को वादी मुनेश्वर प्रसाद पुत्र स्व. शत्रोहन लाल निवासी बहादुरपुर थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी ने आरोपियो बृजेश कुमार शुक्ला पुत्र राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू शुक्ला, राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू शुक्ला पुत्र केशव सरन निवासीगण जलुहामऊ थाना मसौली जनपद बाराबंकी के विरुद्ध वादी की पुत्री को दहेज की मांग के कारण हत्या करने के सम्बन्ध में सूचना दी गई। उक्त सूचना के आधार पर थाना मसौली पर मु0अ0सं0 172/2016 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक निरीक्षक अवधेश कुमार द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्तगण के विरुद्ध माननीय न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। न्यायालय द्वारा अभियोग को धारा 302/34 भादवि0 में संज्ञान लिया गया।

# राजीव गांधी को बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि




**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

देश में पीढीगत बदलाव के अग्रदूत 40 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले श्री राजीव गांधी भारत के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री थे वह विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे आपने पूरे विश्व को एहसास करा दिया कि भारत एक महान शक्ति है जिसे दुनिया की कोई ताकत अनदेखी नही कर सकती अपने अल्प समय के राजनैतिक कार्यकाल में 18 वर्ष के नौजवान को मतदान का अधिकार, पंचायतीराज, तथा संचार क्रान्ति देकर देश को प्रगति के रास्ते पर चलाकर नई पहचान दी आज देश के सगसे कम उम्र के प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी के बलिदान दिवस के अवसर पर हम कांग्रेस परिवार के साथ उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करके उन्हे दिल की गहराईयो से याद करते है।

उक्त उद्गार कांग्रेस पार्टी के केन्द्रीय चुनाव संचालन समिति के सदस्य पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के बलिदान दिवस के अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी के कैम्प कार्यालय ओबरी में बलिदान दिवस पर अयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात् व्यक्त किये। इन्डिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने पूर्व प्रधानमंत्री के शहादत दिवस पर अयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात् कहा कि श्री राजीव गांधी उस राजनैतिक परिवार से सम्बन्धित थे जिसकी चार पीढियो ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एवं उसके बाद देशकी सेवा की। राजीव गांधी ने अपनी मां भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी की निर्मम हत्या के बाद उसके शोक से उबरने के बाद देश में लोकसभा के चुनाव कराने का आदेश दिया और उसमें कांग्रेस पार्टी ने 508 में 401 रिकार्ड सीटो पर जीत हासिल की और प्रधानमंत्री बने।

# ओहरामऊ में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही मनरेगा योजना

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



गांव में श्रमिको को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही मनरेगा योजना विभागीय अधिकारियों की भ्रष्ट रवैए के चलते धरातल पर नही उतर पा रही है जो वास्तविक मजदूर है उनको काम नहीं मिल पा रहा है और जो काम करने नही जाते हैं मास्टर रोल पर उनकी फर्जी हाजिरी चढ़ाकर सरकारी धनराशि का बंदर बाट किया जा रहा है।

मामला विकास खंड हैदरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत ओहरामऊ ग्राम पंचायत का है यहां पर मनरेगा योजना के तहत किर्सिया मांइनर से अहिगर पुरवा गांव होते हुए ओहरामाऊ तक पटरी भराई का कार्य ग्राम प्रधान द्वारा कराया जा रहा है जिसमे आनलाइन पोर्टल के मुताबिक मंगलवार को 10 मजदूर काम करते हुए दिखाया गया है लेकिन मौके पर जाकर जायजा लिया गया तो यहां पर सिर्फ 4 मजदूर कार्य करते हुए पाए गए मौके से 6 मजदूर नादरद पाए गए।कार्यस्थल पर साइन बोर्ड भी नहीं लगाया गया था।

भाकियू नेता विधि चंद यादव ने बताया कि मुझे ग्रामीणों से सूचना मिली की ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा किया जा रहा है और मौके पर जाकर देखा गया तो यहां पर सिर्फ चार मजदूर काम करते हुए मिले बाकी मजदूर गायब थे वही मजदूरों की संख्या जानने के लिए रोजगार सेवक से बात किया तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके गोलमाल जवाब देते हुए बताया की अभी कोई काम ही नहीं हो रहा है कार्य ठप है इसके बाद जब ग्राम पंचायत सचिव से बात की गई तो उन्होंने बताया की आज ही चुनाव ड्यूटी से वापस लौटा हूं काम चल रहा है यह जानकारी मिली है लेकिन कितने मजदूर काम कर रहे हैं इसके बारे में अभी कुछ नहीं बता सकते है कुल मिलाकर दोनो के अलग अलग बया से धांधली की पोल खुल कर सामने आ गई आरोप है की ग्राम प्रधान,रोजगार सेवक सचिव ब्लाक के अधिकारी की मिलीभगत से मनरेगा में फर्जीवाड़ा किया जा रहा है जिसमे ब्लाक के उच्च अधिकारी की भूमिका भी सलिप्त होने की बात से इंकार नहीं किया जा सकता यही वजह रहती है कार्य स्थल पर आकर निरीक्षण करने की जहमत नहीं उठाई जाती है।

ब्लाक में बैठकर फाइल पास कर एम बी कर भुगतान कर दिया जाता है ।भाकियू नेता ने कहा की यदि इस मामले में पंचायत सचिव ने कोई कार्यवाही नहीं की तो इसकी शिकायत जिले के उच्च अधिकारियों से की जाएगी।

# बिजली का तार टूटकर गिरने से गाय की मौत

**लखीमपुर खीरी।** शारदानगर फीडर के गांव झमपुरवा में गांव के निकट पेंटेट सड़क किनारे घास चर रही गाय पर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गाय पर गिर गया। करंट की चपेट में आने से गाय की मौत हो गई। गांव झमपुरवा पुरवा निवासी गोलू यादव की गाय दोपहर तीन बजे के लगभग गांव के दक्षिण सडक किनारे घास चर रही थी उसी समय ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन बिजली तार टूट कर गिर गया जिससे गाय की घटनास्थल पर ही जलकर मौत हो गई । घटना के बाद ग्रामीणों ने संबंधित बिजली कर्मचारी फीडर में फोन कर तार गिरने की सूचना दी घंटो बाद तक लाइन चलती रही।

## खबरें एक नजर में

### 39 लोगों पर हुई शांति भंग की कार्रवाई

**बाराबंकी।** जनपद मे संदिग्ध व्यक्तियो,वांछित अभियुक्तो, वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान मे जनपद पुलिस द्वारा 3 वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा 39 आरोपी के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओ मे कार्यवाही की गयी।

### 307 का आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना सतरिख पुलिस द्वारा 3 वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया है।जानकारी के अनुसार थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा आज मुअसं 227/2024 धारा 307/506 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तो चन्द्रवीर,चन्दीप पुत्रगण स्व केसर बक्स,सुभाष कुमार पुत्र चन्द्रमौल निवासीगण ग्राम मोहम्मदपुर थाना सतरिख को गिरफ्तार किया गया।

### चुनाव बाद प्रेक्षक ने की स्क्रूटनी

**बाराबंकी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 53 बाराबंकी (अ. जा.) के मतदान के उपरांत सामान्य प्रेक्षक आर आर दामोर के द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग अधिकारी सत्येन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, सम्बंधित विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी व समस्त सुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी/ प्रतिनिधि/अभिकर्ता की उपस्थिति में स्क्रूटनी की गई।

### वांछित महिला अभियुक्त गिरफ्तार

**गोला गोकरननाथ खीरी।** ग्राम बेला बोझी थाना नीमगांव निवासी अंजू पत्नी श्री कृष्ण को नगर के मोहम्मदी रोड बाईपास खुटार रोड से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अंजू देवी एक आरोपी को संरक्षण देने के आरोप में मुकदमे में वांछित थी और अरसे से फरार चल रही थी। मंगलवार को उन्हें नगर की खुटार रोड से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

### टॉपर आईएएस अक्षय ने बनाया कीर्तिमान

**इटावा।** उ.प्र. के ललितपुर जनपद के जिलाधिकारी एवं अपने शैक्षिक कैरियर में सदैव टॉपर रहने वाले आईएएस अक्षय त्रिपाठी ने ललितपुर के एक गांव के बूथ में 357 वोटों को एड़ी से चोटी तक का जोर लगाते हुए तन मन और धन की बिना परवाह किये 100 प्रतिशत मतदान करवाकर नया कीर्तिमान बनाया। समाज उत्थान समिति ऐसे कर्तव्यनिष्ठ जिलाधिकारी को सम्मानित करेगी। यह बात समिति के अध्यक्ष डॉ हरीशंकर पटेल ने बताते हुए कहा कि अक्षय त्रिपाठी जनपद- इटावा में संयुक्त मजिस्ट्रेट के रूप में रहकर समाज उत्थान समिति के जनहितकारी कार्यो में जाकर हमें प्रोत्साहित करने के साथ साथ मार्गदर्शन भी करते थे। अक्षय त्रिपाठी आईएएस की उन्नति एवं दीर्घायु होने की कामना करने वालो में मुख्य रूप से समाज उत्थान समिति के संस्थापक / महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित डा हरीशंकर पटेल , डा केके सक्सेना चेयरमैन इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी, इटावा, राज्य शिक्षक पुरुष्कार से सम्मानित रमेश चन्द्र, अखिल भारतीय व्यपार मण्डल के जिलाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल एवं महामंत्री धर्मेन्द्र जैन , समाज सेवी वृजेश पोरवाल एवं समाज उत्थान समिति परिवार के सदस्य शामिल हैं।

# पीड़ित ने एसपी को दिया प्रार्थना पत्र, लगाई न्याय की गुहार

▸ पीड़ित बोला, मामला सत्ता पक्ष का होने की वजह से पुलिस ने कर दी एक तरफा कार्रवाई

**पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज।**




बीती 19 मई 2024 दिन रविवार शाम को पलिया नगर में दो पक्षों में बस में सीट को लेकर विवाद हो गया था देखते ही देखते विवाद इतना बड़ा हो गया कि दोनों पक्षों में जमकर लात घूसे चले दोनों पक्षों के लोग चोटिल भी हुए मामला सत्ता पक्ष से जुड़ा होने के चलते माहौल और भी ज्यादा गर्म हो गया। पलिया नगर के बीजेपी अध्यक्ष की अगुवाई में तमाम कार्यकर्ता पलिया थाने पहुंच गए और तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया तो वही दूसरे पक्ष का आरोप है कि उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई ना ही मुकदमा दर्ज किया गया।

इसी के चलते पीड़ित पक्ष ने मंगलवार को एसपी खीरी से मिलकर प्रार्थना पत्र दिया,पीड़ित पक्ष के मुकेश गुप्ता निवासी मोहल्ला बाजार प्रथम पलिया खीरी ने आरोप लगाते हुए बताया कि प्रार्थी का पुत्र राहुल गुप्ता अपने स्टाफ निर्मल गुप्ता के साथ बनगवां मंडी खीरी से बस द्वारा पलिया आ रहा था बस में मौजूद रवि शुक्ला पुत्र अज्ञात निवासी पलिया व उनके साथी बस में सीट को लेकर प्रार्थी के पुत्र राहुल गुप्ता व निर्मल गुप्ता से वाद विवाद कर मारपीट करने लगे,रवि शुक्ला ने फोन कर अपने सहयोगी उत्तम कुमार पुत्र अज्ञात निवासी बुद्धापूर्वा,चंद्रभान सिंह पुत्र अज्ञात निवासी मोहल्ला सुभाष नगर व भाजपा नगर अध्यक्ष पलिया उदयवीर सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी मोहल्ला किसान व कुलदीप कश्यप पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम सरखना, प्रेम गुप्ता पुत्र अज्ञात निवासी मोहल्ला रंगरेजान प्रथम कस्बा व कोतवाली पलिया व 20 से 25 अज्ञात लोगों को मोटरसाइकिल व गाड़ियों से बुलाकर सम्माननीय वैश्य धर्मशाला कस्बा पलिया के पास रोककर प्रार्थी के पुत्र राहुल गुप्ता व निर्मल गुप्ता पर जानलेवा प्रहार कर बुरी तरह पीटने लगे जिसकी सूचना मिलने पर प्रार्थी का छोटा बेटा कुणाल गुप्ता व भतीजा उज्जवल गुप्ता ने मौके पर जाकर बीच बचाव करने का प्रयास किया तभी सभी विपक्षीगणों ने उन्हें भी बुरी तरह मारा पीटा जिससे उन्हें काफी चोटें आई हैं, विपक्षीगणों ने राहुल गुप्ता की जेब में रखे दस रुपए व सोने की चैन भी छीन ली है, विपक्षी उदयवीर सिंह सत्ता पक्ष का पदाधिकारी होने की धमकी देकर कहा कि हमारी राजनीतिक पहुंच है तुम लोग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे, मौके पर पुलिस के आने से किसी तरह प्रार्थी के पुत्रों की जान बची अन्यथा गंभीर घटना घट जाती। पीड़ित द्वितीय पक्ष ने न्याय की गुहार लगाते हुए लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र एसपी खीरी को दिया है।



## युवक को खींच ले गया मगरमच्छ, हड़कंप

**लखीमपुर खीरी।** पलियाकलां की ग्राम सभा मझगई के मजरा नया पुरवा में एक व्यक्ति चैधरी पुत्र पवन निवासी नया पुरवा थाना मझगई उम्र 50 वर्ष जाति कोरी नाले पर मछ्ली पकड़ने आया था जो नया पुरवा व चैरी गांव के मध्य में शारदा नदी के किनारे है जिसे मगरमच्छ खींच ले गया है। मौके पर वन विभाग की टीम व पुलिस बल मौजूद रहें। ग्राम वासियों की मदद से ख़बर लिखने तक मृतक के शव की तलाश जारी है। ग्रामीण बताते हैं नाले पर जलकुंभी बहुत अधिक छाई हुई है इसलिए जलकुंभी को हटाकर ढूंढने में काफी परेशानी हो रही है।

# आंगनबाड़ी केंद्र का नहीं मिल रहा ग्रामीणों को लाभ

▸ आंगनबाड़ी केन्द्र के पास फैली गंदगी, झाड़ झंखड़ से बच्चे परेशान

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**



बाल विकास पुष्ठाहार विभाग द्वारा बनाये गये आंगन बाड़ी केन्द्रों का लाभ गरीब बच्चो को मिलता दिखाई नही दे रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र के पास नाला नाली चोक होने से गन्दा पानी भरा है।

केन्द्र के आस पास झाड़िया लगी है।ग्रामीण बताते हैं झाड़िया में साप बिच्छू कभी भी बच्चों के लिए मुसीबत बन सकते है। ब्लाक लखीमपुर क्षेत्र के ग्राम सिघानियां में आंगनबाड़ी केन्द्र के पास गंदगी होने से बच्चों के अभिभावक बच्चों को आंगन बाड़ी केन्द्र भेज नही रहे है। आंगन बाड़ी केन्द्र की बिल्डिग कई जगह से खराब हो गई है। वर्षो से बिल्डिग का रगरोगन तक नही किया गया है। आंगन बाड़ी के पास फैल रही गंदगी से गॉव में संक्रमण फैल रहा है। ग्रामीणों ने बाल विकास पुष्ठाहार एवं ग्राम्य विकास विभाग झाड़ झंखड़ चोक नाला नाली को साफ कराने की मांग।

# बदमाशों ने युवक को रोककर बाइक व मोबाइल लूटा

**गोला गोकरननाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

▸ पीड़ित की तहरीर पर भी पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

कोतवाली क्षेत्र की अलीगंज रोड पर कार सवार बदमाशों ने बाइक से घर लौट रहे एक युवक को रोककर उसकी बाइक और मोबाइल लूट लिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गदियाना वसलीपुर निवासी अय्याज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह 18/19 की रात एक बजे अपने मित्र अनवार पुत्र मुन्ने निवासी कुकरा की बाइक से घर लौट रहा था तभी अलीगंज रोड पर किसान भट्ठा के निकट स्कार्पियो नें पीछे से पीड़ित को ओवरटेक कर रोक लिया। तहरीर के मुताबिक दो बदमाश खाकी वर्दी और एक बदमाश सादे कपड़ों में था। उन्होंने पीड़ित को मारकर बाइक, मोबाइल और आधार कार्ड लूट लिया। बदमाशों के चले जाने पर रात में ही अय्याज ने घर जाकर परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। बदमाशों की पिटाई से उसके कान का पर्दा फट गया। उसके सुनने की क्षमता चली गई है। पीड़ित ने तहरीर देकर घटना का खुलासा कर बाइक, मोबाइल, आधार कार्ड बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### स्वास्थ्य व जांच कैंप में 300 मरीजों का हुआ परीक्षण

**इटावा।** रोडवेज़ बस स्टैण्ड पर लोटस टी एम टी मेडिकल बस कैंप लगाकर जरूरतमंद लोगों की कुशल चिकित्सकों द्वारा निशुल्क जांच के साथ दवा वितरण की गई। निशुल्क कैंप वरिष्ठ समाजसेवी रामशरण गुप्ता द्वारा लगाया गया जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों की जांच के साथ दवा दी गई डॉ. शफीकुल आलम नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ शाहवनराय डेंटिस्, डॉ हरदीक गिलानी फिजिशियन ने मरीजों का परीक्षण किया और परामर्श दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी रामशरण गुप्ता, वैश्य एकता परिषद के जिला अध्यक्ष हरिओम गुप्त, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार जैन एडवोकेट, महिला जिलाध्यक्ष मीना सिंह राजपूत ने संयुक्त रूप से कैंप की व्यवस्था की देखरेख की।

# जल सेवा कार्यक्रम संपन्न, प्यासों को पिलाया शीतल पेय जल

**मितौलीखीरी, समृद्धि न्यूज।**



भीषण गर्मी और तपिश के बीच भारत स्काउट गाइड जिलापंचायत इंटर कालेज के स्काउट और गाइड के द्वारा राहगीरों को स्वच्छ पेय जल पिलाने का पांच दिवसीय कार्यक्रम हुआ संपन्न।

कस्ता श्रीराम चौराहा निकट पुलिस पिकेट पर प्रशिक्षक एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड लक्ष्मी शंकर की देखरेख में जिला पंचायत इंटर कालेज के प्रशिक्षु स्काउट गाइड द्वारा सोलह मई से बीस मई तक पांच दिवसीय चिलचिलाती धूप व गर्मी के बीच राहगीरों को स्वच्छ व शीतल पेय जल पिलाने के कार्यक्रम में सेवा भाव से स्काउट लगे रहे और राहगीरों को बुला- बुला कर पानी पिलाया। जिला पंचायत इंटर कॉलेज कस्ता के शिवाजीदल के स्काउट्स ने सोलह मई से चल रहे जल सेवा का समापन यात्रियों को शर्बत पिलाकर किया इस अवसर पर गाइड कैप्टन मोहिनी मिश्रा ने कार्यक्रम में शामिल होकर स्काउट्स गाइडस् का उत्साह वर्धन किया और सेवा ही धर्म की विशद व्याख्या की। गाइड पलक ने स्कार्फ तथा कैप पहनाकर स्वागत किया। इस पुनीत कार्य में लगे स्काउट अंश शर्मा, अनुपम, बलराम, शशांक वर्मा, पवन कुमार, विवेक राज, यशदीप, शांतनु राज, आर्यन राज, हरि ओम, शिवा शर्मा, शिवांग शुक्ला, मानसी मिश्रा, शोभित शर्मा, सुधांशु ,शिवम, विशाल कुमार, भूतपूर्व स्काउट शिवमंगल तथा इंजीनियर अभिषेक सिंह आदि लोगों का कार्य अत्यंत सराहनीय तथा प्रशंसनीय रहा जल पिलायेगे। गुर्दा बचायेंगे तथा स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के साथ पंचदिवसीय जल सेवा शिविर का समापन किया। प्रधानाचार्य जिला पंचायत इंटर कालेज कस्ता गिरीश चंद्र ने इस कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी स्काउट गाइड तथा शिक्षकों का उत्साह वर्धन किया और निरंतर सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

# बाजार में दमकल की गाड़ी स्थाई रूप से खड़ी की जाये: जिला महामंत्री

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

भारतीय उधोग व्यापार मंडल की बैठक जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता की अध्यक्षता में शहर के एक होटल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल के संयोजन में सम्पन्न हुई।

बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर विचार कर उनका निदान कराने के लिये सभी पदाधिकारियों की एकमत राय हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुये जिला महामंत्री आकाशदीप जैन ने कहा जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी में दुकानों एवं नई मंडी आदि में आग लगने की घटना को देखते हुये बाजारो, नई मंडी एवं कस्बो में अग्निशमन विभाग दमकल की गाड़ी खड़ी करे जिससे आग लगने की घटना पर तुंरन्त काबू पाया जा सके। शहर अध्यक्ष रजत जैन ने कहा बाजार में बीच सड़क पर अनाधिकृत रूप से दो पहिया वाहन खड़े होते हैं जिससे जाम की समस्या के साथ आपात स्थित में फायर बिर्गेड एम्बुलेंस आदि गाड़ी में निकलने में काफी दिक्कत आती है प्रशासन मिड वे पार्किंग समाप्त करा कर छोटे वाहन चिन्हित स्थान पर खड़े कराये। व्यापार मण्डल ने सभी दुकानदारों से अपील की है वह अपनी दुकानों के बाहर अतिक्रमण न करे। भारतीय उधोग व्यापार मण्डल ने शहर कमेटी का विस्तार करते हुये किराना व्यापारी अंकित जैन को शहर सचिव मनोनीत करते हुये नियुक्ति पत्र प्रदान किया। बैठक में मण्डल उपाध्यक्ष डॉ सुधीर गुप्ता के भाई के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रधांजलि दी गई। बैठक में मण्डल उपाध्यक्ष मण्डल अध्यक्ष आकांक्षा गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष रीना जैन, महिला जिला महामंत्री दीपिका गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य शुभा चौहान, शहर महामंत्री सर्वेश जोशी, आशीष जैन, अत्रि दीक्षित आदि रहे।

# उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर लहराएगा बीजेपी का झंडा

**समृद्धि न्यूज**



▸ रिटायर्ड आईपीएस प्रेम प्रकाश ने ज्वाइन की बीजेपी, विपक्ष की गाड़ी डीरेल हो चुकी है : ब्रजेश

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रिटायर्ड आईपीएस प्रेम प्रकाश ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, विधायक पूरन प्रकाश, डॉ. अंकुश त्रिपाठी एवं अभिषेक कौशिक उपस्थित रहे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भाजपा परिवार में शामिल हुए प्रेम प्रकाश का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलने वाली विकास यात्रा के साथ बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे है।

उन्होंने कहा कि मोदी के संकल्प को हम सब मिलकर पूरा करेंगे। समाज के लोग भी प्रेरणा लेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा की प्रेम प्रकाश बहुजन समाज के लिए नियमित रूप से काम कर रहे हैं। उनके आने से भाजपा को अगले दो चरणों में लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा पर जनविश्वास बना हुआ है। प्रदेश में 80 की 80 सीटें भाजपा जीत रही है। पाँच चरणों में 53 सीटें भाजपा जीत चुकी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की गाड़ी डीरेल हो चुकी है। अखिलेश यादव और राहुल गांधी को उनके ही कार्यकर्ता रैली नहीं करने दे रहे हैं। उनकी रैलियों में गुंडे और अराजक तत्वों की ही भीड़ आ रही है, आम जनता का इनसे कोई सरोकार नहीं है। इनका नारा सबका साथ परिवार का ही विकास है। इनके इंडी गठबंधन में विश्व के सबसे बड़े बहुरूपिये केजरीवाल जो शराब घोटाले में आरोपित हैं। इनके घर में इनकी पार्टी की सांसद के साथ बदसलूकी होती है, उनकी पिटाई होती है। इसके बाद भी एलायंस पार्टनर्स ने एक भी आवाज नहीं उठाई। इनका इतिहास ही महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार का रहा है। श्री पाठक ने कहा कि देश में मोदी की लहर चल रही है, देश में गरीब, किसान, महिला व नौजवान की बेहतरी के लिए सरकार की प्रत्येक योजना समर्पित है।

विपक्ष हताश, निराश और बेसुध हो चुका है। प्रदेश में विपक्ष का बस्ता लगाने के लिए कार्यकर्ता नहीं मिल रहे हैं। भाजपा जनता के आशीर्वाद से चुनाव में विजयश्री पाने जा रही है। प्रेम प्रकाश ने कहा कि देश का जो कर्ज मुझ पर है, उसे उतारने का मौका मिला है।

भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो देश के लिए पूरी तरह समर्पित है। 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में भारत को स्थापित करने के मिशन में जुटी है। अब मैं भी उसका हिस्सा हूं। उन्होंने कहा कि विपक्ष झूठ बोलकर संविधान बदलने और आरक्षण छीनने का फेक नैरेटिव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ही है जिसने संविधान को बदलकर इमरजेंसी लगाई थी। आरक्षण से खिलवाड़ भी कांग्रेस ने किया है। भाजपा ही ऐसा दल है जो संविधान का सम्मान करती है। गरीब कल्याण के लिए काम करने वाली पार्टी है। बाबा साहेब आम्बेडकर के सिद्धांतों पर काम करने वाला दल है।

# 33वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस मुख्यालय पर पूर्व पीएम राजीव गांधी को किया याद

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने आज पार्टी मुख्यालय पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि के मौके पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, सतीश अजमानी ने स्व0 राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा पूर्वक याद किया।

इस अवसर पर दिनेश सिंह ने कहा कि देश की एकता अखंडता के लिए शहादत देने वाले राजीव गांधी ने अपनी दूरदर्शी सोच और आधुनिक भारत निर्माण के दृढ़ संकल्प के दम पर भारत को वैश्विक स्तर पर एक मजबूत लोकतांत्रिक देश के रूप में पहचान दिलाई है।

सामाजिक न्याय की परिकल्पना को स्थापित करने के लिए पंचायती राज कानून को कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए राजीव गांधी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। औद्योगिक विकास एवं कम्प्यूटर क्षेत्र में उनके द्वारा लाई गई क्रांति का ही नतीजा है कि आज वैश्विक स्तर पर भारतीय कम्प्यूटर दक्ष युवाओं का डंका पूरे विश्व में बज रहा है।

## खबरें एक नजर में

### लापता पेंटर का प्लॉट में मिला शव, हत्या की आशंका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीजीआई थाना अंतर्गत बजरंग मार्बल के पास मंगलवार सुबह तीन दिनों से लापता चल रहे पेंटर सुनील राजपूत (30) का शव एक प्लॉट में पड़ा मिला। उसे मृत अवस्था में देख राहगीरों और स्थानीय लोगों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद परिजनों को जानकारी दी। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने हत्या का शव को प्लॉट में फेंके जाने की आशंका जताई है। पुलिस ने मृतक की जेब से सिरिंज बरामद कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी कैंट पंकज सिंह के मुताबिक, शीतल खेड़ा गांव निवासी पेंटर सुनील राजपूत पत्नी सुनीता बेटे रौनक के साथ संयुक्त परिवार में रहता था। शनिवार सुबह करीब 11 बजे वह काम पर जाने की बात कहकर पड़ोसी अर्जुन और राहुल के साथ घर से निकला था। इसके बाद से वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी हर जगह खोजबीन की। किसी अनहोनी की आंशका के मद्देनजर सोमवार को पीजीआई थाने में पति की गुमशुदगी दर्ज कराई गई। भाई विजय उर्फछोटू ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली कि बजरंग मार्बल के पास एक प्लॉट में उनका भाई मृत अवस्था में पड़ा है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि परिजनों ने शव की शिनाख्त पेंटर सुनील राजपूत के रूप में की। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की निष्पक्ष जांच कर आगे की कार्रवाई करेगी।

### हटाए गए पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,71,52,603 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 1,05,87,822 तथा निजी स्थानों से 65,64,781 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 12,03,923, पोस्टर के 47,91,995, बैनर के 29,28,949 एवं अन्य 16,62,955 मामलों में कार्यवाही की गयी। वालराइटिंग के 9,34,737, पोस्टर के 30,45,529 बैनर के 16,58,821 एवं अन्य 9,25,694 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 146 एफआईआर दर्ज, 07 एनसीआर सहित 153 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने पकड़ी अवैध शराब, नकदी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 20 मई तक कुल 42982.53 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3440.63 लाख रुपये नकद, 5459.13 लाख की शराब, 23564.68 लाखकी ड्रग, 2294.24 लाख की बहुमूल्य धातुएं, 5413.50 लाख के मुफ्त उपहार एवं 2810.36 लाख की अन्य सामग्री जब्त हुई । आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 20 मई को 62.63 लाख की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त की गई। इसमें 3.73 लाख रुपये नकद, 28.99 लाख की 10967.76 लीटर शराब, 21.38 लाख की 23606.62 ग्राम ड्रग, 8.24 लाख के 7633 मुफ्त उपहार एवं 0.29 लाख की 288 अन्य सामग्री जब्त की गयी। 20 मई को प्रमुख जब्ती में लखनऊ की लखनऊ उत्तर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 15.90 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 5300 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

### निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से हो रहा अनुपालन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 20 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4765 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये।

### डबल इंजन सरकार विकास का द्योतक : शर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मऊ की माटी के लाल और विकास पुरुष के रूप में चर्चित लोकप्रिय-जनप्रिय व जननायक प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने गृह जनपद मऊ में ताबड़तोड़ जनचौपाल और जनसभायें कर चुनावी बिगुल फूंक दिया है। श्री शर्मा ने मऊ के कमालपुर, कोलौरा और जैगवा में जनचौपाल को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी फिर से एक बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं, इसमें कोई शंका नहीं रह गई है। देश में मोदी हुए प्रदेश में योगी की डबल इंजन सरकार ही विकास का द्योतक है। हवा के विरुद्ध न चलते हुए और सही राजनैतिक निर्णय लेकर देश को उन्नति और समृद्धि के राह पर अग्रसर करने में अपना वोट रुपी सहयोग मोदी को देना है और घोषी लोकसभा से गठबंधन प्रत्याशी डॉ. अरविन्द राजभर के चुनाव चिन्ह छड़ी पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाना है जिससे विपक्षी दलों द्वारा फैलाये जा रहे भ्रम से आपके भविष्य के विकास पर ग्रहण लगने से बचाया जा सके।

#### सीएम योगी ने डुमरियागंज में जगदंबिका पाल के लिए की जनसभा, कहा

# सपा व माफिया का चोली-दामन का संबंध

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ।** सपा व कांग्रेस पर हमलावर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह लोग आतंकियों के आका और माफिया के सरपरस्त हैं। हर अपराधी व माफिया 2017 के पहले जनता का खून चूसता था, वसूली करता था, बेटी की सुरक्षा पर खतरा था। माफिया को उल्टा टांगने और राम नाम सत्य की यात्रा निकलने पर सपा को पीड़ा होती है। हमें माफिया के सहयोगी-सरपस्त, आतंकियों के आकाओं को सत्ता पर काबिज नहीं होने देना है। सपा व कांग्रेस के गठबंधन के कारण अनर्थ होता है। जब केंद्र में कांग्रेस व प्रदेश में सपा सरकार थी तो अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि, काशी में संकट मोचन, अयोध्या, लखनऊ व वाराणसी की कचहरियों पर आतंकी हमला हुआ था।

मुख्यमंत्री बनते ही अखिलेश यादव ने आतंकियों पर दायर मुकदमों को वापस लेने का कार्य किया था। तब न्यायालय ने कहा था कि आतंकी छूटेंगे नहीं, सरकार को शर्म आनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में डुमरियागंज से सांसद व लोकसभा प्रत्याशी जगदंबिका पाल के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। जनता जानती है कि सपा और माफिया का चोली-दामन का संबंध है। दोनों को अलग करके देखा नहीं जा सकता। प्रदेश का हर माफिया सपा से संबंध रखता है। सपा की संवेदना समाज के बेटी-व्यापारी की सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि माफिया के साथ है। माफिया के प्रति इनकी संवेदना को देखते हुए जनता ने इन्हें 2014, 2017, 2019, 2022 में इन्हें खारिज कर दिया। अबकी बार-400 पार के नारे को सुनकर सपा चारों खाने चित हो रही है। सपा 63 सीट पर चुनाव लड़ रही। इन सभी सीटों पर इनकी जमानत जब्त हो रही है, इसलिए दो लड़कों सपा व कांग्रेस का इंडी गठबंधन षडयंत्र व गुमराह कर झूठ-अफवाह फैला रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस माफिया को गोरखपुर, संतकबीर नगर की जनता ने भगाया है, उसे महात्मा बुद्ध की धरती सिद्धार्थनगर में नहीं पनपने देगी। माफिया पनपेंगे तो गरीबों की संपत्ति पर कब्जा करेंगे। डुमरियागंज व कपिलवस्तु में मैं आंदोलन करता था, तब आपको न्याय मिलता था। फिर ऐसी नौबत न आने दें। यह माफिया केवल स्वार्थ के हैं। यह किसी की जमीन कब्जा कर बंदूक की नोक पर लिखवाने का कार्य करेंगे। यद्यपि इन माफिया का हम जीना हराम कर देंगे, लेकिन फिर भी यह माफिया आएंगे तो गुंडागर्दी का प्रयास करेंगे।

### सपा व कांग्रेस के अंदर घुसी औरंगजेब की आत्मा

**लखनऊ/बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन सत्ता हासिल करने के लिए तरह-तरह का गुल खिला रहा है। इनके कारनामे जनता से छिपे नहीं हैं। यह देश से गरीबी हटाने के लिए हमारे पूर्वजों की संपत्ति का सर्वे कराने की बात कह रहे हैं। ऐसे में इनसे हमें सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि यह देश से गरीबी तो नहीं हटाएंगे बल्कि संपत्ति का सर्वे कराकर विरासत टैक्स जरूर लगाएंगे। इनका यह विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। उसने यह कर हिंदुओं के धर्मांतरण करने के लिए लगाया था। इसे हम कतई स्वीकार नहीं कर सकते। यह आपकी संपत्ति को बांग्लादेश, पाकिस्तान समेत अन्य देशों से आए मुसलमान घुसपैठियों को बांटने का काम करेंगे, लेकिन भारतीय जनता पार्टी उनके मंसूबों को पूरा नहीं होने देगी। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गयी है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा के श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कही है। उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्रा और गैसड़ी विधानसभा के उपचुनाव के प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू के पक्ष में वोट की अपील की। सपा और कांग्रेस गठबंधन के लोग राम विरोधी, देश विरोधी और गरीब विरोधी हैं। यह अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के लोगों के हक पर सेंधमारी का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। उनके द्वारा जो षड्यंत्र होने जा रहा है, उसके प्रति हम सभी को आगाह रहने की जरूरत है। यह देश हमारा है, हमे ही देश के विकास के लिये फैसला लेना होगा।

# वातावरण हमारे अनुकूल, हम जीतेंगे सभी सीटें : धर्मपाल

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ।** बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय में गोरखपुर लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक में विजय का मंत्र दिया। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ प्रबंधन और पन्ना प्रमुखों की मजबूत संरचना से प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि हर घर पर दस्तक देकर अवश्य मतदान और भाजपा के लिए मतदान के लिए जनजागरण अभियान चलाना है। यह सुनिश्चित करना है कि परिवार पर्ची, वोटर पर्ची तथा मोदी का पत्र प्रत्येक परिवार तक पहुंचे। हमारा लक्ष्य विकसित भारत का है, जिसके लिए अबकी बार 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करके मजबूत सरकार बनाने के लिए अथक परिश्रम करना है। मतदान पूर्ण होने तक मजबूती से बूथ पर डटे रहना है और हर बूथ पर पिछले चुनाव से 370 अधिक वोटों को भाजपा से जोड़ना है। बूथ की विजय की रणनीति के तहत पन्ना प्रमुखों सहित बूथ की टीम को प्रत्येक व्यक्ति तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की योजनाओं व निर्णय को पहुंचाने का काम करना है। वातावरण हमारे अनुकूल है और हम प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे है। भाजपा का परिश्रमी कार्यकर्ता प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम है।प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण के साथ ही देश के सभी सांस्कृतिक व आध्यात्मिक केन्द्रों के विकास से राष्ट्र का स्वाभिमान जागृत हुआ है। देश की सामरिक शक्ति बढ़ने से देश के दुश्मनो को करारा जबाव भी दिया जा रहा है और आतंकवाद का खात्मा भी हुआ है।

# उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन जीत रहा है 80 की 80 सीटें : अखिलेश यादव

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ/भदोही।** भदोही लोकसभा में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। मंगलवार को भदोही पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा की यूपी की अस्सी की अस्सी सीट इंडी गठबंधन जीत रही है। भाजपा 140 पर सिमट रही है। उन्होंने बताया कि इंडी गठबंधन से ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने भदोही से अपना उम्मीदवार उतारा है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला और कहा कि काशी को जापान का क्योटो शहर जैसा बनाने का सपना दिखाने वाले सपने की क्योटो सीट भी हारने जा रहे हैं। कहा कि 10 साल तक देश की जनता को धोखा देने वाली भाजपा सिर्फ 140 सीटों पर सिमटने जा रही है। अखिलेश यादव यह बताने से भी नहीं चुके कि भाजपा के लोग तो बड़े-बड़े उद्योगपतियों के अरबों के कर्ज माफ कर दिए। भदोही के लोगों को जो बड़ा संकेत दिया वह यह है कि सपा के समर्थन से भदोही में चुनाव लड़ने वाले टीएमसी के नेता ललितेशपति त्रिपाठी का ईवीएम मशीन पर सातवां नंबर है। कहा कि सात फेरों के बाद रिश्ता पक्का हो जाता है। इसका सीधा अर्थ यही निकाला गया कि अब ललितेश पति त्रिपाठी भविष्य में भी अखिलेश का चहेता बने रहेंगे।

जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह सामान्य चुनाव नहीं बल्कि लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। महंगाई पर सरकार को निशाने पर लिया। लगे हाथ यह भी कहा कि वैक्सीन के जरिए लोगों की जान खतरे में डाल दिया गया है। उन्होंने पेपर लीक प्रकरण से बेरोजगारों की दुखती रग को भी छेड़ा और सत्ता में आने पर 30 लाख लोगों को नौकरी देने का वादा किया। अग्नि वीर योजना को सदा के लिए समाप्त करने की घोषणा करते हुए फौज में पक्की नौकरी देने का भरोसा दिया। उन्होंने भदोही के लिए बड़ी बात यह कहीं की गठबंधन सरकार बनने भदोही के कालीन उद्योग को अधिक बजट देकर विकास किया जाएगा। भदोही पहुंचे सपा प्रमुख उमड़े जन सैलाब को देखकर गदगद हो गए। उनके साथ मंच पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे गठबंधन प्रत्याशी अजय राय भी थे। अन्य नेताओं में सपा के पूर्व सांसद रामरति बिन्द, पूर्व सांसद रमेश दुबे, टीएमसी की राज्यसभा सदस्य सुष्मिता देवी, सपा के प्रदेश सचिव मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी के अलावा हड़िया के सपा विधायक हकीमचंद बिन्द, प्रतापपुर की सपा विधायक बिज्मा यादव आदि लोग मंच पर मौजूद रहे।




**रमा बाई रैली स्थल पर स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम की सुरक्षा में तैनात पैरामिलेट्री फोर्स के जवान।**

### खनन माफिया ने बिना रायल्टी कराए किसान के खेत से किया अवैध मिट्टी खनन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के हुलासखेड़ा गांव में बैखोफखनन माफिया ने अपने गुर्गो के साथ मिलकर बीते सोमवार की देर रात किसान के खेत में जेसीबी मशीन व डम्फरो को लगाकर अवैध रूप से मिट्टी खनन किया। ग्रामीणो का आरोप है दबंग किस्म के खनन माफिया ने किसान से समझौता पत्र साइन कराकरा बिना सरकारी परमिशन कराये आधा दर्जन से अधिक डम्फरो व जेसीबी मशीन की मदद से अवैध खनन शुरू कर दिया। मगंलवार की सुबह बिना परमिशन अवैध खनन होने का सजग ग्रामीणो ने सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल किया तो आनन-फानन खनन करा रहे माफिया के गुर्गे जेसीबी व डम्फरो को लेकर मौके से भाग निकले। वही अवैध खनन के पूरे मामले में कार्यवाही की बजाय स्थानीय तहसील प्रशासन व पुलिस ने चुप्पी साध ली ओर अवैध खनन ना होने की बात कहकर पल्ला झांड लिया। जब कि ग्रामीणो की माने तो हुलासखेड़ा चौकी से महज दौ सौ मीटर दूरी पर स्थित किसान के खेत में बिना परमिशन अवैध खनन सोमवार की देर रात से लेकर मगंलवार की सुबह तक चलता रहा ओर पुलिस चौकी के सामने से मिट्टी लदे डम्फर गुजरते रहे ओर वो चुप्पी साधे बैठी रही।

# कांग्रेस भ्रष्टाचार की अम्मा तो सपा माफियाओं की फैक्ट्री : केशव मौर्य

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ/प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की अम्मा है तो सपा गुंडों व माफियाओं की फैक्ट्री है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अब समाप्तवादी पार्टी बन गई है। क्योंकि कन्नौज में अखिलेश और रायबरेली में राहुल गांधी चुनाव हार चुके हैं। पप्पू व गप्पू की विदायी हो गयी है।

केशव प्रसाद मौर्य ने परेड ग्राउण्ड में भारी भीड़ को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज माफिया आईसीयू में पड़े हैं। इन्हें मौका मिला तो एक नहीं कई अतीक व अंसारी पैदा हो जायेंगे। ये किसी की बहन व बेटी को नहीं छोड़ते। पहले बंदूक की नोक पर गुंडे जो चाहते थे, करते थे। कहा जाता है कि जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा। उस समय दुकान व मकान पर कब्जा होते थे,रंगदारी वसूली होती थी। आज सारे विरोधी एक हो गये हैं। पहले फर्जी मुकदमा में फंसाकर निर्दोष लोगों पर कार्यवाही होती थी, आज ऐसा नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि पांच चरणों का चुनाव हो गया है। जिसमें हम 300 का आंकड़ा पार कर गये हैं। अब पुनः सरकार बनी तो गरीबों के लिए तीन करोड़ आवास फिर बनाये जायेंगे। जिनको आवास नहीं मिला है, उन्हें दिये जायेंगे।इंडी गठबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में राहुल गांधी एवं अखिलेश यादव नहीं पहुंचे थे। उन्हें राम मंदिर जाना स्वीकार नहीं।

**संगोष्ठी** | राज्यपाल ने आयुर्वेदिक औषधि स्वर्णप्राशन के औषधीय महत्व पर चिकित्सकों की संगोष्ठी में कहा

# मानक अनुरुप आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माण में यूपी आए आगे

**समृद्धि न्यूज**




**लखनऊ ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में आयुर्वेदिक औषधि स्वर्णप्राशन के औषधीय महत्व पर एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सकों की संयुक्त संगोष्ठी सम्पन्न हुई। इस अवसर पर राज्यपाल ने संगोष्ठी में हुई चर्चाओं को आई ओपनर कहा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का औषधीय ज्ञान बहुमूल्य है। आयुर्वेदिक औषधियों के स्टैण्डर्ड निर्माण में उत्तर प्रदेश के नेतृत्व के लिए आगे आए।

राज्यपाल जी ने संगोष्ठी में आयुर्वेद और एलोपैथिक चिकित्सकों द्वारा दिए गए प्रस्तुतिकरण में स्वर्णप्रशान औषधि के प्रयोग और प्रभाव पर हुई केस स्टडीज को देखते हुए कहा कि इसमें प्रभावी कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जी भी आयुर्वेदिक औषधीयों और इसके परम्परागत ज्ञान को महत्वपूर्ण मानते हैं। इस दिशा में प्रदेश में कार्य को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दवा निर्माण के लिए विश्वविद्यालयों में शोध किए जाएं। अलग-अलग शोध कार्यो की सूची बनाएं और उनसे विश्वविद्यालयों को जोड़ा जाए। कोई एक विश्वविद्यालय या विभाग ये कार्य नहीं कर सकता। इसमें चिकित्सा के सभी विभाग और विश्वविद्यालय जोड़े जाएं। कार्य और शोध विषयों की रूपरेखा बनाकर शीघ्र कार्य प्रारम्भ किए जाएं। संगोष्ठी में राज्यपाल के समक्ष आज राजभवन में आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. अभय नारायण तिवारी ने आयुर्वेदिक औषधि 'स्वर्णप्राशन' के स्वास्थ्यवर्द्धक प्रभावों, भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के बहुमूल्य स्वास्थ्य सम्बन्धी ज्ञान को लेकर प्रस्तुति दी तथा इसके अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक प्रचार-प्रसार और सम्वर्द्धन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए डॉ. सोनिया नित्यानंद कुलपति के.जी.एम.यू. ने कहा कि 'स्वर्णप्राशन' निश्चित रूप से आयुर्वेद की एक प्रभावी औषधि है, लेकिन इसके सर्वमान्य उपयोग से पूर्व मानक और मात्रा का निर्धारण तथा इसके दुष्प्रभावों को जानना भी जरूरी है। उन्होंने इस पर पर्याप्त शोध और दवा के अंतर्राष्ट्रीय निर्धारण के नियमों पर चर्चा की। संगोष्ठी में प्रो. एम.एल.बी. भटट्, कुलपति एच.एन. बी. मेडिकल विश्वविद्यालय देहरादून, डॉ0 संजीव मिश्रा कुलपति अटल बिहारी बाजपेई, डॉ. सी.एम. सिंह निदेशक आर.एम.एल., प्रो. शालीन कुमार एस.जी.पी.जी.आई., डॉ. पी.सी. सक्सेना निदेशक आयुर्वेद सेवाएं उ0प्र0 ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा तथा प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आयुष श्रीमती लीना जौहरी ने दवा नियंत्रण तथा दवाओं पर आगामी शोध, फण्ड व्यवस्था आदि पर जानकारी दी। संगोष्ठी में अपर मुख्य सचिव, राज्यपाल, डॉ सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ0 पंकज एल. जानी तथा अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### चिकित्सकों ने कुपोषित बच्चों के रक्त में किए गए शोध के सकारात्मक प्रभावों के बारे में दी जानकारी

संगोष्ठी में डॉ. विकास अग्रवाल प्रो. क्लीनिकल इम्योनोलॉजी विभाग, एस.जी.पी.जी.आई. ने स्वर्णप्राशन से कुपोषित बच्चों के रक्त में किए गए शोध के सकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इससे बच्चों के रक्त में बीमारी से लड़ने वाले प्रोटीन की मात्रा कई गुना बढ़ जाती है। डॉ. गौरव पाण्डेय एस.जी.पी.जी.आई. ने बताया कि गोल्ड थेरेपी हेपेटिक पार्किन्सन में बेहद लाभदायक पाई गई है। उन्होंने 11 मरीजों पर किए गए अध्ययन साझा किए और बताया कि लिवर सिरोसिस में इन्फेक्शन से क्षमता बढ़ी है।

# चुनाव ड्यूटी से लौट रहे शिक्षक की सड़क हादसे में मौत





गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

जिले में सोमवार की देर रात चुनाव ड्यूटी से वापस अपने घर लौट रहे एक शिक्षक की बाइक बालपुर पेट्रोल पंप के निकट सोमवार की रात नीलगाय से टकरा गई। इस हादसे में बाइक पर बैठे शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दूसरा शिक्षक जख्मी हो गया। पीछे से आ रहे दूसरे शिक्षकों ने घायल शिक्षक को अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक शिक्षक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मिली जानकारी के मुताबिक इटावा जिले के साबितगंज के रहने वाले राजकुमार जाटव (37) पुत्र हरि बाबू परसपुर ब्लाक के कंपोजिट स्कूल नंदौर रेती में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। वह परसपुर में किराए के मकान में रहते थे। लोकसभा चुनाव में राजकुमार जाटव की ड्यूटी मनकापुर विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा बक्सर आज्ञाराम में प्रथम मतदान अधिकारी के तौर पर लगाई गई थी। सोमवार की शाम को मतदान प्रक्रिया खत्म होने के बाद वह ईवीएम व वीवीपैट मशीन जमा करने के लिए, नवीन गल्ला मंडी गए थे। शिक्षकों के साथ हुई दुर्घटना की जानकारी मिलते ही प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी व परसपुर ब्लाक अध्यक्ष इंद्रप्रताप सिंह मौके पर पहुँचे और घटना पर शोक प्रकट किया। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इस हादसे से बेसिक शिक्षा विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है?

### अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे राजकुमार

इटावा जिले के साबितगंज के रहने वाले राजकुमार जाटव अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। वह परसपुर ब्लाक के कंपोजिट स्कूल नंदौर रेती में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। पांच महीने पहले ही राजकुमार का विवाह हुआ था लेकिन इस हादसे ने उनका पूरा परिवार उजाड़ दिया।

### प्राथमिक शिक्षक संघ ने जताया शोक

इस भीषण सड़क हादसे पर प्राथमिक शिक्षक संघ ने शोक जताया है? और परसपुर ब्लाक के अध्यक्ष इंद्र प्रताप सिंह ने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से दिवंगत शिक्षक के आश्रितों को सहायता की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव ड्यूटी से लौटते वक्त यह हादसा हुआ है। ऐसे में प्रशासन को चुनाव ड्यूटी के दौरान मिलने वाली सहायता दिवंगत के परिजनों को दी जानी चाहिए।

# सत्ता पक्ष के विधायक पर बूथ कैप्चरिंग का आरोप

**पीड़ित ने दी तहरीर, सत्ता पक्ष के दबाव में पुलिस मौन**

कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र कर्नलगंज के ग्राम पंचायत अहिरौरा में मतदान के दौरान एक बूथ पर बीजेपी विधायक व उनके सहयोगियों द्वारा मतदान केन्द्र में घुसकर अनाधिकृत रूप से फर्जी तरीके से मतदान करने को लेकर सपा समर्थकों से मारपीट हो गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दिया है। घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अहिरौरा से जुड़ी है। यहां के निवासी राजकुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह समाजवादी पार्टी के कर्नलगंज विधानसभा अध्यक्ष है। अपने मतदान केन्द्र अहिरौरा पर मतदान करने गये थे,वहीं से निकल रहे थे तभी सामने से विधायक प्रतीक भूषण सिंह, जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र प्रताप सिंह, सकरौरा निवासी अशोक सिंह, करूवा निवासी अनूप गोस्वामी मतदान केन्द्र पर आये। मतदान केन्द्र में घुसकर पहले तो अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दिया कि चुप रहो नहीं तो अच्छा नहीं होगा। आरोप है कि प्रतीक भूषण सिंह मतदान केन्द्र में घुसकर जबरदस्ती वोट डालने के लिये अपने लोगों से कहा और गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए वहां मौजूद लोगों को भगा दिया। जब उन्होंने विरोध किया तो विधायक ने अपने गनर का असलहा छीनकर उसके बट से उसे मारने लगे। इतने में विधायक के साथ मौजूद लोग उसके जेब में रखा 1500 रु. निकाल लिए और कपड़ा फाड़ते हुए उसे सामूहिक रूप से मारने लगे। उसने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इस हमले में उनके होंठ व आँख के पास चोटें आई हैं। प्रतीक भूषण व उनके साथियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दिया है। वहीं पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि राजकुमार सिंह के कपड़े फाड़कर मारा पीटा गया है। इस घटना को लेकर उन्होंने कैसरगंज के प्रेक्षक जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य उच्चाधिकारियों को फोन के द्वारा इसकी सूचना दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन या तो सुरक्षा दे या फिर मुकदमा दर्ज कराए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायन सिंह से जानकारी करने हेतु दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

# मंदिर प्रांगण से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़



तहसील क्षेत्र के विकास खंड हलधरमऊ अन्तर्गत ग्राम सोनवारधाम स्थित श्री बालाजी मंदिर में 21 मई से श्री कनकधारा महालक्ष्मी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन आयोजन किया गया है। मंगलवार 21 मई को मंदिर प्रांगण से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो नगर कर्नलगंज के चौक घंटाघर से नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सरयू तट पहुंची। कलश यात्रा में मंदिर के महंत बृजमोहन पाण्डेय व महंत सुनील पुरी जी महाराज,महंत अभिषेक गिरी, विनोद पाण्डेय, बबलू पाण्डेय, गोपाल जी कुशवाहा, संतोष तिवारी, बालमुकुंद तिवारी, मनी चंद्र बाबा, अनूप पटवा, कृपाराम मिश्रा,मुकेश मिश्रा,लाल बाबू मिश्रा,अतुल शुक्ला,मोहित मिश्रा, रणविजय शुक्ला,शिवम पांडे,राहुल तिवारी,छोटू पांडे, बड़कऊ शुक्ला, हरीश शुक्ला, रंजीत शुक्ला, राम प्रकाश तिवारी, दिनेश शुक्ला, विपिन शुक्ला, प्रधान रघुनाथ प्रसाद पांडे सहित समस्त कार्यकर्ता एवं भक्तगण मौजूद रहे।

# जिला सूचना अधिकारी की मनमानी से नहीं मिला पत्रकारों को वाहन

**स्वीप कार्यक्रम में करोड़ों खर्च करने के बाद भी नहीं दिखा मतदाताओं में जोश**

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।




गोंडा जिले में ऐसा पहली बार हुआ है जब सामान्य लोकसभा निर्वाचन कवरेज के लिए पत्रकारों को विभाग के द्वारा वाहन न दिया गया हो जानकारी के लिए बताते चलें इससे पहले जो भी सूचना अधिकारी हुआ करते थे वह जिलाधिकारी से पत्रकारों के लिए वाहन की मांग करते थे और जिलाधिकारी के द्वारा वाहन उपलब्ध कराया जाता था।

इससे पहले चुनाव में पांच गाड़ियां सूचना अधिकारी के द्वारा मांगी गई थी और पत्रकारों ने उसी से चुनाव का कवरेज किया था किंतु 2024 के लोकसभा निर्वाचन में पत्रकारों को वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया अब इसमें प्रशासन की मंशा थी या जिला सूचना अधिकारी की मंशा थी यह कहना तो मुश्किल है किंतु ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जब वाहन नहीं दिया जाएगा तो पत्रकार घर में बैठेगा कवरेज करने नहीं जाएगा तो जिला प्रशासन की कोई भी कमी या बेसी बाहर नहीं आएगी किंतु प्रशासन की यह सोच शायद अच्छी नहीं है क्योंकि ऐसा पहली बार हुआ है जब पत्रकारों को कवरेज के लिए वाहन न दिया गया हो ऐसे में पत्रकारों ने आपस में कंट्रीब्यूशन करके वाहन उपलब्ध कराया और कैसरगंज व गोंडा लोकसभा का दौरा किया इसी से यह पता चला कि जिला प्रशासन ने स्वीप कार्यक्रम को लेकर बहुत ही नाच गाना किया करोड़ों रुपया खर्च करने के बाद भी मतदान प्रतिशत नहीं बढ़ा पोलिंग बूथ पर दोपहर में ही सन्नाटा हो गया मतदाताओं में कोई भी मतदान को लेकर हर्ष की लहर देखने को नहीं मिली यहां यदि यह कहा जाए की करोड़ों खर्च करने के बाद भी स्वीप कार्यक्रम का कोई लाभ मतदान में दिखाई नहीं दिया जिले में जगह-जगह स्वीप वल बनाए गए जगह-जगह स्वीप कार्यक्रम के तहत नाच गाने किए गए किंतु कहीं भी इसका असर दिखाई नहीं दिया चाहे वह कैसरगंज हो या गोंडा लोकसभा हो ,हो सकता है।

इन्हीं सब बातों को लेकर के पत्रकारों को वाहन न दिय गया हों इस बारे में जिला सूचना अधिकारी ही कुछ बता सकते हैं लेकिन जो भी हुआ यह अच्छा नहीं हुआ और प्रशासन के इस हरकत की पत्रकार समाज कल्याण समिति एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन घोर निंदा करता है।

# पिकअप ने सड़क पार कर रहे शिक्षक को मारी ठोकर, मौत

**मृतक के बेटे ने पिकअप चालक के विरुद्ध दर्ज करायी रिपोर्ट**

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

जिले के गोण्डा-लखनऊ राजमार्ग पर मंगलवार की सुबह एक तेज रफ्तार पिकअप ने सड़क पार कर रहे शिक्षक को टक्कर मार दिया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायल शिक्षक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। शिक्षक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। मामले में मृतक के बेटे ने पिकअप चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मिली जानकारी के मुताबिक गोण्डा नगर कोतवाली क्षेत्र के पोर्टरगंज पथवलिया के रहने वाले भूपति मणि शुक्ल (38) माधवपुरम बड़गांव स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ आचार्य के पद पर कार्यरत थे। जो राजापुर मोड़ के समीप अपने नए घर पर परिवार सहित रहते थे। मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे वह अपने पुराने घर की तरफ जा रहे थे कि एक तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हे ठोकर मार दी। पिकअप की ठोकर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए? परिजनों ने उन्हे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा है? मामले में मृतक के बेटे सर्वेश मणि शुक्ल ने पिकअप चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर राजेश सिंह ने बताया कि पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है चालक की तलाश की जा रही है।


**आचार्य के आकस्मिक निधन पर शोक की लहर**

माधवपुरम बड़गांव स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ आचार्य भूपति मणि शुक्ल के आकस्मिक निधन की सूचना से विद्यालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। विद्यालय परिवार ने आचार्य के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया है।

# दो ट्रकों की हुई भिड़ंत में दोनों चालक घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के कोतवाली देहात और रामगांव थाना क्षेत्र की सीमा पर सोमवार रात को दो ट्रकों की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें दोनों ट्रक के चालक घायल हुए हैं। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। संतकबीरनगर जिले के थाना दुधारा अंतर्गत दुधारा गांव निवासी फूलचंद्र पुत्र राम अवध ट्रक चालक हैं। वह आगरा से लकड़ी का प्लाई लेकर बहराइच में आए थे। सामान उतारने के बाद सोमवार शाम को वापस जा रहे थे। जबकि दरगाह थाना क्षेत्र के छावनी बाजार निवासी असगर खां पुत्र अकबर अली बिसवां से चीनी लेकर बहराइच आ रहे थे। कोतवाली देहात क्षेत्र के नानपारा बाईपास मार्ग पर चका गांव के पास दोनों की आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों चालक घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय वाहन चोर गैंग का खुलासा, दो गिरफ्तार



बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

कोतवाली नानपारा और एसओजी की टीम ने अंतरराष्ट्रीय वाहन चोर गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन चोरी की बोलेरो, एक बाइक और अल्टीनेटर बरामद किया है।

बरामद वाहन को सीज कर चोरों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने नानपारा और मोतीपुर क्षेत्र में हो रही वाहन चोरी के खुलासे के लिए एसओजी और थाने की पुलिस को लगाया था। एसपी ने बताया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय की देखरेख में कोतवाल आरके सिंह और एसओजी प्रभारी अनुज कुमार त्रिपाठी की टीम ने कोतवाली नानपारा क्षेत्र के कुर्मिनपुरवा बाईपास मार्ग पर एक बोलेरो वाहन बरामद की। वाहन चोरी की मिली।

सभी चोरी के वाहन का नंबर बदलने के साथ उसे पेंट कर नेपाल बिक्री के लिए ले जा रहे थे। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों से दो अन्य चोरी के बोलेरो वाहन बरामद किया। दोनों बोलेरो वाहन मोतीपुर थाना क्षेत्र के मिहीपुरवा स्थित सोनू उर्फ धर्मेंद्र की दुकान से बरामद किया।

इसके अलावा एक बाइक और एक चोरी की अल्टीनेटर बरामद की। बरामद वाहनों को पुलिस ने सीज कर दिया। कोतवाल ने बताया कि पकड़े गए चोरों की पहचान मोतीपुर थाना क्षेत्र के तमोलिनपुरवा गांव निवासी धर्मेंद्र उर्फ सोनू पुत्र राम निवास, कोतवाली मूर्तिहा के ग्राम चुरवा निवासी संजय पुत्र गंगा विशुन के रूप में हुई है। सभी जिले में वाहनों की चोरी कर नेपाल में बिक्री करते थे। सभी के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। टीम में उप निरीक्षक नितिन उपाध्याय, एसआई पूर्णेश नारायन पांडेय, दीपक सिंह, आनंद, आदर्श भट्ट समेत अन्य शामिल रहे।



# प्रशासन के आदर्श मतदान केंद्र को मात दे गया फरेन्दा शुक्ल मतदान केंद्रः मुकेश शुक्ल

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** जिला प्रशासन द्वारा जहां कुछ जगहों पर मतदान केन्द्र को आदर्श केंद्र के रूप में सजाया,लेकिन उससे भी वेहतरीन मतदान केंद्र फरेन्दा शुक्ल में समाजसेवी मुकेश शुक्ल ने सजाया,जिसे देख सबकी निगाहें ठहर गई,यहां पर मतदाताओं के लिए गर्मी से बचने के लिए टेंट छाया की व्यवस्था की गई थी और जलपान सहित अन्य व्यवस्थाएं रही,समाजसेवी मुकेश शुक्ल ने बताया की मतदाताओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो जिसको ध्यान में रखते हुए,मेरे द्वारा सारी व्यवस्था की गई थी,मेरा मानना था,की पहले मतदान फिर मीठा खिलाकर जलपान कराया जाता था।

# बारिश में खुली विकास की पोल, सड़क बनी तालाब

बहराइच समृद्धि न्यूज़

बहराइच नेपालगंज मार्ग के निकट बसे मटेरा चौराहे के लोगों ने नालियों को पाट दिया है। जिसका परिणाम है कि सोमवार शाम को आधे घंटे की बारिश में सड़क तालाब में तब्दील हो गया। ग्राम पंचायत के सफाई व्यवस्था की पोल थोड़ी सी बारिश ने खोल दी है। नानपारा तहसील क्षेत्र में बहराइच नेपालगंज मार्ग के निकट मटेरा चौराहा बसा हुआ है। यहां पर पुलिस चौकी के साथ अन्य प्राइवेट कार्यालय संचालित है। लेकिन चौराहे के लोगों ने अपने सामने की नालियों को पूरी तरह से पाट दिया है। जिसके चलते जल निकासी नहीं हो पा रही है। इसका असर सोमवार को आधे घंटे के लिए हुई बारिश में पड़ा। बारिश के चलते पानी सड़क पर ही भर गया। मटेरा से असवा मार्ग पूरी तरह से तालाब में तब्दील हो गया। लोगों को बारिश के पानी के बीच से आवागमन करना पड़ा। थोड़ी देर हुई बारिश ने सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष कुश शुक्ला, रमेश कुमार और नीरज ने नालियों की सफाई करवाने और कब्जा हटवाने की मांग की है। जिससे कि आने वाले समय मे अधिक समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# शीतू बनी मिस फ्रेशर व शुभम बने मिस्टर फ्रेशर

**रंगारंग प्रोग्राम पुराने व नए विद्यार्थियों में एक दूसरे को समझने में सहायक होते हैं आस्था शुक्ला**

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।



बहराइच - सीतापुर हाईवे मार्ग के सबलापुर स्थित डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। सीनियर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं कर जूनियर छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। मुख्य अतिथि को फाउंडर माया शुक्ला व मैनेजर आस्था शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। फ्रेशर कार्यक्रम में शीतू शुक्ला को मिस फ्रेशर व शुभम श्रीवास्तव को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। मुख्य अतिथि ने मिस फ्रेशर शीतू शुक्ला व मिस्टर फ्रेशर शुभम श्रीवास्तव को ताज पहनाकर सम्मानित किया।

संचालन तृप्ति कौशल व वैशाली रस्तोगी ने की। प्रतियोगिता में वंदना शर्मा, प्रज्ञा सिंह समेत अन्य छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। को फाउंडर माया शुक्ला व मैनेजर आस्था शुक्ला ने छात्र - छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे में रंगारंग प्रोग्राम पुराने व नए विद्यार्थियों में एक दूसरे को समझने में सहायक होते हैं। इस मौके पर उप प्राचार्य सुदेश शर्मा,डॉ. संतोष कुमार मिश्र, प्रतिज्ञा पाठक, गौरव पांडेय, कृष्ण गोपाल, आंचल सिंह,फरहत खान,सुनीधी शुक्ल, महेंद्र शुक्ल, जगदंबा शुक्ल, देवनारायण शुक्ल आदि मौजूद रहें।

# अस्पताल में नहीं मिले डॉक्टर महिला ने तड़पकर तोड़ा दम

**दामाद के घर से वापस जाते समय वाहन की टक्कर में घायल हुई थी महिला**

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

दामाद के घर से वापस गांव जा रही महिला को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में घायल महिला को आसपास के लोगों ने 10 किलोमीटर की दूरी तय कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गायघाट ले गए लेकिन यहां कोई स्टाफ ही नहीं मिला। पीएचसी द्वार पर ही तड़प कर महिला ने दम तोड़ दिया।मोतीपुर थाना क्षेत्र के बगहा पुरैना गांव निवासी लखपता देवी (60) पत्नी हीरालाल लोधी अपने दामाद मोतीलाल के यहां गई थी। सोमवार सुबह नौ बजे महिला को अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोग घायल पड़ी महिला को 10 किलोमीटर की दूरी तय कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गायघाट ले गए। यहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में न डॉक्टर मिले और न ही स्टाफ नर्स। घायल महिला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर घायल अवस्था में तड़पती रही और कुछ देर में ही उसकी मौत हो गई। इलाज के अभाव में महिला की मौत पर लोग सवाल उठा रहे हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में सीएमओ डॉ राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सूचना मिली है। जांच करवाकर कार्यवाई की जायेगी।

# नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर दिया धरना

**15 मई को हुआ भीम आर्मी के सदस्य पर जानलेवा हमला**

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।



जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भीम आर्मी के सदस्यों के साथ मारपीट करने के साथ जानलेवा हमला किया गया। लेकिन केस दर्ज होने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो रही है।

जिसके विरोध में मंगलवार को भीम आर्मी के सदस्यों ने अंबेडकर पार्क में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।हुजूरपुर थाना क्षेत्र के भूपानी गांव निवासी संदीप गौतम के ऊपर 15 मई को जानलेवा हमला किया गया था। जिसमें पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया था। लेकिन केस दर्ज होने के बाद भी अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।जिसके विरोध में मंगलवार को भीम आर्मी बहराइच टीम ने अम्बेडकर पार्क में बड़ी संख्या में एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन किया। सभी का कहना है कि हुजूरपुर के अलावा जिले के बौडी, फखरपुर, विशेश्वरगंज, हरदी थाना क्षेत्र में भी दलितों के साथ अत्याचार हुआ। जिसमें केस दर्ज होने के बाद भी इन सभी की गिरफ्तारी नहीं हो रही है। जिसके चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। भीम आर्मी जिला संयोजक का कहना है कि जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर मंडल सह संयोजक नरेंद्र कुमार भानु, राम चन्द भाष्कर, डीपी हंश, राधेश्याम, भीम कुमार, रामू आर्य समेत अन्य शामिल रहे। पुलिस भी सुरक्षा के लिए मौजूद रही।

# कांग्रेस कार्यालय पर मनी राजीव गांधी की पुण्यतिथि

इटावा, समृद्धि न्यूज़।



कांग्रेस कार्यालय पर आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा को माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए।

पुष्प अर्पित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा कि युवा सोच वाले राजीव गांधी को 21वीं सदी के भारत का निर्माता कहा जाता है राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव रखने की दिशा में काम किया उन्हें सूचना तकनीकी और दूर संचार क्रांति का जनक भी कहा जाता है उन्होंने 18 वर्ष की उम्र में युवाओं को मताधिकार देकर उन्हें देश के प्रति जिम्मेदार तथा सशक्त बनाने की पहल की। पंचायती राज से जुड़ी संस्थाएं मजबूती से विकास कार्य कर सकें इस सोच के साथ राजीव जी ने देश में पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त किया गांव के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके इस सोच के साथ उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय की नींव रखी तथा उनकी सरकार में देश में उच्च शिक्षा व्यवस्था का आधुनिकरण और विस्तार हुआ।

# लू व रैबीज से बचाव के लिए नौनिहाल को किया जागरूक

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।




पूर्व माध्यमिक विद्यालय काजीपुरा बहराइच में आरोग्य भारती अवध प्रांत बहराइच के सहयोग से छात्रों को गर्मी के मौसम में लू से बचाव तथा जानवरों के काटने से होने वाले रेबीज से बचाव और रोक थाम के विषय में बच्चों और अध्यापकों को जानकारी दी गई।

एसीएमओ डॉ संतोष राणा ने बताया तापमान बढ़ने के साथ ही जिले में मौसम का मिजाज पूरी तरह गरम है। सुबह निकलने वाली सूरज की किरणें दस बजे से ही आग उगलने लगती हैं। ऐसे में लू जोखिम जानलेवा हो सकता है। एसीएमओ ने बताया घर या कार्य स्थल पर सीधे सूर्य की रोशनी को रोकने के लिए यथा संभव पर्दा आदि का प्रबंध करना बेहतर तरीका हो सकता है। पालतू जानवरों को छायादार स्थान पर रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें 7 इस मौसम में प्यास न लगे तो भी कुछ समय अंतराल पर पानी पीते रहें। छांछ, ओआरएस का घोल, या घर बने पेय पदार्थ जैसे - लस्सी, नीबू पानी ,आम का पना आदि का सेवन करें। डिस्ट्रिक्ट एपिडेमियोलोजिस्ट डॉ निर्मेष श्रीवास्तव ने बताया कि और धूप में खाली पेट घर से बाहर न निकलें। अत्यधिक प्रोटीन युक्त भोजन व बासी भोजन का सेवन न करें। शराब, चाय, कॉफी, कार्बोहाइड्रेड , सॉफ्ट ड्रिंक आदि का अधिक सेवन न करें तथा बंद व अत्यधिक गर्मी वाले स्थान पर भोजन न पकाएं। कार्यक्रम में पैथोलॉजिस्ट डॉ राहुल मोहन, तृप्ति श्रीवास्तव, विवेक कुमार पांडेय व प्रधानाचार्य प्रिया सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**लू के लक्षण-** सिरदर्द , बुखार, गरम लाल सुखी त्वचा, घबराहट , चक्कर आना,सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना,मतली या उल्टी, अत्यधिक पसीना आना,बेहोशी आना,नब्ज असामान्य होना, शरीर में ऐंठन होना, लू का प्राथमिक उपचार, व्यक्ति को छायादार स्थान पर लिटाएँ, व्यक्ति के कपड़े ढीले कर दें,पेय पदार्थ पानी व कच्चे आम का पना पिलाएँ, तापमान घटाने के लिए ठंडे पानी की पट्टी रखें, तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएँ।

**जानवर काटने पर लगवाएं एन्टी रैबीज का टीका :** एसीएमओ डॉ राणा ने बताया कि कुत्ता, बंदर, बिल्ली या अन्य स्तनधारी जानवरों के काटने से रैबीज होने का खतरा रहता है। इससे बचने के लिए जानवर काटने वाले दिन ही एन्टी रैबीज का टीका लगवाना चाहिए।

डॉ निर्मेष ने बताया जानवर काटने के तुरंत बाद घाव को साबुन और पानी से अच्छी तरह 15 मिनट तक धुलना चाहिए। इस दौरान यदि थोड़ा खून बह रहा है तो इसकी चिंता न करें। घाव धुलने के बाद उसी दिन एन्टी रैबीज का पहला टीका अवश्य लगवाएं । ऐसा करने से शत प्रतिशत रैबीज से बचा जा सकता है।

# आपसी कलह से महिला ने लगाई फांसी

## विवाह के 3 साल बाद ही ससुराल छोड़कर अपने माता-पिता के साथ रहती थी मृतका



बछरावां,रायबरेली। समृद्धि न्यूज

मामला रायबरेली जिले के बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेहगो को पश्चिम गांव का है,जहां पर शादीशुदा युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के मुताबिक मृतका का विवाह 5 वर्ष पूर्व ग्राम गौरा थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ के निवासी संदीप के साथ हुआ था लेकिन विवाह के 3 साल बाद ही मृतका अपने ससुराल वालों को छोड़कर अपने माता-पिता के साथ रहने लगी थी। सूत्रों की माने तो मृतका शिवलली अपने घर पर अकेले थी और उसके माता-पिता खेत पर गए थे जिस दौरान मृतका ने फांसी लगा ली।

मामले की जानकारी मिलने पर थाना बछरावां की पुलिस टीम मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका शिवलली का 5 वर्ष पूर्व गौरा थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ के निवासी से संदीप से विवाह हुआ था , लेकिन विवाह के 3 साल बाद ही ससुराल में आपसी कलह और विवाद के कारण वह अपने मायके बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेहगो पश्चिम गांव में अपने माता-पिता के साथ रहने लगी थी। जानकारी के मुताबिक संबंध विच्छेद होने के बावजूद भी उसके पति का उसके पास फोन आता रहता था और वह बार-बार घर वापसी की बात करता था लेकिन मृतका व उसके परिजन दोबारा वहां भेजना को तैयार नहीं थे। मौके पर थाना बछरावां पुलिस की टीम ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**खीरो,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के खंडेपुर गांव के पास मंगलवार को ईट भट्ठे में मजदूरी करने वाले 22 वर्षी युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में नहर की पटरी मैं बबुल के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता शव मिला ।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शाहजहांपुर जनपद के खुदागंज थाना क्षेत्र के गईले गांव के रहने वाले खुशीराम अपने परिवार के साथ रायबरेली जनपद के खीरो थाना क्षेत्र के खीरों कस्बे के पास स्थित बाबा विक्र फील्ड में ईट पथांई का काम करते हैं सोमवार की देर रात करीब 8:00 बजे उनका 22 वर्षी पुत्र दीपक फोन में बात करते हुए कहीं चला गया था पिता द्वारा काफी खोजबीन की गई पर उसका कहीं पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह करीब 7:00 जब ग्रामीण खेतों तरफ गए तो नहर की पटरी में बबूल के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता युवक का शव देखा। तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना करो पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस घटना के बाद पिता खुशीराम मां रम्बे बाई, भाई सुनील, बहन अंजलि, अनीता,सची, रुचि और पूनम सभी का रो रो कर बुरा हाल है इस संबंध में जब खीरों थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदोरिया से बात की गई तो बताया की सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

▶ प्रेम प्रसंग को लेकर भाई ने लगाई थी फटकार

खीरों,रायबरेली। समृद्धि न्यूज

रायबरेली में प्रेम प्रसंग के चलते बहन को संदिग्ध हालत में मिलने पर भाई ने फटकार लगाई तो 15 वर्षीय किशोरी ने घर में आकर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई है।

आपको बता दे कि मंगलवार को रायबरेली जनपद के खीरों थाना क्षेत्र के निहस्था में एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक को भाई ने संदिग्ध हालत में बहन के साथ देख लिया भाई के देखते ही युवक वहां से फरार हो गया जिससे भाई ने बहन को फटकार लगाई तो 15 वर्षीय किशोरी ने घर में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु भेज दिया। और घटना की जांच पड़ताल में जुड़ गई है मृतका के भाई ने बताया कि आरोपी समेत तीन लोगों के खिलाफ शिकायती पत्र खीरों थाने में दिया गया है और जांच कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# दबंगों ने की लाठी-डंडों से पीटकर युवक की हत्या

▶ बाजार से वापस लौट रहा था युवक पिता की तहरीर पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

भदोखर,रायबरेली। समृद्धि न्यूज

राही भदोखर थाना क्षेत्र के जफरपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार 25 वर्ष पुत्र पुत्ती लाल जफरपुर बाजार से शाम लगभग 6 बजे घर वापस जा रहा था। तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे लगभग आधा दर्जन दबंग अपराधियों ने युवक पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। पीड़ित युवक बचाव के लिए चिखता चिल्लाता रहा।

लेकिन दबंग अपराधियों ने लाठी डंडों से मार मार कर पीड़ित युवक की हत्या कर दी। मृतक के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मृतक के पिता ने ताहिर देते हुए बताया कि सोमवार की शाम लगभग 6 बजे प्रदीप कुमार बाजार से घर वापस आ रहा था । तभी रास्ते में गांव के ही आधा दर्जन दबंग अपराधियों ने युवक पर हमला बोल दिया। दबंगो की दहशत इतनी की



आसपास के स्थानीय व राह गिरों ने भी युवक को बचाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। पोलिंगबूथ से वापस आ रही पुलिस की गाड़ी को देखकर हमलावर मौके से फरार हो गए। भाग रहे हमलावरों को पकडने की जहमत उठाना पुलिस ने जरूरी नहीं समझा। घटना की जानकारी होते ही परिजन भी घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। मृत अवस्था में पड़े युवक को देखते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने आनन-फानन युवक को जिला अस्पताल पहुंचा। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चिख पुकार के साथ गांव में सन्नाटा पसर गया। ग्रामीणों की मानें तो पुलिस अपराधियों को बचाने का कुचक्र रच रही है। थाना प्रभारी शिवा कांत पांडे ने बताया कि पिता की तहरीर पर अर्जुन, धर्मराज, हरि किशन, दयाशंकर पुत्र रामकुमार, नागेंद्र पुत्र राम किशोर सहित दो लोगों को अज्ञात में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करते हुए आरोपियों की तलाश कर रही है।

# राहुल ने हताश होकर कराया मैनुपुर गाँव में चुनाव बहिष्कार: दिनेश सिंह



रायबरेली। समृद्धि न्यूज

मैनुपुर गाँव में चुनाव का बहिष्कार राहुल गांधी की हताशा का परिणाम था। राहुल गांधी ने समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर बायकाट का प्रायोजित कार्यक्रम करवाया। यह बात भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। दिनेश प्रताप सिंह ने दावा किया कि मैनुपुर में जो सड़क का बायकाट हुआ वह सड़क ऑलरेडी बना रही है। वहां पर गिट्टी गिरी है। नालियां बना रहे हैं अप्रोच बन रहा है। कांग्रेस व सपा के कुछ कार्यकर्ता द्वारा मैनेज करके यह कार्यक्रम कराया गया। किसी भी तरह जब राहुल गांधी मेहनत परिश्रम करके रायबरेली का वोट नहीं पा सकते तो कुछ तिकड़म किया जाए। लेकिन यह सफल नहीं होगा। राहुल गांधी अपने आप को इतना बड़ा नेता कहते हैं। इतनी छोटी हरकत करके एक गांव में बॉयकॉट कराकर वोट लेना चाहते हैं। अगर दम है तो 53 साल में रायबरेली को तुमने क्या दिया इसके सहारे वोट मांगो। दिनेश सिंह ने कहा कि रायबरेली के पहले सांसद उनके दादा थे। इनका नाम राहुल गांधी व प्रियंका गांधी ने लेना उचित नहीं समझा। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी सोनिया गांधी का नाम लिया लेकिन रायबरेली के पहले सांसद फिरोज का नाम इन्होंने नहीं लिया। जिसके नाम से वोट नहीं मिलता राहुल उसको दादा मान ने से इनकार कर देते हैं। रायबरेली की जनता कैसे भरोसा करेगी। जो अपने दादा का नहीं हो सकता वह रायबरेली का कैसे हो सकते हो। इसलिए रायबरेली आपको वापस कर रही है।

### रायबरेली का बेटा रायबरेली में ही रहकर सेवा करेगा

प्रियंका गांधी पर कटाक्ष करते हुए दिनेश सिंह ने कहा कि लोग प्रियंका गांधी के भरोसे चुनाव लड़ने आए थे प्रियंका गांधी यहां से बिस्तर समेट के भाग चुकी हैं। रायबरेली में रोड शो के लिए परमिशन लिया। पैसा लेकर के यहां के श्रमिकों के घरों में गए। एक-एक हजार रुपए मिलेंगे कहा गया लेकिन कोई प्रियंका गांधी के रोड शो में जाने को तैयार नहीं हुआ। प्रियंका गांधी को अपना रोड शो करके कुछ औपचारिकता करके रायबरेली को छोड़ना पड़ा। सोनिया गांधी ने रायबरेली को छोड़ा, प्रियंका ने छोड़ा अब 4 जून को राहुल गांधी भी छोड़ कर चले जाएंगे। रायबरेली का बेटा रायबरेली में ही रहकर सेवा करेगा।

### दिनेश प्रताप सिंह ने जनता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया

दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली की जनता का मतदान करने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पांचो विधानसभा क्षेत्र में जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के मतदाता व कार्यकर्ताओं ने इतिहास रचा वैसा कभी नही हुआ। कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास का नतीजा है कि जो लोग वोट मांगने नहीं आते थे वो चुनाव के दिन गांव की गलियों में घूमते दिखाई दिए। जबकि वायनाड में भी वह नहीं दिखाई दिए। अमेठी में घूमते दिखाई दिए थे। अगर पोलिंग के दिन गांव गली में घूम रहे हैं तो उनके यहां से जाना तय है।

▶ रायबरेली के पहले सांसद उनके दादा थे

# क्रिकेट की ऊंचाइयों पर पहुंचने को बेताब स्वप्निल सिंह



रायबरेली। समृद्धि न्यूज

▶ महज 14 वर्ष की आयु में रणजी खिलाड़ी के तौर पर वडोदरा टीम का बने थे हिस्सा

इरादे बुलंद हो तो हर मंजिल आसान हो जाती है। कुछ ऐसा ही स्वप्निल सिंह ने कर दिखाया। कड़ी मेहनत के दम पर क्रिकेट जगत का सितारा बनकर उभरे स्वप्निल सिंह ने जिले के युवाओं को एक राह दिखाई है। वर्तमान में आईपीएल में आरसीबी की ओर से खेल रहे स्वप्निल लगातार अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित कर रहे हैं। उनकी सफलता से परिजन और खेल प्रेमी बेहद खुश हैं। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के मूल निवासी स्वप्निल सिंह क्रिकेट में अपना भाग्य तलाशने वर्ष 2001 में वडोदरा गए। महज 14 वर्ष की आयु में ही भारतीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे कम उम्र के रणजी खिलाड़ी के तौर पर वडोदरा टीम का हिस्सा बन गए।

स्वप्निल ने 76 प्रथम श्रेणी मैचों में 181 विकेट लेने के साथ ही 2728 रन बनाए। 2008 के आईपीएल में स्वप्निल को मुंबई इंडियंस ने लिया। 2016 में किंग्स इलेवन पंजाब और पिछले वर्ष के आईपीएल में लखनऊ की टीम में शामिल हुए। इस दौरान स्वप्निल को खास मौका नहीं मिला।

**कड़ी मेहनत और अच्छे प्रदर्शन से प्रभावित कर आरसीबी टीम का बने हिस्सा :** वर्ष 2018-19 में भारत के टॉप तीन आलराउंडर में नाम होने और मैचों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद स्वप्निल को वडोदरा की रणजी टीम से बाहर कर दिया गया। इसके बावजूद स्वप्निल निराश नहीं हुए। लगातार कठित मेहनत करते रहे। नतीजतन उन्हें मौका मिला और आरसीबी टीम के कोच एंडी फ्लावर ने कैम्प का हिस्सा बना लिया। बाद में स्वप्निल के प्रदर्शन से इतने प्रभावित हुए कि आरसीबी की टीम में ले लिया।

### सही साबित हुआ कोच एंडी फ्लावर का भरोसा

कोच एंडी फ्लावर से एक मौका देने और उनपर भरोसा करने को सही साबित किया। स्वप्निल ने 2024 आईपीएल के छह मैचों में छह विकेट लिए, जिनमें कुछ मैचों के पहले ओवर में ही इन्होंने विकेट चटकाए। साथ ही छक्के-चौकों की मदद से टीम के लिए रन भी बटोरे। वर्ष 2007-08 में भारत की अंडर- 19 टीम में इन्होंने विराट कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर चुके। वर्तमान में आईपीएल मैच में आरसीबी की टीम में उनके साथ हैं। लालूपुर चौहान गांव में खुशी लहरआरसीबी से खेल रहे स्वप्निल के गांव लालूपुर चौहान गांव में खुशी की लहर है। हर किसी को उम्मीद है कि इस बार स्वप्निल बेहतर प्रदर्शन करेंगे। साथ ही आरसीबी आईपीएल चैपिंयन जरूर बनेगा। पिता कमलेश सिंह, मामा आशुतोष प्रताप सिंह, सूरज शुक्ला, आशीष सिंह, सत्येंद्र प्रताप सिंह आदि ने खुशी जताई है।

# मोबाइल चला रहे युवक की छत से गिरकर मौत



रायबरेली। समृद्धि न्यूज

छत पर मोबाइल चला रहे एक युवक का संतुलन बिगड़ने से वह अचानक नीचे गिर गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल एडमिट किया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना शहर कोतवाली थाना अंतर्गत सत्य नगर स्थित काली मंदिर के पास की है।

मृतक के परिजनों के मुताबिक यहां किराए पर कमरा लेकर रह रहे गोरेलाल पुत्र राम लखन छत पर चढ़कर मोबाइल चला रहा था। तभी वह अनियंत्रित होकर छत से गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजनों ने एंबुलेंस के माध्यम से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया यहां भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा था। मंगलवार को गोरेलाल की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में जब कोतवाली पुलिस से जानकारी ली गई तो पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना का मुख्य कारण पता चल पाएगा। अगर किसी के खिलाफ कोई शिकायती पत्र प्राप्त हुआ तो कार्यवाही की जाएगी। जिला अस्पताल के डॉक्टर एसके सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल में घायल अवस्था में एक व्यक्ति को इलाज के लिए सोमवार की रात को लाया गया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### मार्ग दुर्घटना में पांच घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में जनपद फिरोजाबाद निवासी मीना (30) पत्नी सतीश, जनपद कासगंज के थाना अमापुर के गांव रानामऊ निवासी शिवनारायण (30) व उनकी पुत्री अंशिका (10), क्षेत्र के गांव गऊटोला निवासी मनोज (18) व कम्पिल निवासी धनदेवी (50) घायल हो गए। घायलों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद मीना, मनोज व अंशिका को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# फ्लोर मील में कर्मचारी की मौत पर हुआ हंगामा

▶ परिजनों ने पुलिस से मामले की जांच करने की मांग की

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

मिल एरिया थाना क्षेत्र में स्थित एक फ्लोर मील में काम करने वाले एक कर्मचारी की सन्दिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से हंगामा मच गया।

परिजनों ने पुलिस से मामले की जांच करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार कान्हा फ्लोर मिल में संदिग्ध हालत में 45 साल के रंग बहादुर कर्मचारी की मौत हो गई। इस मामले में परिजनों ने मील मालिक पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजन राजेश बहादुर सिंह का कहना है कि फोन करके हम लोगों को सूचना दी गई की कमरे में राम बहादुर मृत पड़े हुए हैं।



हम लोगों ने कहा कि मौके पर पहुंच रहे हैं तब तक डेड बॉडी को हटाया न जाए। लेकिन हम लोग जब पहुंचे तो डेड बॉडी जिला अस्पताल के मर्चरी में रख दी गई थी। जब हम लोगों ने देखा तो रंग बहादुर के शरीर पर चोट के निशान थे।

परिजनों का शक है कि उनकी हत्या की गई है। परिजनों की मांग है कि मील मालिक पर कार्यवाही की जाए और घटना की सही जांच की जाए। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह पता चल पाएगी।

# आमने-सामने से मोटरसाइकिल की हुई टक्कर, दो घायल

डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

▶ दोनों भाई गंभीर रूप से घायल, स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया

मोटरसाइकिलों की आमने-सामने से हुई जोरदार टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया गया जहां पर हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा घायलों को जिला चिकित्सालय भेज दिया गया

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के डलमऊ रायबरेली मार्ग पर कटघर गांव के पास आमने-सामने से आ रही दो मोटरसाइकिलों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें रायबरेली की ओर से आ रहे पारस मित्र मिश्रा पुत्र शिवकुमार मिश्र निवासी पड़री गणेशपुर एवं कटघर निवासी अजय कुमार पुत्र रामचंद्र की मोटरसाइकिल आमने-सामने से टकरा गई। जिसमें दोनों भाई सवार गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया जहां पर घायलों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**महराजगंज,रायबरेली।** महराजगंज कस्बा स्थित सुपर ढाबा से रात लगभग 12 बजे के आसपास भोजन कर वापस आते समय चंदापुर चौराहा पर तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोगों ने आनन-फ़ानन नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल महेश पुत्र भगत मोन निवासी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### अनियंत्रित होकर स्कूटी सवार युवती गिरी, घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर अपने घर से बछरावा आ रही एक स्कूटी सवार युवती अनियंत्रित होकर हाईवे पर गिरी, गंभीर रूप से हुई घायल जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की सविता पुत्री रामफेर उम्र तकरीबन 30 वर्ष निवासी गुमान खेड़ा मजरे कुंदनगंज थाना बछरावां अपनी स्कूटी से मंगलवार सुबह 10:00 बजे के आसपास बछरावां आ रही थी, तभी रास्ते में उनकी स्कूटी अनियंत्रित हो गई, जिससे वह हाईवे पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में सूचना पर पहुंचे परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात प्रभारी चिकित्सक गणनायक पांडे ने उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।



## मंदिर के द्वितीय वार्षिकोत्सव पर हुआ भंडारा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के शास्त्री नगर द्वितीय स्थित त्रिदेव सूरज मंदिर के द्वितीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर सुंदरकांड व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बाबा के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को त्रिदेव सूरज मंदिर पर सुबह से ही पूजा अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया। दोपहर 12 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। जिसमें वहां मौजूद सभी भक्तों ने एक साथ सुंदरकांड का पाठ किया। जिसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर माथा टेंका और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पवन तनय बल पवन समाना, बुद्धि विवेक विज्ञान निधाना के स्वर गूंजते रहे। भंडारे की व्यवस्था पुष्पेंद्र सिंह, विपिन सोनी पुजारी मनु, देव, राजीव फौजी, अनुराग, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, टक्कि आदि ने व्यवस्था संभाली।

# सीएचसी शमसाबाद में अवव्यवस्थाओं के साथ फैला भ्रष्टाचार

▶ आशायें प्रसव के बाद तीमारदारों से डॉक्टर व नर्स के नाम पर वसूलती हैं रुपये

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

सरकार गरीबों को निःशुल्क उपचार मुहैया कराने के लिए करोड़ों रुपया खर्च कर रही है, लेकिन स्थानीय तौर पर देखा जाये तो खाऊ-कमाऊ नीति के चलते खुलेआम प्रसुताओं से प्रसव के बाद उनके परिजनों से सुविधा शुक्ल वसूला जा रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम रमापुर जसू निवासी सत्यभान की पत्नी किरन को सीएचसी शमसाबाद लाया गया। जहां पर किरन ने एक प्यारी सी गुड़िया को रात में



जानकारी देती पीड़िता

लगभग 1 बजे जन्म दिया। उसके बाद गांव की आशा बिंदावती ने सुबह 500 रुपए डाक्टर नर्स को देने के नाम से मांगे गए। उसके बार-बार मांगने पर सत्यभान की बहन ने आशा बिंदावती को 500 रुपये दे दिए। साथ मे आए परिवार के सदस्य ने बताया कि ऐसे न जाने कितने गरीब मजबूर लाचार परिवार से आते होंगे। उनके साथ ऐसा ही होता होगा। किसी न किसी के नाम से रूपये लेने का सिलसिला जारी है। वहीं एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 500 रुपए लेकर 1 हजार व पन्द्रह सौ रुपए कुछ नहीं यहां इमरजेंसी वार्ड में मरीज से 100 रुपये तक सेवा शुक्ल के नाम पर ले लिये जाते है। ऐसा नहीं इन सब मामलों की कई बार कुछ पीड़ित ने संबंधित अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन कहावत ढांक के तीन पाक जैसी साबित हुई। विभागीय अधिकारी जांच की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते है। जिसके चलते उगाही करने वाले लोगों के हौसले बुलंद है।

## ऐसे क्लीनिक है जो नर्सिंग होम की तरह चल रहे हैं

**शमशाबाद।** क्षेत्र में ऐसे कई क्लीनिक है। जिनमें बैड इस तरह पड़े मिलेंगे जैसे किसी सरकारी डाक्टर द्वारा संचालित किया जा रहा हो। छोटा-मोटा अस्पताल इसमें कुछ आशा बहुओं का बड़ा योगदान बताया जा रहा है। सीएचसी शमसाबाद की मेहरबानी कहें या इस समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों का संरक्षण। जिसके चलते प्राइवेट क्लीनिक फल फूल रहे है। मिली जानकारी के अनुसार डी-फार्मा प्रैक्टिस करने वालों को अभी तक प्रमाण पत्र नहीं दिए गए। लगभग एक वर्ष हो गया है। इसके बाद के भी लोग डी-फार्मा प्रैक्टिस कर चुके है। आखिर इन पर विभाग इतना मेहरबान क्यो है। सीएचसी अधीक्षक सरवर इकबाल पर कई दवाईयों पर धन उगाही करने का आरोप लगता रहा है। डी-फार्मा प्रैक्टिस करने वाले युवक पूरी दबंगई पर उतर आये है और दवा का वितरण बिना पर्चे के करते देखे गये है और बिना परचित के मरीजों को पर्चा बनवाने व कई बहाने बताकर यह लोग परेशान करते है। अब इन सब कमियों की तो जांच जिला स्तर के विभागीय अधिकारी कर कार्यवाही कर करनी चाहिए, लेकिन कहावत चोर-चोर मौसेरे भाई। कौन किसके खिलाफ लिखे। क्योंकि वह जानते है यदि हमने सख्ती की तो कहीं ऐसा न हो कि वह हमारी ही पोल खोल दे।

## चुनाव आयोग की साख का सवाल

18वीं लोकसभा के लिए हो रहे आम चुनावों के बीच कलकत्ता हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग पर एक सख्त टिप्पणी की है। भाजपा के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की शिकायत पर समय रहते हुए कार्रवाई न करने को लेकर हाईकोर्ट के जस्टिस सब्यसाची भट्टाचार्य ने कहा है कि यह अदालत आश्चर्यचकित है कि चुनाव खत्म होने के बाद शिकायतों का समाधान तय समय में करने में भारत का चुनाव आयोग विफल हुआ है। यह अदालत निषेधाज्ञा आदेश (स्टे) पारित करने के लिए बाध्य है। गौरतलब है कि भाजपा ने बंगाल के कुछ क्षेत्रीय समाचार पत्रों में विज्ञापन दिया था, जिनमें एक में तृणमूल कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी और दूसरे में सनातन विरोधी कहा गया था। टीएमसी ने इस पर चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करते हुए कहा था कि ये विज्ञापन अपमानजनक, झूठे थे और मतदाताओं से धार्मिक आधार पर वोट करने की अपील करते थे। भाजपा के आपत्तिजनक विज्ञापनों को लेकर टीएमसी ने 4 मई को केंद्रीय चुनाव आयोग से शिकायत की थी। लेकिन जब चुनाव आयोग से समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई तो फिर टीएमसी इस मामले को लेकर अदालत में गई, जहां आदेश में कोर्ट ने कहा कि साइलेंस पीरियड (चुनाव से एक दिन पहले और मतदान के दिन) के दौरान भाजपा के विज्ञापन आदर्श आचार संहिता और टीएमसी के अधिकारों और नागरिकों के निष्पक्ष चुनाव के अधिकार का भी उल्लंघन है। अदालत ने आदेश जारी करते हुए कहा- टीएमसी के खिलाफ लगाए गए आरोप और प्रकाशन पूरी तरह से अपमानजनक हैं और निश्चित रूप से इसका उद्देश्य प्रतिद्वंद्वियों का अपमान करना और व्यक्तिगत हमले करना है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और बेदाग चुनाव प्रक्रिया के लिए, भाजपा को अगले आदेश तक ऐसे विज्ञापन प्रकाशित करने से रोका जाना चाहिए। आश्चर्य की बात है कि स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराने का दायित्व चुनाव आयोग का है, लेकिन उसकी निष्क्रिता के कारण अदालत को यह बीड़ा भी उठाना पड़ रहा है। टीएमसी का मामला जब अदालत में चला गया, तब जाकर चुनाव आयोग ने शनिवार 18 मई को सक्रिय हुआ। इसके बाद पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को उनकी पार्टी द्वारा कथित तौर पर टीएमसी को निशाना बनाने वाले विज्ञापनों पर दो अलग-अलग कारण बताओ नोटिस जारी किए। आयोग ने भाजपा नेता को मंगलवार शाम 5 बजे तक अपना जवाब देने को कहा है। हालांकि अब इस कार्रवाई का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। इस पूरे प्रकरण से चुनाव आयोग की किरकिरी तो हुई ही है, लेकिन लोकतांत्रिक चुनावों को लेकर चिंताएं भी बढ़ गई हैं। इस पूरे चुनाव में शुरु से अब तक कई बार चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर सवाल उठे हैं। हाल ही में उत्तरप्रदेश से एक प्रकरण सामने आया है, जिसमें एक लड़का ईवीएम पर आठ बार वोट देता नजर आ रहा है और सारे वोट भाजपा के लिए। यह वीडियो जब वायरल हुआ और विपक्ष के नेताओं ने इस पर कड़ी प्रतिक्रियाएं देते हुए चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए, तब जाकर आयोग की ओर से कार्रवाई की पहल की गई। इसी तरह गुजरात से दाहोद का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें भाजपा नेता के बेटे ने बूथ में जाकर ईवीएम को अपने कब्जे में ले लिया था और इस दुस्साहस को सोशल मीडिया पर प्रचारित भी किया था।

# अर्थव्यवस्था में भारत का रुपया क्या डॉलर का स्थान लेगा!

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



**अभी भारत में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है, देश के आम नागरिक अपने लिए सरकार का चुनाव कर रहे हैं। ऐसे समय में सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रमुख नेताओं के साक्षात्कार लगातार मीडिया में आ रहे हैं, जिसमें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इंटरव्यू सबसे ज्यादा मीडिया में देखे जा रहे हैं, इनमें पूछे गए प्रश्नों में जब भी भारत की विदेश नीति का जिक्र हुआ है, तो प्रधानमंत्री मोदी यह साफ कहते हुए देखे-सुने जा सकते हैं कि भारत अपनी नीति स्वयं तय करता है, वह आज किसी भी विदेशी प्रभाव और दबाव में आकर अपने फैसले नहीं लेता। यदि हमें तेल की जरूरत है और वह रूस से सस्ता मिलता है तो भारत उसे खरीदेगा, फिर इससे अमेरिका या अन्य देश को क्या लगता है या नहीं, इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हम अपने देश की आवश्यकताओं के अनुसार ही निर्णय लेते हैं। न कि कोई देश खुश होगा या बुरा मान जाएगा, इस आधार पर।**

इसे आप काल के चक्र का प्रवाह एवं पुनर्चक्रीकरण भी मान सकते हैं कि जिस भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था में कभी 32 प्रतिशत का योगदान हुआ करता था, वह भारत एक बार फिर उसी दिशा में आगे बढ़ने लगा है। दुनिया के अर्थशास्त्री भारत के इस नए रूप को देख कर चमत्कृत हैं, वहीं अमेरिका को लगता है कि यदि इसी तरह से भारत आगे बढ़ता रहा तो कहीं ऐसा न हो कि डॉलर के रूप में जो विश्व में एक देश की दूसरे देश के साथ व्यापार करने की जो अनिवार्यता या आवश्यकता चली आ रही है, वह समाप्त न हो जाए। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहे इसलिए आज वह इससे जुड़े जरूरी कदम उठा रहा है और भारत इसके लिए अपने हिस्से का दांव खेल चुका है।

अभी भारत में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है, देश के आम नागरिक अपने लिए सरकार का चुनाव कर रहे हैं। ऐसे समय में सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रमुख नेताओं के साक्षात्कार लगातार मीडिया में आ रहे हैं, जिसमें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इंटरव्यू सबसे ज्यादा मीडिया में देखे जा रहे हैं, इनमें पूछे गए प्रश्नों में जब भी भारत की विदेश नीति का जिक्र हुआ है, तो प्रधानमंत्री मोदी यह साफ कहते हुए देखे-सुने जा सकते हैं कि %%भारत अपनी नीति स्वयं तय करता है, वह आज किसी भी विदेशी प्रभाव और दबाव में आकर अपने फैसले नहीं लेता। यदि हमें तेल की जरूरत है और वह रूस से सस्ता मिलता है तो भारत उसे खरीदेगा, फिर इससे अमेरिका या अन्य देश को क्या लगता है या नहीं, इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हम अपने देश की आवश्यकताओं के अनुसार ही निर्णय लेते हैं। न कि कोई देश खुश होगा या बुरा मान जाएगा, इस आधार पर।%% इसी तरह की अन्य बातें भी स्पष्ट तौर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कही गई हैं।

वस्तुतः प्रधानमंत्री मोदी जो कह रहे हैं, वह कितना सही है, इसकी भी पड़ताल आवश्यक है। आर्थिक स्तर पर जब उनकी कही बातों का अध्ययन किया जाता है तो वास्तव में वह सही साबित होती हैं। दुनिया की तमाम रेटिंग एजेंसियां आज भारत को विश्व के सभी देशों के बीच सबसे तेज दौड़ता हुआ तो देख ही रही हैं, इससे जुड़ी भविष्यवाणी भी कर रही हैं। साथ ही जो एक नया मोड़ सामने आया है, वह हर देश भक्त भारतीय को गदगद कर देता है। वह है भारतीय रुपये का दुनिया की आरक्षित मुद्राओं में शामिल होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना।

एक साक्षात्कार जाने-माने अर्थशास्त्री नूरियल रूबिनी का पढ़ने को मिला। उनका कहना है कि समय के साथ भारतीय रुपया दुनिया की वैश्विक आरक्षित मुद्राओं में से एक होगा। यह (भारतीय रुपया) खाते की एक इकाई हो सकता है, यह भुगतान का साधन हो सकता है, यह मूल्य का भंडार बन सकता है। निश्चित रूप से, समय के साथ रुपया दुनिया में विभिन्न प्रकार की वैश्विक आरक्षित मुद्राओं में से एक बन सकता है। रूबिनी के अनुसार कुल मिलाकर समय के साथ डी-डॉलरीकरण की प्रक्रिया होगी। वॉल स्ट्रीट द्वारा डॉक्टर डूम के नाम से मशहूर रूबिनी इसके पीछे का कारण भी बताते हैं और कहते हैं कि अमेरिका की वैश्विक अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 40 से 20 फीसदी तक गिर रही है। सभी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय और व्यापार लेनदेन में अमेरिकी डॉलर का दो-तिहाई होना कोई मतलब नहीं रखता है। इसका एक हिस्सा भू-राजनीतिक है।

वे कहते हैं, कोई देख सकता है कि भारत दुनिया के बाकी हिस्सों के साथ जो व्यापार करता है, उसमें से कुछ के लिए रुपया कैसा हो सकता है, खासकर दक्षिण-एशियाई क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण मुद्रा के रूप में आज सभी के सामने आ रहा है।%% रूबिनी सिर्फ इतना कहकर ही नहीं रुकते, वे आगे कहते हैं कि भले ही अभी तक कोई अन्य मुद्रा नहीं है जो अमेरिकी डॉलर को उसके पायदान से नीचे गिराने में सक्षम हो, ग्रीनबैक तेजी से चीनी युआन के लिए अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त खो रहा है और दूसरी ओर भारत का रुपया अन्य कई देशों में डॉलर के स्थान पर दो देशों (भारत एवं अन्य) के बीच व्यापारिक संबंध में परिचालन का स्थान लेता जा रहा है।

रूबिनी मध्यम अवधि में भारत में सात प्रतिशत की वृद्धि होते देख रहे हैं। उनका कहना यह भी है भारत की प्रति व्यक्ति आय इतनी कम है कि वास्तव में सुधार के साथ, निश्चित रूप से सात प्रतिशत, लेकिन आठ प्रतिशत से भी अधिक संभव है। लेकिन उस विकास दर को हासिल करने के लिए आपको कई और आर्थिक सुधार करने होंगे जो संरचनात्मक हों। और यदि आप इसे हासिल कर लेते हैं, तो आप इसे कम से कम कुछ दशकों तक बनाए रख सकते हैं। लेकिन इसी के साथ वह यह भी साफ कर देते हैं कि यह बहुत हद तक देश की सरकार द्वारा बनाई जानेवाली आर्थिक नीतियों पर निर्भर करता है।

सैमको सिक्योरिटीज के संस्थापक, सीईओ, सैमको वेंचर्स जिमीत मोदी भी भारत के आर्थिक क्षेत्र को लेकर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं। वे साफ बताते हैं अमेरिका के महाशक्ति होने का एक प्रमुख कारण इसकी मजबूत मुद्रा है, जो सभी वैश्विक केंद्रीय बैंकों के विदेशी मुद्रा भंडार के आधे से अधिक के लिए जिम्मेदार है। अधिकांश वैश्विक व्यापार यूएसडी में होता है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका को अधिक पैसा छापने में आसानी देता है और अन्य देशों से अधिक ऋण लेने की सुविधा देता है। वह कहते हैं, वर्तमान में, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख विकासशील अर्थव्यवस्था है। जल्द ही इसके तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है, वैश्विक भावनाएं भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साहित हैं। जेपी मॉर्गन और ब्लूमबर्ग ने हाल ही में भारत को अपने ग्लोबल इमर्जिंग मार्केट बॉन्ड इंडेक्स में जोड़ा है। इस मजबूत पृष्ठभूमि में, आईएनआर को एक वैकल्पिक आरक्षित मुद्रा बनाने का लक्ष्य एक आशाजनक मामला है। आईएनआर (भारतीय रुपया) की वैश्विक स्वीकृति को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा उठाए गए कदम सही दिशा में और सराहनीय हैं। जिमीत मोदी का मानना यह भी है आईएनआर के अंतर्राष्ट्रीयकरण से न केवल विदेशी व्यापार पर लेनदेन लागत में बचत होगी बल्कि भारतीय वित्तीय बाजार के लिए सीधे लाभांश भी मिलेगा। आईएनआर (भारतीय रुपया) के मजबूत मुद्रा बनने से ऋण बाजार और इक्विटी बाजार में पूंजी प्रवाह बढ़ेगा। बाजार में तरलता और निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त, स्थिर और ठोस आईएनआर भारतीयों के लिए क्रय शक्ति बढ़ाएगा और आर्थिक कल्याण के साथ-साथ वैश्विक निवेशकों के लिए बेहतर रिटर्न को बढ़ावा देगा।

## विचार

# जैव विविधता पर संकट के बादल

**योगेश कुमार गोयल**



**आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस संबंध में 'प्रदूषण मुक्त सांसें' किताब में विस्तार से उल्लेख किया गया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है।**

जीव-जंतु तथा पेड़-पौधे भी मनुष्यों की ही भांति ही धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन मनुष्य ने अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर न केवल वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है बल्कि वनस्पतियों का भी तेजी से सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं।

इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इको सिस्टम भी कहा जाता है लेकिन चिंतनीय स्थिति यह है कि धरती पर अब वन्य जीवों तथा दुर्लभ वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्यजीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहा है। यही स्थिति वनस्पतियों के मामले में भी है।वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस संबंध में 'प्रदूषण मुक्त सांसें' किताब में विस्तार से उल्लेख किया गया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरुकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। 20 दिसम्बर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरुआत की गई थी। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। दरअसल 22 मई, 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था। इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। इस वर्ष यह दिवस 'योजना का हिस्सा बनें' थीम के साथ मनाया जा रहा है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि हम सभी व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से अपने ग्रह की जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए जिम्मेदार हैं।

धरती पर पेड़-पौधों की संख्या बड़ी तेजी से घटने के कारण अनेक जानवरों और पक्षियों से उनके आशियाने छिन रहे हैं, जिससे उनका जीवन संकट में पड़ रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञों का स्पष्ट कहना है कि यदि इस ओर जल्दी ही ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में स्थितियां इतनी खतरनाक हो जाएंगी कि धरती से पेड़-पौधों तथा जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां विलुप्त होकर सदा के इतिहास के पन्नों का हिस्सा बन जाएंगी। माना कि धरती पर मानव की बढ़ती जरूरतों और सुविधाओं की पूर्ति के लिए विकास आवश्यक है लेकिन यह हमें ही तय करना होगा कि विकास के इस दौर में पर्यावरण तथा जीव-जंतुओं के लिए खतरा उत्पन्न न हो। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में चेताया गया है कि यदि विकास के नाम पर वनों की बड़े पैमाने पर कटाई के साथ-साथ जीव-जंतुओं तथा पक्षियों से उनके आवास छीने जाते रहे और ये प्रजातियां धीरे-धीरे धरती से एक-एक कर लुप्त होती गईं तो भविष्य में उससे उत्पन्न होने वाली भयावह समस्याओं और खतरों का सामना हमें ही करना होगा। दरअसल बढ़ती आबादी तथा जंगलों के तेजी से होते शहरीकरण ने मनुष्य को इतना स्वार्थी बना दिया है कि वह प्रकृति प्रदत्त उन साधनों के स्रोतों को भूल चुका है, जिनके बिना उसका जीवन ही असंभव है।

# बिहार लोस चुनाव में वाम दलों की सक्रियता से एनडीए चिंतित

**अरुण श्रीवास्तव**

बिहार में 2020 के विधानसभा चुनाव में युगांतकारी जीत के बाद, जिसमें सीपीआई (एमएल) लिबरेशन ने उन 16 में से 12 सीटें जीतीं जहां उसके उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। पार्टी इस बार अपने प्रतिनिधियों को लोकसभा में भेजने के लिए काफी आशान्वित है। उस चुनाव में तीन मुख्य वामपंथी दलों ने 29 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ा और 16 पर जीत हासिल की थी। सीपीआई और सीपीआई (एम) ने क्रमशरू जिन छह और चार सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से दो-दो पर कब्जा कर लिया। हालांकि वाम दल राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन में भागीदार थे।

सीपीआई (एमएल) -एल के कम से कम दो सीटें जीतने की आशावादिता का कारण यह है कि 2020 में उसने महागठबंधना का घटक दल होने के बावजूद कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में राजद उम्मीदवारों के खिलाफलड़कर जीत हासिल की थी। हालांकि राजद मुसलमानों और यादवों (एमवाई) का पारंपरिक समर्थन आधार रहा है, सीपीआईएमएल को गरीब यादवों, मुसलमानों और अन्य बेहद गरीब जातियों का भारी समर्थन मिला। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि इसे गरीबों के इस वर्ग का अडिग विश्वास प्राप्त है। इस बार सीपीआई (एमएल)-एल ने कम से कम छह सीटों की मांग की थी, लेकिन इंडिया गठबंधन के बड़े भाई लालू यादव अनिच्छुक थे क्योंकि उनकी कुछ अन्य प्रतिबद्धताएं थीं। सीपीआई (एमएल) ने जो सीटें मांगी थीं, वे अंततरू कांग्रेस को सौंप दी गयीं। इनमें से एक सीट थी पूर्णिया। अब चुनाव की घोषणा से बमुश्किल एक हफ्ते पहले जेडीयू से अपनी निष्ठा बदलने वाली राजद की बीमा भारती को कांग्रेस के बागी पप्पू यादव से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी सीपीआई (एमएल) को तीन सीटें दी गयीं।

वह आरा, नालंदा और काराकाट की तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सीपीआई (एमएल) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य इन सीटों पर जीत को लेकर आश्वस्त हैं। नालंदा को छोड़कर, दो अन्य सीटों पर सत्तर के दशक की शुरुआत में सीपीआई (एमएल) द्वारा बड़े पैमाने पर किसान लामबंदी देखी गयी थी। भोजपुर का मुख्यालय आरा किसान सशस्त्र संघर्ष के सर्वोच्च क्रम का गवाह रहा है जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता और नेता शामिल थे। इस साल की चुनावी लड़ाई का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पहली बार सीपीआई (एमएल) लिबरेशन ने चुनावी लड़ाई में प्रवेश किया है। हालांकि इसके वरिष्ठ नेता रामेश्वर प्रसाद ने 1989 में आरा लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी, लेकिन उन्होंने उस समय सीपीआई (एमएल) के जन संगठन इंडियन पीपुल्सफ्रंट के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। काराकाट में, सीपीआई (एमएल) के उम्मीदवार पूर्व विधायक राजाराम सिंह का मुकाबला एनडीए के सहयोगी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा से है। इसके अलावा, एआईएमआईएम उम्मीदवार की मौजूदगी से निर्वाचन क्षेत्र में मुस्लिम वोटों का विभाजन हो सकता है।

पुराने समय के सुदामा सिंह, जिन्होंने साठ के दशक के अंत में एक छात्र नेता के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया और अब आरा से विधायक हैं, आरा संसदीय क्षेत्र से बिहार के पूर्व गृह सचिव और केंद्रीय मंत्री आरके सिंह का विरोध कर रहे हैं। नालंदा सीट से विधायक संदीप सौरभ भी मैदान में हैं। नालदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का गृह क्षेत्र है। पार्टी के वरिष्ठ नेता राजाराम सिंह काराकाट लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों विधानसभा क्षेत्रों आरा, काराकाट और नालंदा में एक जून को मतदान होगा। फ्रि भी सौरभ को जदयू के कौशलेंद्र कुमार से गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में कोइरी और कुर्मियों की सघनता अधिक है। चूंकि कुमार जद(यू) के नीतीश कुमार के उम्मीदवार हैं इसलिए उम्मीद है कि नीतीश की निजी अपील का असर होगा। हालांकि सत्तर और अस्सी के दशक में निर्वाचन क्षेत्र के एक हिस्से में बेलछी और प्रमुख किसान संघर्ष जैसी घटनाएं देखी गयी थीं, इसलिए पार्टी की अपील का असर होगा। सीट बंटवारे की व्यवस्था के तहत राजद ने बिहार में वामदलों को जो पांच सीटें दी हैं, उनमें से सीपीआई (एम) ने खगड़िया से संजय कुमार सिंह को मैदान में उतारने का फैसला किया है।



# राशिफल

**मेषः**- आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाऐं आपके मकसद सफलता दिलाऐंगी। कार्य क्षेत्र में अपनें बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

बृषभः- परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय बड़ा मूल्यवान है। अतः इसे व्यर्थ न गंवायें। किसी नए सम्वेदना का प्रभाव नए रिश्ते को जन्म देगा। अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुनः**- परम्पराओ व संस्कारों कें प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव एवं कुछ साथ के प्रगतिशील व्यक्तियों से ईर्ष्या भाव ठीक नही। अस्थिर मन लक्ष्य के प्रति केन्द्रित होने मे असमर्थ होगा।

**कर्क** :- किसी महत्वपूर्ण कार्य वश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। आपका मिलनसारिता के कारण सम्बन्धो का बिस्तार होगा। कमजोर मनोबल के कारण लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

सिंहः- किसी महत्वपूर्ण कार्य में थोड़ी कठिनाई का अभास होगा। संवेदनशील मन पूरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओत-प्रात होगा। परिवारिक दायित्वों को समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिन्तित होगा।

**कन्याः**- प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। परन्तु ईरीय आस्था हर परीस्थिती पर बिजय प्राप्त करेंगे। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

**तुलाः**- घर-परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न को व्यवसायिक अवरोध के हल ढूंढने में मन केंद्रित होगा। किसी पुराने मित्र की मध्यस्तता से बिगड़े हुए सम्बन्धों में सुधार होगा।

**वृश्चिकः**- मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी होगी। भौतिक चका-चौंद से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगा।

**धनुः**- परिजनो व मित्रों का सनिध्य से मन प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में कोई अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार है। मांगलिक एव सास्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे।

**मकरः**- कुछ नये सम्बन्द बनेगें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद सम्भव। कर्तव्य व जिम्मेदारियों से घिरा मन अपनी कल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा।

**कुंभः**- मन को खराब विचारो से दूर रखते हुए अच्छे कायरे में केन्द्रित करें। नई स्थितियाँ आप मे नई प्रतिभाओं का संचार करेगा।

**मीनः**- अपनी वाणी पर नियंत्रण रखते हुए सम्बन्धों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। प्रतिभा व आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओ के प्रति आशान्वित करेगा। आर्थिक लाभ के आसार हैं।

# स्वाति मालीवाल : परदे से झांकते अनसुलझे सवाल

**सुरेश हिंदुस्तानी**



**वास्तविकता यही है कि यह इनके अंदर की एक ऐसी राजनीतिक लड़ाई है, जिससे आम आदमी पार्टी लम्बे समय से जूझ रही है। इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी के नेता भले ही भाजपा पर आरोप लगाकर पल्ला झाड़ लें, लेकिन कहावत है कि धुआं उठा है तो आग तो कहीं न कहीं लगी ही होगी। ऐसे में यह कहना भी मुनासिब होगा कि आरोप लगाने से पूर्व आम आदमी पार्टी के नेताओं को भी अपने गिरेबान में झांकना होगा। यह इसलिए भी कहा जा रहा है कि आम आदमी पार्टी के ऐसे कई नेता आज पार्टी से दूर हैं, जिन्होंने पार्टी को स्थापित करने में जी-तोड़ परिश्रम किया है। स्वाति मालीवाल भी उनमें से एक हैं। उनके इसी परिश्रम के कारण ही उन्हें राज्य महिला आयोग का चेयरमैन बनाया। इसलिए आम आदमी पार्टी की ओर से यह सफाई देना कि स्वाति का कहना एक झूठ है, मामले को और पेचीदा बना रहा है। दिल्ली की राजनीति और आम आदमी पार्टी के लिए स्वाति मालीवाल कोई छोटा नाम नहीं है। वह भी अरविन्द केजरीवाल की तरह ही अन्ना आंदोलन की ही उपज हैं। इसके अलावा वह केजरीवाल की पारिवारिक सदस्य यानी उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल की बहन हैं।**

दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जब से लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए जेल से बाहर आए हैं, तब से ही इनकी जमानत पर ही सवाल उठने लगे हैं। हालांकि यह निर्णय सर्वोच्च न्यायालय का है, इसलिए कोई भी सीधा सवाल करने से बच रहा है। लेकिन वातावरण में जितने मुंह उतनी बातें तैर रही हैं। खैरज जमानत मिलने के बाद आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल अपने आपको राजनीति में सर्वोच्च समझने की भूल करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

इसके विपरीत सच यह है कि देश का कोई भी नेता सर्वशक्तिमान नहीं है, क्योंकि लोकतंत्र में शक्ति नेता के हाथ में नहीं, बल्कि जनता के हाथ में होती है। यही लोकतंत्र है। आज की बेलगाम होती राजनीति के बीच ऐसा लगता है कि आम आदमी पार्टी के नेता निरंकुश होते जा रहे हैं। लगातार बढ़ती जा रही घात-प्रतिघात के राजनीतिक दौर में यूं तो हर राजनीतिक दल अपने आपको ज्यादा नंबर देने की जुगत भिड़ा रहे हैं, लेकिन अपने आपको आम आदमी पार्टी के मुखिया के रूप में प्रचारित करने वाले अरविन्द केजरीवाल अपने सधे हुए कदमों को विचलित कर रहे हैं हम यह भली भांति जानते हैं कि आम आदमी पार्टी को पहले दिल्ली और कुछ दिन पूर्व पंजाब में छप्पर फाड़ कर समर्थन मिला। जिसके कारण आज इन दोनों राज्यों में आम आदमी पार्टी की सरकार है। लेकिन सरकार बनने से यह कतई अधिकार नहीं मिलता कि जो भी करें उसको सब ठीक मानें। ऐसा लगता है कि आज आम आदमी पार्टी के नेताओं में गलत को गलत कहने का नैतिक साहस नहीं है। शराब घोटाले के आरोप पर कोई भी नेता बोलने को तैयार नहीं है, इस कारण भी इस पर बहुत बड़े सवालिया निशान भी अंकित होते जा रहे हैं।

अभी हाल ही में दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास में जो घटनाक्रम हुआ, उसकी परिणति क्या होगी, यह तो जांच के बाद ही सामने आएगा, लेकिन जो कुछ भी संकेत मिल रहे हैं, वे यही साबित कर रहे हैं कि राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल की पिटाई के मामले को दबाने का खेल भी प्रारम्भ हो गया है। साथ ही स्वाति मालीवाल पिटाई मामले में परदे के पीछे से कई अनसुलझे सवाल भी उठने लगे हैं। स्वाभाविक रूप से इन सभी सवालों का आम आदमी पार्टी की ओर से जवाब आना चाहिए, लेकिन उनकी ओर से जवाब देना तो दूर उलटे लीपापोती के प्रयास होने लगे हैं।हर बात पर जवाब प्रस्तुत करने वाले संजय सिंह की भी इस मामले में बोलती बंद है। अब आम आदमी पार्टी की महिला नेता आतिशी ने पत्रकार वार्ता करके इस पूरे मामले को स्वाति मालीवाल की ओर ही मोड़ने का प्रयास किया है। इस दौरान स्वाति मालीवाल के गुस्से वाले कुछ वीडियो भी दिखाए गए, लेकिन आतिशी ने यह नहीं बताया कि वे कौन से कारण हैं, जिसके कारण स्वाति मालीवाल गुस्से में थीं। कहा तो यह भी जा रहा है कि इसमें संजय सिंह भी आरोपित हैं, लेकिन यह कहां तक सच है, यह तो स्वाति मालीवाल और संजय सिंह ही जानते होंगे। आतिशी के बयानों के बाद ऐसा लग रहा है कि स्वाति के मामले में खुद स्वाति ही दोषी हैं। इसके साथ ही आतिशी ने मामले को भाजपा की साजिश भी बताने का प्रयास किया।

वास्तविकता यही है कि यह इनके अंदर की एक ऐसी राजनीतिक लड़ाई है, जिससे आम आदमी पार्टी लम्बे समय से जूझ रही है। इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी के नेता भले ही भाजपा पर आरोप लगाकर पल्ला झाड़ लें, लेकिन कहावत है कि धुआं उठा है तो आग तो कहीं न कहीं लगी ही होगी। ऐसे में यह कहना भी मुनासिब होगा कि आरोप लगाने से पूर्व आम आदमी पार्टी के नेताओं को भी अपने गिरेबान में झांकना होगा। यह इसलिए भी कहा जा रहा है कि आम आदमी पार्टी के ऐसे कई नेता आज पार्टी से दूर हैं, जिन्होंने पार्टी को स्थापित करने में जी-तोड़ परिश्रम किया है। स्वाति मालीवाल भी उनमें से एक हैं। उनके इसी परिश्रम के कारण ही उन्हें राज्य महिला आयोग का चेयरमैन बनाया। इसलिए आम आदमी पार्टी की ओर से यह सफाई देना कि स्वाति का कहना एक झूठ है, मामले को और पेचीदा बना रहा है। दिल्ली की राजनीति और आम आदमी पार्टी के लिए स्वाति मालीवाल कोई छोटा नाम नहीं है। वह भी अरविन्द केजरीवाल की तरह ही अन्ना आंदोलन की ही उपज हैं। इसके अलावा वह केजरीवाल की पारिवारिक सदस्य यानी उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल की बहन हैं। हालांकि अन्ना आंदोलन से राजनीति का प्रारम्भ करने वाले कई बड़े नेताओं को आज आम आदमी पार्टी से बहुत दूर कर दिया है। सबको साथ लेकर चलने का दावा करने वाले अरविन्द केजरीवाल से उनके यह साथी क्यों दूर हुए, यह मामला भी पेचीदा प्रश्न उपस्थित करने वाला है। कहा तो यहां तक भी जा रहा है कि इसमें केजरीवाल के संकेत पर कार्य करने वाली चौकड़ी का पूरा हाथ है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# व्यापार मंडल ने किया एसएसपी का अभिनंदन



- पुलिस व्यवस्था से व्यापारियों को व्यापार करने मे परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा, इस कारण व्यापारी समाज आभारी है

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

जिले में शांतिपूर्वक लोकसभा चुनाव संपन्न होनें पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा के नेतृत्व मे व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा का प्रतीक चिन्ह एंव शाल पहनाकर अभिनंदन किया। व्यापारी नेताओं ने कहा की चाक चौबंद पुलिस व्यवस्था से जिले मे शांति पूर्ण चुनाव संपन्न हुए हैं, जिस कारण व्यापारियों को व्यापार करने मे परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा, इस कारण व्यापारी समाज आभारी है। इस अवसर पर जिलाकोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, उपाध्यक्ष अशोक जाटव, हाजी शेख आफताब, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, उद्योग मंच अध्यक्ष भारतेंद्र नाथ भारद्वाज, महिला जिलाकोषाध्यक्ष बर्षा दुबे, उपाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, महामंत्री रेनू शुक्ला, अली फैय्याज,शशि यादव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने किया गैर इरादतन हत्या के आरोपी को गिरफ्तार



**इटावा। समृद्धि न्यूज**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना भरथना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार किया। थाना भरथना पुलिस द्वारा कस्बा भरथना में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर वांछित आरोपी नीरज यादव पुत्र लाखन सिंह निवासी मोहल्ला पुराना भरथना कस्बा व थाना भरथना को गिरफ्तार किया। इस सफलता में देवेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना भरथना, उ.नि. हाकिम सिंह थाना भरथना, उ.नि. प्रेम चन्द थाना भरथना का सराहनीय योगदान रहा।

# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**चरखारी,महोबा। समृद्धि न्यूज**



चरखारी महोबा भारत रत्न दूरसंचार क्रांति के जननायक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि कांग्रेसियों ने छोटा रमना पूर्व जिला अध्यक्ष आफाक सरवर के मकान पर मनाई साथ महिलाओ के कांग्रेस गारंटी कार्ड भरे गये।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष तुलसीदास लोधी ने उनकी फोटो पर माल्यापर्ण व नमन करते हुए बताया 21 मई 1991 को एक चुनावी रैली के दौरान तमिलनाडु में एक आत्मघाती हमले में राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी चेन्नई के करीब श्रीपेरम्बटूर में उनकी हत्या मानव बम से की गई थी एक महिला ने की जो मानव बम बनकर वहां आई थीवही जब राजीव गांधी के पैर छूने के लिए झुकी तभी उसने अपनी कमर में लगा बम का ट्रिगर दबाया और देखते ही देखते राजीव गांधी समेत 18 लोगों की पलक झपक कर विस्फोट में शहीद हो गए।

# मंगलसूत्र को लेकर हुए विवाद में देवर व भाभी को पीटा

- दो भाईयों सहित पिता पर लिखा मुकदमा

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

दबंगों ने पहले महिला का जमीन पर गिरा मंगलसूत्र उठा लिया। इसकी जानकारी होने पर महिला ने अपना मंगलसूत्र मांगा तो दबंगों ने महिला व उसके देवर की पिटाई कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस ने दो भाईयों सहित उनके पिता पर धारा 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महोबा मुख्यालय के डाकबंगला मैदान के पीछे मुहाल गांधीनगर निवासी लता सोनी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 17 मई की शाम करीब साढ़े 6 बजे वह अपने घर से बाहर निकली। उसने पर्स से 500 रुपए का नोट फुटकर कराने के लिए निकाला। इसी दौरान उसका 75 हजार कीमत का 10 ग्राम का मंगलसूत्र भी गिर गया और वह देख नहीं पाई। उसने बगल में लगी दुकान में बैठे राजकुमार सोनी से पूछा तो उसने बताया कि राजेश सोनी बाइक से घर जा रहे थे। जिसने उसकी दुकान के सामने से कुछ उठाया और चला गया। महिला ने बताया कि राजेश सोनी से मंगलसूत्र देने को तब उसने, उसके भाई मनोज, पिता कालूराम ने पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में वह नाली में गिर गई और उसका पैर टूट गया। बीच बचाव करने आए देवर चंद्रोदय सोनी आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पीड़िता ने इसकी सूचना महोबा शहर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी राजेश सोनी, उसके भाई मनोज व पिता कालूराम के खिलाफ धारा 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राठ में सर्वाधिक व तिंदवारी में सबसे कम हुआ मतदान

- मतदान खत्म होने के बाद शुरू हुई जीत हार की आंकड़ेबाजी
- नए सांसद से जनता को है उम्मीदें, 4 जून को आएगा परिणाम







**महोबा। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा की सियासत 2024 में हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी सीट का अगला सांसद कौन होगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन मतदान खत्म होन के बाद जीत हार की आंकड़ेबाजी शुरू हो गई है। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के लिए पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहे है। नए सांसद व सरकार से जनता को बहुत सी उम्मीदें है और 4 जून को परिणाम के बाद इसकी तस्वीर साफ हो जाएगी कि हमीरपुर-47 का अगला सांसद कौन होगा। फिलहाल कोई कमल को जीता मान रहा है तो कोई जमकर साइकिल चला रहा है और कोई हाथी को भी कम नहीं मान रहा है। बता दें कि इस सीट पर राजनैतिक जानकारों की मानें तो त्रिकोणीय संघर्ष हुआ है और जीत हार का अंतर भी पिछले चुनावों की तुलना में कम होगा। हमीरपुर-47 सीट की बात करतें तो यहां मतदान प्रतिशत 60 से अधिक हुआ। सर्वाधिक वोट राठ क्षेत्र में 60.70 प्रतिशत पड़े और सबसे कम वोट तिंदवारी विधानसभा में 54.87 पड़े। हालांकि 2019 के सापेक्ष ही मतदान प्रतिशत हुआ। फिलहाल सभी दल के प्रत्याशी अपने-अपने को जीता मान रहे है। लेकिन यह तो 4 जून को मतगणना के बाद ही पता चल सकेगा कि कौन जीता और किसके हाथ हार की मायूसी लगी। बुंदेलखंड राज्य, स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा आदि ऐसे मुद्दे है जो सालों से चले आ रहे है और इस बार नए सांसद से लोगों को खासी उम्मीदें है। कुल मिलाकर सियासत की आधी तस्वीर समाप्त हो गई और बुंदेलखंड की धरती में बुंदेलों ने उत्साह के साथ मतदान किया। लोकसभा चुनाव 2024 के सियासी महासंग्राम में प्रमुख दलों भाजपा, सपा व बसपा के साथ ही सभी 11 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है और अब सभी को चुनाव परिणाम का इंतजार है। लोकसभा की सियासत 2024 में हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी सीट का अगला सांसद कौन होगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन मतदान खत्म होन के बाद जीत हार की आंकड़ेबाजी शुरू हो गई है। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के लिए पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहे है।

# महिला की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत, हत्या का आरोप

- कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के ग्राम मंगरौल कला की है घटना
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू की

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

एक महिला की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को पंचनामे के बाद पीएम के लिए भेजा है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने उसकी हत्या के आरोप लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम मंगरौल कला निवासी महेश कुशवाहा की पत्नी 24 वर्षीय चंद्रप्रभा की अचानक हालत खराब होने पर ससुरालियों द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैतपुर में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मायके पक्ष के लोगों ने महिला की हत्या की आशंका जताई है। उधर पुलिस का कहना है कि जांच कराई जा रही है। इसके बाद ही कोई कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### दुकान से जेवर ले जा रही महिलाओं पर मुकदमा दर्ज

**महोबा।** शहर की एक सर्राफा दुकान से जेवर ले जा रही महिलाओं के खिलाफ पुलिस ने धारा 380 के तहत मुकदमा दर्ज कर इसकी जांच पड़ताल शुरू की है। बता दें कि महोबा मुख्यालय के सर्राफा बाजार निवासी राकेश कुमार सोनी ने बताया कि 18 मई को वह अपनी दुकान पर मौजूद था। तभी उसी समय पांच महिलाएं आयी। इनमें एक महिला 60 वर्ष व बाकी 25-30 साल के बीच में थी। एक गर्भवती भी थी। सभी दुकान में आकर सोने चांदी के जेवर देखने लगी। इसके बाद इन लोगों ने कहा कि उनके मतलब का कोई सामान नहीं है। यह कहकर वह दुकान से जाने लगी। राकेश कुमार ने बताया कि उसने तुरंत जेवर काउंटर से उठाकर मिलान किया तो देखा कि एक जोड़ी पायल कड़ीदार, चांदी, एक अंगूठी, चार मीना चांदी के आदि जेवर नहीं पुलिस ने आरोपी महिलाओं के खिलाफ धारा 380 के तहत मुकदमा दर्ज कर इसकी जांच पड़ताल शुरू की है।

### नदी में डूबकर मासूम की मौत

**हमीरपुर।** कोतवाली हमीरपुर के केशरिया डेरा गांव निवासी एक मासूम की मंगलवार को बेतवा नदी में डूब जाने से मृत्यु हो गयी। पुलिस के अनुसार गांव का अभिषेक (7) पुत्र रामकरन नदी में नहाने गया था तभी उसका पैर फिसल गया और वह डूब गया जानकारी होने पर परिवारीजन मौके पर जाकर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### मार्ग दुर्घटना में चार घायल

**राठ।** कोतवाली के चिल्ली गांव निवासी 40 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र सिद्ध गोपाल बाइक से राठ आ रहा था। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। वहीं कोट बाजार निवासी 45 वर्षीय इरशाद पुत्र मुहम्मद सैफ 20 वर्षीय अर्दन पुत्र आदिल, महोबा निवासी 19 वर्षीय अभिषेक पुत्र परमेश्वरी दयाल मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले गए।

### युवती लाखों रुपये लेकर घर से चंपत

**राठ।** जरिया थाना के अमूंद गांव निवासी महेंद्र राजपूत ने बताया कि 18 मई की रात परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। तभी बहन पहाड़ी गढ़ी गांव निवासी दिलीप राजपूत के साथ कहीं चली गई। जब सोकर जागे तब घटना की जानकारी हो सकी। बहन अपने साथ घर से 2.19 लाख रुपए और जेवर आदि ले गई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इसी तरह उमरिया गांव निवासी पुष्पेंद्र राजपूत ने बताया चिल्ली गांव निवासी भांजी घर पर आई हुई थी। गत 18 मई की रात जब परिवार के लोग सो रहे थे। तभी चिल्ली गांव का सोनू यादव उसको अपने साथ भाग ले गया है। रिश्ते में जानकारी की लेकिन पता नहीं चल सका। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### युवती व युवक ने खाया जहर, युवती रेफर

**राठ।** मझगवां थाने के जराखर गांव निवासी 19 वर्षीय रोशनी पुत्री कल्लू ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। कोतवाली के कैंथा गांव 35 वर्षीय राजेन्द्र पुत्र रमेश ने जहर खा लिया। डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि युवक बिना इलाज कराए चले गए।

### सेल्फी लेने के आरोप में शिक्षक निलंबित

**हमीरपुर।** मतदेय स्थल पर मतदाताओं के साथ सेल्फी लेने पर मतदान अधिकारी प्रथम व शिक्षक को बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि मुस्करा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय उमरी के सहायक अध्यापक आशीष कुमार आर्या की डियूटी स्थानीय श्री विद्या मंदिर इंटर कालेज में मतदान अधिकारी प्रथम में लगायी गयी थी शिक्षक ने मतदाताओं के साथ सेल्फी लेना शुरु कर दिया है जो कर्मचारी एक्ट के खिलाफ है। सोशल मीडिया में बीडियों वायरल हो गया जिससे प्रशासन हरकत में आ गया।

### फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर रूपये की डिमांड की

**इटावा।** भाजपा नेता ऋषि शुक्ला के नाम से फेसबुक की फर्जी आईडी बनाने वाले ने संदेश व स्कैनर भेजकर रुपए की मांग की है। इस संबंध में साइबर थाना इटावा जाकर शिकायत किए जाने पर साइबर अपराध में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। बकेवर थाने के पटेल नगर निवासी भाजपा नेता ऋषि शुक्ला ने बताया की उनके फेसबुक आईडी राजन शुक्ला ऋषि के नाम से है। उक्त नाम से ही फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उससे संदेश भेजकर स्कैनर द्वारा रुपए की मांग की जा रही है। इसके बारे में जब ऋषि शुक्ला को उनके मित्रों ने फोन से जानकारी दी तब संज्ञान लेकर वह साइबर थाना गए और फर्जी आईडी को बंद करवा कर कानूनी कार्रवाई के लिए तहरीर दी।

# कुलपहाड़ में 16470 मतदाताओं में से 9859 ने किया मतदान

- तेज धूप व गर्मी की वजह से मतदान पर पड़ा असर

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

मतदान को लेकर लोगों में उत्साह तो नजर आया पर तेज धूप व गर्मी की वजह से मतदान पर प्रभाव पड़ा। जिले के कुलपहाड़ नगर की बात करें तो समस्त 16 बूथों पर मतदान पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग संपन्न कराया गया। मतदान समाप्ति के बाद 16470 कुल मतदाताओं में 9859 ने वोट डाले। सबसे अधिक मतदान भाग संख्या 281 में दर्ज किया गया, जो 64 प्रतिशत रहा। जबकि भाग संख्या 273 में मतदान सबसे कम 49 प्रतिशत दर्ज किया गया। कुल मिलाकर नगर में 59.86 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। कुलपहाड़ - भाग संख्या 44 ग्राम घिसल्ली पूर्व माध्यमिक विद्यालय, भाग संख्या 70 ग्राम अजनर पूर्व माध्यमिक विद्यालय, भाग संख्या 179 ग्राम तेली पहाड़ी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुरूआत में वीवी पैट मशीन खराब होने पर 10 से 15 मिनट देरी से मतदान शुरू हुआ। वहीं भाग संख्या 298 ग्राम दरियाब सिंह का खुड़ा पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 9:25 बजे, भाग संख्या 381 ग्राम कुरौरा डांग चरखारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 9:55 बजे, 241 ग्राम दुलारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 1:35 बजे से मतदान के बीच में वीवी पैट मशीन खराब होने पर 15 से 20 मिनट तक मतदान बंद रहा।

## पीठासीन अधिकारी ने मतदान की गोपनीयता भंग करने पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**राठ।** क्षेत्र के ममना में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या 69 में एक व्यक्ति द्वारा मतदान की गोपनीयता भंग करने पर पीठासीन अधिकारी ने जलालपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीठासीन अधिकारी अलीमसर ने बताया कि उनकी टीम उच्च ममना गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या 69 में चुनाव ड्यूटी कर रहे थे। तभी समर अब्बास रिजवी पुत्र कज्जन अली बूथ पर आए और फोटो खींच लीं। बताया कि फेसबुक पर भैया साइकिल तो खटाखट खटाखट लिखकर वायरल कर दिया। जिससे मतदान की गोपनीयता भंग हुई है। पीठासीन अधिकारी ने जलालपुर थाने में समर अब्बास रिजवी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# एसएमजीआई के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



विद्यार्थियों के कार्य कौशल में वृद्धि एवं व्यवसायिक शिक्षा की फार्मास्युटिकल उद्योग में उपयोगिता को समझाने के उद्देश्य से सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के डी फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र -छात्राओं को एल्मास बायोटेक प्रा. लि. भरथना इटावा में एक शैक्षिक भ्रमण सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर एसएमजीआई, इटावा के निर्देशक डॉ. यूएस शर्मा, संस्था की असिसटेन्ट प्रोफेसर श्वेता सिंह सहित प्रवक्ता सुबोध बाबू छात्रों के मार्ग दर्शक के रुप में उपस्थित रहे। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप पोरवाल ने विद्यार्थियों एवं सभी शिक्षकों का उनकी कम्पनी में स्वागत किया एवं सभी छात्रों को कम्पनी द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्माण, वितरण से लेकर उपयोग इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संस्था के विभिन्न विभागों, उत्पादों, उनके निर्माण विधि उपकरण जैसे टेबलट, कैप्सूल, फिलिंग मशीन एवं पंचिंग मशीन, बेच, उत्पाद, समाप्ति तिथि लेजर प्रिंटिंग मशीन, सीरप फिलिंग मशीन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। संस्था के निदेशक डा यूएस शर्मा ने कहा कि इस प्रकार का शैक्षिक भ्रमण छात्रों के पाठ्यक्रम की जरुरतों को पूरा करने के साथ-साथ सैद्धांतिक ज्ञान एवं व्यवहारिक अनुप्रयोग के बीच अन्तर को कम करने का अच्छा अवसर प्रदान करता है। इस भ्रमण से विद्यार्थियों को भविष्य में फार्मास्यूटिकल उद्योग की आन्तरिक कार्य प्रणाली और चुनौतियों को जानने एवं समझने में अच्छी मदद मिलेगी। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डा. विवेक यादव ने शैक्षिक भ्रमण को सम्पन्न कराने के लिए अल्मास बायोटेक को धन्यवाद देते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भाजपा चार सौ पार तो सपा में संविधान बचाओ फार्मूले को लेकर कांटे की टक्कर

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

कल हुये हमीरपुर महोवा संसदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव में भाजपा का नारा चार सौ पार को उलट करते हुये सपा व कांग्रेस गठबंधन ने मतदाताओं को संविधान बदलने की बात कह कर चुनावी हवा बनाने का पूरा प्रयास किया है लिहाजा सपा व भाजपा में कांटे की टक्कर मानी जा रही है। जानकारी के मुताबिक भाजपा का चार सौ पार का नारा इंडिया गठबंधन ने गांवों गांवों में जाकर संविधान बदलने की बात कह कर अपने खेमें में करने का पूरा प्रयास किया है।क्योकि यह बात मतदाताओं को आसानी से समझ में आ जाती है यही नही सपा नेताओं ने भाजपा के गढ़ में पूरी तरह सेंध लगाने का प्रयास किया है। सपा ने जो अनूसूचित जाति का बोट जो बसपा का आधार बोट माना जाता था उसको तोड़ने का पूरा प्रयास किया है। क्योकि बसपा प्रत्याशी निर्दोश दीक्षित जो पहली मर्तवा चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे थे वह ब्राह्मण मतदाताओं को अपने पाले में करने मे लगे रहे मगर ब्राह्मण मतदाता बसपा पाले में तो आ नही पाया मगर बसपा का जो आधार बोट अनुसूचित जाति का था वह भी धीरे धीरे हाथ से निकलता दिखायी दे रहा है। जानकार लोगो का कहना है कि धोबी कोरी बाल्मीकि सोनकर अहिरवार मिलाकर संसदीय क्षेत्र में 25 फीसदी से अधिक बोट है जिसमे ज्यादातर बोट सपा के खेमें मतदान किया है यही नही पिछले चुनाव में गल्ला फैक्टर भाजपा के पक्ष में खुलकर सहयोग किया था मगर इस मर्तवा यह बोटर कुछ भाजपा से छिटका हुआ देखा गया है। इधर राठ व चरखारी विधानसभा का लोधी मतदाता सपा के पक्ष में मतदाने करने से भाजपा को चुनावी नैया पार करने में काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। सपा नेताओं ने भाजपा के गढ़ मे सेंधमारी करने का संविधान बदलने फार्मूले का प्रयोग किया है।हालाकि काटे की टक्कर में किस करवट ऊंट बैठेगा अभी कुछ कहा नही जा सकता है। इधर मतदान केंद्रों में तपती धूप में सामान्य वर्ग का मतदाता बोट डालने में काफी कंजूसी करता है। बूथों में सबसे ज्यादा संख्या महिला मतदाताओं की देखी गयी है। हालाकि बुद्धजीवी वर्ग ने संसदीय क्षेत्र में जातिवाद छोड़कर राष्ट्रवाद के आधार पर भाजपा को ही बोट दिया मगर इस वर्ग की संख्या कितनी है इसका अंदाजा नही लगाया जा सकता है। राजनीतिज्ञों का मानना है कि सपा ने भाजपा के आधार मतदाताओं पर सेंधमारी की है मगर भाजपा ने सपा के बोटों में सेंधमारी नही कर पायी है इससे और काटे की टक्कर हो गयी है। जीत हार को लेकर तरह तरह की अटकले लगायी जा रही है।

# दहेज हत्या में पति को दस वर्ष का कारावास, छह हजार जुर्माना

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने के मामले में मंगलवार को विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार शासन ने पति को दहेज हत्या का दोषी मानते हुए दस वर्ष के कठोर कारावास सुनाया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता महेश द्विवेदी ने बताया कि 22 सितंबर 2019 को वादी कुसुम ने जरिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें उसने अपनी पुत्री रीना की शादी सरीला निवासी सुरेश कुमार पुत्र काशी प्रसाद के साथ 7 जुलाई 2016 में की थी। शादी के बाद पति सुरेश, ससुर काशी प्रसाद, सास रामदेवी, जेठ धर्मेंद्र, अशोक व जेठानी ममता, सरस्वती दहेज में एक लाख की मांग करते हुए पुत्री की उत्पीड़न करने लगे। बीती 17 सितंबर 2019 को शाम 6 बजे उसका पुत्र आकाश अपनी बहन रीना से फोन पर बात कर रहा था। तभी रीना के चोखने-चिल्लाने की आवाज सुनाई देने लगी इसके बाद फोन कट गया। कई घंटे बाद दामाद सुरेश का फोन आया जिसने बताया कि रीना बीमार है हमीरपुर अस्पताल में भर्ती है। जिस पर कुसुम, अरुण, आकाश व पप्पू के साथ सदर अस्पताल पहुंची तो नीना का शव स्ट्रेचर पर रखा था। पुलिस ने जांच के बाद पति सुरेश, ससुर काशी प्रसाद व सास राम देवी के खिलाफ आरोप पत्र प्रस्तुत किया। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार शासन ने मुकदमें को सुनवाई करते हुए पति को गैर इरादतन हत्या का दोषी मानते हुए दस वर्ष का कठोर कारावास व छह हजार अर्थदंड लगाया है।

# उ.प्र व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



ग्रामीण क्षेत्रों में खेल से प्रतिभा उभरकर आती है खेल आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए उक्त उदगार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने एमपी एल सीजन 5 स्मृति केशा देवी क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किये।

मैच का शुभारंभ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप युवा शहर अध्यक्ष अजय गुप्ता शहर महामंत्री रमेश यादव ने मैच खेल कर उद्घाटन किया मैच मानिकपुर और हरदोई के बीच खेला गया टूर्नामेंट के संरक्षक विनोद यादव राजकीय ठेकेदार टूर्नामेंट के संयोजक मधुर यादव लाला अध्यक्ष संजू शाक्य नेता जी उपाध्यक्ष डॉ रमन रमन शाक्य कोषाध्यक्ष आदित्य यादव आदि ने व्यापार मंडल की पदाधिकारी का फूल मालाओं से लात्कार स्वागत किया टूर्नामेंट संयोजक मधुर कुमार लाल ने बताया कि फाइनल विजेता को 21000 रुपये फाइनल मैं पुरस्कार दिया जाएगा उपविजेता को 11000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा एंट्री फीस के लिए सर्वेश यादव से सम्पर्क करें।

# 13 जुलाई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

अपर जिला जज सचिव जिला/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता श्रीवास्तव-1 ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा के आदेशानुसार 13 जुलाई को प्रातः 10 बजे से जनपद न्यायालय प्रांगण इटावा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों, दाम्पत्य विवादों का प्री-लिटिगेशन स्तर पर, आर्बिट्रेशन, तुच्छ आपराधिक प्रकृति के वाद, पारिवारिक वाद, आपराधिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, राजस्व चकबन्दी, बैंक मामले, धारा 138 एनआई एक्ट, सर्विस के मामले, श्रमिक वाद, भरण पोषण वाद आदि प्रकार के मामले निस्तारित किये जायेगे। लोक अदालत में धन व समय की बचत करने हेतु एवं विभिन्न न्यायालयों में लंबित मुकदमों को व प्री-लिटिगेशन स्तर के दाम्पत्य वादों के शीघ्र निस्तारण हेतु अपने मामले को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवाये जिससे एक ही बार में मुकदमों से मुक्ति पाये।

## कृषि निवेशों के लिए ऑन लाइन पोर्टल व्यवस्था शुरू

**इटावा।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि शासन द्वारा उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी रसायनों का व्यापार करने हेतु अनुज्ञप्ति प्राप्त करने में पारदर्शिता को दृष्टिगत रखते हुए ऑन लाइन पोर्टल व्यवस्था शुरू की गई है जिसके अनुपालन हेतु पूर्व में ही आदेश निर्गत किए जा चुके हैं। अतः कृषि निवेशों की अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति शासन द्वारा निर्धारित औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए सभी प्रपत्रों सहित अपने नजदीकी जन सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑन लाइन आवेदन करें तथा पात्र पाए जाने पर शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में उर्वरक, बीज एवं कृषि रक्षा रासायन अनुज्ञप्ति प्राप्त कर सकते हैं।

# मतदान बाद के समीकरणों में इंडिया गठबंधन और भाजपा में कड़े मुकाबले के आसार

- बहुजन समाज पार्टी के मतों के बंटवारे पर टिकी सबकी नजर
- राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं और आम जनमानस की चर्चाओं में बदलाव की झलक








उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

जालौन-गरौठा-भोगनीपुर संसदीय क्षेत्र के लिए होने वाले मतदान के बाद जिस तरह से विभिन्न राजनीतिक दलों की हार जीत को लेकर अटकलो का बाजार गर्म है उसको देखते हुए यह कहना लाजमी ही होगा कि इस बार के चुनाव के परिणाम काफी कुछ हद तक अप्रत्याशित ही देखने को मिल सकते हैं फ़िलहाल भारतीय जनता पार्टी सहित अन्य राजनीतिक दलों के केंद्रीय कार्यालय के मौजूदा हालात पर नजर डालें तो कहीं छुटपुट हलचल तो कहीं सन्नाटा पसरा हुआ है आम मतदाता भी जहां एक और अब परिणाम की प्रतीक्षा में है तो वही आम जनमानस के बीच से आ रही सुगबुगाहट बदलाव के स्पष्ट रूप से संकेत दे रही है। लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के भानु प्रताप वर्मा वैसे तो पांच बार इस सीट से लोकसभा के लिए चुनकर प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और इस बार वह छठवीं बार लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने के लिए मैदान में हैं 2014 और 2019 में सफलता प्राप्त करने के बाद यदि उन्हें जीत का मौका मिलता है तो यह उनकी हैट्रिक होगी तो वही इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार के लिए यह लोकसभा पहुंचने का पहला मौका होगा। हालांकि इससे पूर्व प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री के तौर पर अपने दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। बात बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी की करें तो लोकसभा चुनाव की इस लड़ाई में सुरेश चंद्र गौतम को प्रत्याशी के तौर पर उतारकर उन्हें पार्टी ने लोकसभा तक पहुंचाने की पहल की है। सेवानिवृत्ति विद्युत अभियंता सुरेश चंद्र गौतम का राजनीतिक क्षेत्र से जुड़ाव तो रहा है लेकिन यह उनके लिए भी लोकसभा में पहुंचने का पहला ही मौका होगा फ़िलहाल मतदान के बाद जिस तरह से हर और जीत को लेकर आम जनमानस के बीच चर्चाएं हो रही हैं उनको देखते हुए अभी तक यही कयास लगाए जा रहे हैं कि मुख्य मुकाबले में भारतीय जनता पार्टी और इंडिया गठबंधन ही दिखाई दे रहा है वहीं यह बात भी आम जनमानस में सुनी जा रही है कि इस बार लोगों में बदलाव की चाह है और यदि मतदाताओं ने इस तरह के रुझान दिए हैं तो इसका लाभ इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को पूरा-पूरा मिलने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं कुल मिलाकर परिणाम अप्रत्याशित होने की स्थितियां बनती जा रही हैं इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### जीत और हार के दरमियान मामूली रह सकता मतों का अंतर

उरई। बीते कुछ चुनावों के दौरान जिस तरह से हारने और जीतने वाले प्रत्याशी के मतों के अंतर में एक बड़ा फैसला देखने को मिला है वह इस बार की तस्वीर में बदला हुआ दिखाई देगा इस बात की भी चर्चाएं जनमानस में व्याप्त हैं लोगों का कहना है कि इस बार के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के बीच कड़ा मुकाबला हो सकता है और हार जीत के बीच के मतों का अंतर पर भी लोगों की यही राय सामने आ रही है कि यह अंतर भी बहुत अधिक नहीं होगा मतलब साफ है कि मुख्य मुकाबले में आने वाले प्रत्याशियों में किसको जीत और किसको हार का सामना करना पड़े यह दीगर बात है पर नतीजा मामूली से मतों पर ही टिके होने की संभावनाएं अधिक है अब ऐसे में यह तो स्पष्ट होने लगा है कि यहां की लड़ाई में मामला बड़ा ही रोमांचकारी हो सकता है।

## खबरें एक नजर में

### अग्रवाल सभा अध्यक्ष बने सौम्य अग्रवाल

**बलरामपुर।** अग्रवाल सभा के अध्यक्ष निष्काम गुप्ता तथा निवर्तमान अध्यक्ष राजीव अग्रवाल के बलरामपुर से चले जाने के कारण रिक्त हुए अध्यक्ष पद पर चयन एवं कार्यकारिणी गठन हेतु संपन्न पदाधिकारियों की बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से सौम्य अग्रवाल को अग्रवाल सभा, बलरामपुर का अध्यक्ष चयनित कर अध्यक्ष की कुर्सी पर आसीन कराया एवं उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने उन्हें इस दायित्व हेतु बधाई दी। तत्पश्चात उनकी सहमति से कार्यकारिणी में दो नए सदस्य राज कुमार अग्रवाल और अंकित गोयल को सम्मिलित कर 21 सदस्यों का चयन कर कार्यकारिणी को गठित किया गया। बैठक में अशोक कुमार गुप्ता, सुशील हमीरवासिया, सौम्य अग्रवाल, मनीष तुलस्यान, विनोद बंसल, आलोक अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल, साकेत तुलस्यान, पंकज अग्रवाल और शरद अग्रवाल उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी देते हुए नवनियुक्त जन सम्पर्क अधिकारी शुभम बंसल ने बताया कि यह अति महत्वपूर्ण बैठक श्री महाराजा अग्रसेन मंदिर के हाल में दिनाँक 19 मई को सायंकाल सम्पन्न की गई।

### छात्रों व ग्रामीणों को बढ़ावा देने के लिए योग प्रशिक्षण का आयोजन

**उतरौला(बलरामपुर)** । छात्रों व ग्रामीणों में योग को बढ़ावा देने के लिए आयुष विभाग ने योग प्रशिक्षक तैनात किया है। योग प्रशिक्षक गांवों के प्राथमिक विद्यालयों व उतरौला में स्थित राजकीय यूनानी चिकित्सालय में प्रशिक्षण देते हैं। योग प्रशिक्षक विजय कुमार मौर्य ने बताया कि वह क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में जाकर वहां के छात्र छात्राओं को योग का प्रशिक्षण देते हैं। इसी तरह राजकीय यूनानी चिकित्सालय उतरौला में आए मरीजों को योग क्रिया अपनाने की सलाह देते हैं तथा उन्हें योग में प्रशिक्षित करते हैं। इस योजना से छात्राओं व ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। राजकीय यूनानी चिकित्सक डा दिनेश कुमार ने बताया कि शासन ने मरीजों व छात्राओं को स्वस्थ रहने के लिए योग क्रिया अपनाने की योजना बनाई है। योग क्रिया में प्रशिक्षित करने के लिए संविदा पर योग प्रशिक्षक की तैनाती कर रखी है जो माह में बीस घण्टे अस्पताल व बारह घण्टे विधालय में प्रशिक्षण देते हैं। ग्राम सचिवालय में ग्रामीणों को समय समय पर योग प्रशिक्षण दिया जाता है।

### कुंडऊ बौड़िहार में आज शाम किया जाएगा दीन ए रहमत कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**उतरौला(बलरामपुर)**। विकास खंड गैड़ास बुजुर्ग के कुंडऊ बौड़िहार में बुधवार की शाम को एक दिवसीय दीन ए रहमत कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की सदारत शेख अब्दुर्रहमान मदनी व निजात शेख शमशीर युसूफ मदनी करेंगे। जामिया सिराजुल उलूम बौड़िहार के सदर शेख अब्दुर्रहमान मदनी ने कॉन्फ्रेंस में अधिक से अधिक लोगों को तशरीफ लाने का अपील किया है। उन्होंने बताया कि दीन ए रहमत कॉन्फ्रेंस की शुरुआत कारी जुबेर अहमद फुरकानी कुरान ए पाक की तिलावत से करेंगे। मुख्य वक्ता मौलाना सैयद मेराज रब्बानी व मौलाना जरजीस सिराजी कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। इनके अलावा बनारस के शैख अब्दुल गफ्फार सलफी, मुंबई के शैख सरफराज अहमद फैज़ी, काजी इस्माईल फैज़ी, सिद्धार्थनगर के डॉ फरीद अहमद सलफी, व कलाम अख्तर सनावली भी कॉन्फ्रेंस को खेताब करेंगे। इनके अलावा शोरा ए कराम सफीरूद्दीन इदरीसी, हाफिज तबरेज अहमद एवं महमूद अहमद रय्यानी नातिया कलाम पेश करेंगे।

### सड़क किनारे गहरी पुलिया के नीचे दुर्गन्धित लावारिस शव मिला

**जगम्मनपुर (जालौन)**। रामपुरा जगम्मनपुर रोड पर गहरी पुलिया के नीचे कई दिन पुराना अज्ञात व्यक्ति का बजबजाता शव मिला है। रामपुरा थाना अंतर्गत जगम्मनपुर रोड पर महूटा के पास जहां नमामि गंगे परियोजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण हो रहा है,गहरी पुलिया के नीचे झाड़ियों में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ शैलेंद्र कुमार बाजपेई एवं थानाध्यक्ष रामपुरा अर्जुन सिंह ने बताया कि आज मंगलवार को दोपहर एक ग्रामीण राहगीर ने फोन करके सूचना दी की रामपुरा जगम्मनपुर रोड पर महूटा के पास गहरी पुलिया पर किसी शव के सड़ने जैसी बदबू आ रही है। सूचना पाकर रामपुरा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची एवं दुर्गंध वाले स्थान पर छानबीन करने पर पुलिया के नीचे किनारे झाडियों में सड़ा दुर्गन्धयुक्त एक मृत मानव शरीर पड़ा मिला। थानाध्यक्ष रामपुरा ने इस घटना की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए उरई भेज दिया। सूचना पाकर घटना स्थल पर पंहुचे क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ शैलेंद्र कुमार बाजपेई एवं थानाध्यक्ष रामपुरा अर्जुन सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृतक के पहनावे से प्रतीत होता है कि वह अर्ध विक्षिप्त रहा होगा सड़क के किनारे पुलिया की दीवार पर लेटा हो या बैठा हो और नीचे गिर गया हो जिसके कारण उसकी मृत्यु होना संभव हैं। फिर भी मृत्यु के सही कारणों की जांच की जाएगी। मृतक का शव इतना अधिक सड़ गया था उसमें बहुत दूर से दुर्गंध आ रही थी इससे अनुमान लगाया जाता है कि शव दो या तीन दिन पुराना हो सकता है।

### वीडियो को लेकर युवकों के बीच हुए विवाद में देर रात्रि हुआ संघर्ष

**कालपी (जालौन)**। सोमवार शाम एक वीडियो को लेकर युवकों के बीच हुए विवाद ने देर रात संघर्ष का रूप ले लिया। इस दौरान हुई दो पक्षों में हुई मारपीट में महिलाओं समेत आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल में दाखिल कराया है। सूत्रों की माने मतदान खत्म होने से कुछ समय पहले गणेशगंज निवासी समीर मंसूरी नामक युवक का तरीबुल्दा निवासी युवक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था मामला बढ़ता कि इससे पहले मौके पर पहुंचे कुछ लोगों ने मामला शांत करा दिया था लेकिन सोमवार रात लगभग 11 बजे दो दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी डण्डों से लैस होकर वर्ग विशेष के लोगों पर हमला कर दिया। इस दौरान चले लाठी डण्डो व पत्थरो के हमले से रज्जाक, शिवम वर्मा शेर खाँ, सत्यपाल तथा कई महिलाएं भी घायल हो गयी थी। संघर्ष की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया तथा इस मामले मौके से कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। सूत्रों की माने तो एक पक्ष के कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है और घायल पक्ष ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक से मिलकर घटना की जानकारी दी है फिलहाल इस मामले में समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकी है। सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी के अनुसार मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। इस मामले में दोनों पक्षों के खिलाफपुलिस की तरफसे मामला दर्ज किया गया है शीघ्र ही इस मामले में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नगर पंचायत दुद्धी में चला मतदाता जागरूकता अभियान

- चुनाव मेरी शान 1 जून को करे मतदान को लेकर नगर मे किया गया भ्रमण
- 1 जून को खुलकर मतदान करने की नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन व सभासदगणों ने की अपील




दुद्धी सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

**नगर पंचायत** दुद्धी के अंतर्गत आज मंगलवार दिन 21 मई को सुबह 10ः00 बजे ढोल नगाड़ा की धुन पर स्वीप 2024 के तहत सभी नगरवासी मतदाताओं को जागरूक करने हेतु नगर पंचायत कार्यालय दुद्धी से मतदाता जागरूकता अभियान रैली चेयरमैन कमलेश मोहन के नेतृत्व में कस्बे मे निकली गई. जागरूकता रैली दुद्धि नगर कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए मां काली मंदिर , अमवार रोड होकर प्राचीन शिवाजी तालाब होते हुए नगर मे भ्रमण किया द्य नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी लोगो से हाथ जोड़कर शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए लोगों से अपील कियाद्य उन्होंने कहा कि इस कड़ी धूप में भी लोग अपने देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अन्य प्रदेशों, जनपदों मे बढ़ चढ़कर अपना मतदान कर रहे हैंद्य आप सभी 1 जून को अपने और अपने घर परिवार के लोगों का मतदान आवश्य कराये द्यजिससे देश मजबूत हो सके हर व्यक्ति का वोट देश को मजबूत करता हैद्य इसलिए 1 जून को सभी काम भूलकर सबसे पहले आप मतदान करें द्यइस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन ,जितेन्द्र कुमार देवेश मोहन,पंकज कुमार अग्रहरी,नगर पंचायत सभासदगण निरंजन कुमार गुप्ता , धीरज कुमार जायसवाल , शाहिद अहमद, सोनू खान,सभासद प्रतिनिधि मोहित अग्रहरि,अंका भारती नगर पंचायत सभासद राकेश आजाद,आलोक जायसवाल, शमीर अग्रहरी,रामदुलारे, जितेन्द्र कुमार सफाई नायक, उमेश अग्रहरी, कम्प्यूटर आपरेटर चित्रभान तिवारी, प्रज्ञा अग्रहरी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बबूल के पेड़ पर फांसी से लटकता मिला चतुर्थ श्रेणी कर्मी का शव

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**खेतों में** बबूल के पर फांसी से फंदे पर लटकता हुआ चतुर्थ श्रेणी कर्मी का शव मिला है।

रेंढ़र थाना अंतर्गत ग्राम धन्जा एवं कुदारी के बीच खेतों में बबूल के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूलता कुशलपाल उम्र 32 वर्ष पुत्र बालकराम कुशवाहा निवासी बंगरा थाना माधौगढ़ का शव मिला है। 21 मई मंगलवार को रेंढर थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह वैस को सूचना मिली कि ग्राम धन्जा एवं कुदारी के बीच खेतों में बबूल के पेड़ पर फांसी के फंदे के सहारे एक युवक का शव लटका है। सूचना पाकर थानाध्यक्ष रेंढ़र मय हमराही तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे एवं शव को पेड़ से उतरवा कर घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ शैलेंद्र कुमार बाजपेई तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए ग्रामीणों ने मृतक की शिनाख्त कुशलपाल कुशवाहा के रूप करते हुए बताया कि वह ग्राम बंगरा का रहने वाला है एवं ग्राम भंगा के कंपोजिट विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। मृतक की पत्नी ने विलखते हुए बताया कि मेरे पति की पहली पत्नी का निधन हो जाने के बाद मैं उनकी दूसरी विवाहिता पत्नी हूं। हम दोनों पत्नियों से एक-एक संतान है। बताया जाता है कि मृतक कुशलपाल शराब पीने का आदी था, घटना स्थल पर एक शराब का खाली क्वार्टर बरामद हुआ है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए उरई भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी माधौगढ श्री वाजपेई एवं थानाध्यक्ष रेंढर राजीव कुमार सिंह वैस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के सही कारण का पता लगने एवं मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## वर्षों से धूल फांक रही अल्ट्रासाउंड मशीन, जनता को हो रही परेशानी

- अल्ट्रासाउंड मशीन न चलने से गर्भवती महिलाओं को होती है परेशानी




चोपन/सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

**सरकार** जहा एक तरफ बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर तमाम दावे कर रही हैं वही दूसरी तरफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन में करीब 4 वर्ष से आधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन धूल फांक रही है, लेकिन विभाग का इस ओर ध्यान नहीं है।लाखों की अल्ट्रासाउंड मशीन लगी तो पूरे क्षेत्र के लोगों में खुशी थी कि जरूरत पर अल्ट्रासाउंड के लिए रोगियों को दूर नहीं जाना पड़ेगा, लेकिन वर्षों बाद भी अल्ट्रासोनोलाजिस्ट की तैनाती न होने से मशीन जस की तस पड़ी हुई है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यवस्था बनाने के लिए बड़े-बड़े दावे तो किए जाते हैं लेकिन जमीनी हकीकत बहुत दूर है।अस्पताल में एक्स-रे मशीन व टेक्नीशियन हैं, लेकिन अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं है। मशीन होते हुए भी रोगियों को अल्ट्रासाउंड के लिए आस-पास के निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर जाना पड़ता है। जहां अल्ट्रासाउंड के 800 से 1000 रुपये लिए जाते हैं। अल्ट्रासाउंड व्यवस्था ध्वस्त होने से सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं को होती है। गर्भ में पल रहे बच्चे की अवस्था की निगरानी के अल्ट्रासाउंड की जरूरत पड़ती है। प्रसव के लिए आई महिलाओं को दिक्कत होने व अल्ट्रासाउंड व्यवस्था न होने पर महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सक को मजबूरी में रेफर कागज बनाने पड़ते हैं। अस्पताल के आंकड़ों की माने तो करीब 50 से 60 प्रतिशत मामले तत्काल अल्ट्रासाउंड व्यवस्था न होने के कारण रेफर करने पड़ते हैं।

## अमेरिका हत्याकांडः दोषी बबई राम को 8 वर्ष की कैद

- 10 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- मां - बेटों को 6- 6 माह कैद की सजा

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

**साढ़े सात** वर्ष पूर्व हुए अमेरिका प्रसाद हत्याकांड के मामले में सोमवार को सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश रविंद्र विक्रम सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी बबई राम को 8 वर्ष की कैद व 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं मां - बेटों को 6-6 माह कैद की सजा सुनाई है। अभियुक्तगणों की जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अर्थदंड की धनराशि का 60 प्रतिशत वादिनी को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थाना क्षेत्र के खैरटीया (बिल्ली मारकुंडी) गांव निवासी केशरी देवी ने ओबरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 30 सितंबर 2016 को शाम साढ़े सात बजे वह अपने घर के दरवाजे पर मौजूद थी तभी गांव के पट्टीदार बबई राम पुत्र स्वर्गीय राम अभिलाष उसे बच्चों के विवाद और पुरानी रंजिश के चलते गाली देने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो राजकुमार और अशोक कुमार पुत्रगण बबई राम भी आ गए और दोनों गाली देने लगे। शोरगुल की आवाज सुनकर उसके पति रामचंद्र, बेटा अमेरिका प्रसाद और बहु तरवंती देवी आकर बीच बचाव करने लगे। इसीबीच अभियुक्तगण गाली देते हुए एवं जान मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडा और लात घुसे से मारने पीटने लगे। इस दौरान उसके बेटे अमेरिका प्रसाद को सिर में गंभीर चोटें आई और बेहोश होकर गिर गया। इतना ही नहीं उसके पति रामचंद्र को हाथ और पैर में चोटें आई,उसकी बहु तरवंती देवी और उसे भी काफी चोटें आई। आसपास के लोग आए और घटना को देखा तथा बीच बचाव किया। किसी प्रकार से अपनी बहु के साथ सूचना देने आई हूं। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। उधर इलाज के दौरान बेटा अमेरिका प्रसाद की मौत हो गई।विवेचक ने मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में बबई राम, राजकुमार, अशोक कुमार और शिवकुमारी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोषसिद्ध पाकर दोषी बबई राम को 8 वर्ष की कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं राजकुमार, अशोक कुमार और शिवकुमारी को दोषसिद्ध पाकर 6- 6 माह कैद की सजा सुनाई। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि का 60 प्रतिशत वादिनी को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेंद्र शरण रॉय ने बहस की।

### प्रत्याशियों की हारजीत को लेकर समर्थक दावा करने में आगे

**जालौन (उरई)**। सोमवार को पांचवें चरण की वोटिंग समाप्त होने के बाद अब प्रत्याशियों की हार जीत के बारे में चाय व पान की गुमटियों पर चर्चा होने लगी है। आलम यह है कि भाजपा, बसपा व सपा के समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत के दावे कर आंकड़े सामने रखने से नहीं चूक रहे हैं। हालांकि किस प्रत्याशी की जीत होगी यह तो 4 जून को होने वाली मतगणना के बाद ही पता चल सकेगा। जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा सीट पर पांचवें चरण का चुनाव सोमवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो चुका है। चुनाव के निपटते ही अब चाय व पान की गुमटियों पर किसी प्रत्याशी की हार होगी और कौन प्रत्याशी जीतेगा इस पर चर्चा शुरू हो गई है। सभी दलों के समर्थक अपने अपने हिसाब से आंकड़े निकालकर अपने-अपने दल के प्रत्याशी को जीता हुआ मान रहे हैं। साथ ही लोग यह भी जानने का प्रयास कर रहे हैं कि किस मतदाता ने किस पार्टी को वोट दिया है। वहीं, मतदाता भी आज के समय में जागरूक हो चुका है। वह खुलकर नहीं बता रहा है कि उसने किस प्रत्याशी को वोट दिया है। मतदाताओं का कहना है कि यह निजता का अधिकार है। वह इसके लिए बाध्य नहीं है कि कि वह किसी को भी बताएं कि उन्होंने किस प्रत्याशी को वोट दिया है।

### पीपी सेंटर परिसर में प्रशव केंद्र बंद


**उतरौला (बलरामपुर)**। उतरौला कस्बे के मुख्य बाजार के पुराने अस्पताल परिसर में स्थित प्रश्वोत्तर केंद्र उतरौला वर्षों से बंद पड़ा है। मजबूरन बाजार की महिलाओं को प्रसव कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला पर जाना पड़ता है। शासन ने करोड़ों रुपए की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला का निर्माण कराया। इसके पूर्व यह केंद्र उतरौला कस्बे के मुख्य बाजार में चल रहा था। इस परिसर में स्थित महिलाओं के प्रश्वोत्तर केंद्र में महिलाओं के प्रसव के साथ टीकाकरण, बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व तमाम सुविधाएं मिलती थी। लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के संचालन के काफी समय तक महिलाओं को सभी सुविधाएं मिलती थी वहीं महिला एएनएम, सफाई कर्मचारी, फार्मेसिस्ट समेत कई कर्मचारी तैनात रहे लेकिन वर्षों पहले विभाग ने इस केंद्र को बंद करके ताला लगा दिया तभी से प्रश्नोत्तर केंद्र बंद पड़े हैं।

गर्मी

### चढ़ते पारे का जीव जंतु और वनस्पतियों पर भी दिखने लगा असर

## जनपद में रौद्र रूप ले रही गर्मी के आक्रामक तेवर देख जनजीवन सहमा

- दोपहर बाद नगर के मुख्य मार्गों पर दिखता लॉकडाउन जैसा नजारा



भीषण गर्मी के बीच सड़क पर पसरा सन्नाटा — समृद्धि न्यूज

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**गर्मी** का मौसम अब अपने पूरे शबाब की ओर है बात यहां जनपद जालौन की करें तो बुंदेलखंड के मैदानी इलाकों में शामिल यह जनपद भी अब गर्मी की चपेट में दिखाई देने लगा है बीते कुछ दिनों से पारे का ग्राफ 42 और 43 डिग्री तक पहुंच गया है जिससे आम जनजीवन के साथ-साथ पशु पक्षी और वनस्पतियां भी गर्मी के प्रभाव से अछूती नहीं रही फिलहाल जिस तरह से सूर्य देव अपना रौद्र रूप और गर्मी अपने तेवर दिखला रही है उसको देखते हुए आम जनजीवन को बेहद सतर्कता बरतने की जरूरत है। बुंदेलखंड के पहाड़ी जनपदों में गर्मी का असर आमतौर पर अधिक दिखाई देता है उसका प्रभाव मैदानी क्षेत्र के जनपद में भी अब पड़ने लगा है बीते कुछ दिनों से यह देखा जा रहा है कि दोपहर के वक्त पारे का ग्राफ 42 और 43 डिग्री तक पहुंच जाता है जिसके चलते सुबह से ही मौसम गर्म होने लगता है और दोपहर आते-आते गर्मी अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाती है जिसका परिणाम यह रहता है कि भीषण गर्मी और तपन से बचने के लिए लोग अपने-अपने घरों में कैद हो जाते हैं और नगर के मुख्य मार्गों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पूरी तरह से सन्नाटा पसरा हुआ दिखाई देने लगता है कुल मिलाकर मौसम के बदले हुए तेवर आम जनजीवन के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं फिलहाल परी का ग्राफ 42 और 43 डिग्री तक पहुंचने से जनजीवन को खासा प्रभावित देखा जा रहा है तो वही जीव जंतुओं और वनस्पतियों पर भी अब इसका असर नजर आने लगा है।

### विद्युत की आवाजाही बनी परेशानी का सबक

**उरई।** भीषण गर्मी के दौरान विद्युत आपूर्ति आम जनमानस के लिए बेहद जरूरी हो जाती है लेकिन पिछले कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि नगर के कई क्षेत्र में विद्युत की आवाजाही के चलते लोगों को दोपहर की भीषण गर्मी के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं कामुवेश रात के वक्त भी रुक-रुक कर बिजली के आने जाने के चलते लोगों को अपनी नींद पूरी कर पाना भी मुश्किल हो गया है जिससे उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

# सीओ ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा





**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस अधीक्षक** अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी सदर ने जिला मुख्यालय के जीटी रोड स्थित नवीन मण्डी समिति परिसर मे बनाये गए ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में इनर कोर्डन, आउटर कोर्डन व आइसोलेशन वार्ड ड्यूटी को चेक किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा को लेकर पुलिस बल, केंद्रीय बल, सीआईएसएफ को चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन्स से अवगत कराया। साथ ही सभी सीसीटीवी को चेक कर संबंधित को सतर्क रहकर ड्यूटी करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एन्ट्री गेट तथा अन्य गेट पर तैनात पुलिस बल से पूछताछ एवं रजिस्टर चेक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये । स्ट्रॉग रूम परिसर में तीन लेयर सुरक्षा के साथ 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था में लगे संतरियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी पर तैनात रहने के साथ निर्वाचन आयोग से प्राप्त सुरक्षा संबंधी गाइडलाइन का पालन करने के लिए निर्देशित किया। सीसीटीवी कैमरों जो स्ट्रॉग रूम सहित पूरे परिसर में पैनी नजर रखे हुए है, की लाइव रिकार्डिंग, बैकअप आदि की जांच करते हुए ऑपरेटर को 24 घण्टे कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने ईवीएम सुरक्षा ड्यूटी में नियुक्त समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वह सतर्कतापूर्वक अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेंगे तथा स्ट्रांग रूम में किसी भी बाहरी व्यक्ति को नहीं आने देंगे। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# तहसील परिसर में शौचालय और पेयजल को लेकर पालिकाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज**

**तहसील** परिसर में बदहाल शौचालय और पेयजल समस्या को लेकर बार एसोसिएशन छिबरामऊ के पदाधिकारियों ने नगरपालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर पेयजल व शौचालय की बदहाल व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की।

बार एसोसिएशन छिबरामऊ के महासचिव ललित प्रताप सिंह ने नगरपालिका अध्यक्ष को सौंपे ज्ञापन में कहा कि अधिवक्ता सभागार के पास स्थिति शौचालय कई माह से बंद होने कारण अत्यधिक गंदगी फैल गई है और क्षतिग्रस्त हो गया है। बदबू फैलने से आस पास स्थिति अधिवक्ता चैंबर में अधिवक्ताओं को विधि व्यवसाय करने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में




शौचालय की साफ सफाई व मरम्मत कराया जाना आवश्यक है इसके अलावा तहसील परिसर स्थिति न्यायालयों में प्रतिदिन सैकड़ों अधिवक्ताओं और वादकारियों का आना जाना होता है। इस भीषण गर्मी में उपनिबंधक कार्यालय के बाहर एवं नवीन चैंबर के शौचालय के पास लगे हैण्ड पम्प खराब हो गए है जिससे पेयजल की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गई है। भीषण गर्मी में पेयजल समस्या को देखते हुए दोनों हैण्ड पम्पों का रीबोर कराया जाना जरूरी है जिससे लोगों को राहत मिल सके। इस दौरान सभासद सुशील पाण्डेय, मौजूद रहे।

# असाधारण बहादुर और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले बच्चों को किया जाएगा सम्मानित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**जिला प्रोबेशन** अधिकारी ईरा आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के मेधावी बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किए जाने हेतु जनपद स्तर पर असाधारण बहादुरी और असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले छोटे बच्चों के लिए जो रोल मॉडल हैं, जिन्होंने खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्यौगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में समाज पर व्यापक प्रभाव डाला हो, जो उचित मान्यता व सम्मान के पात्र हैं। ऐसे बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। जनपद स्तर पर जिन बच्चों की आयु 5 वर्ष से कम न हो व 31 जुलाई 2024 तक 18 वर्ष से अधिक न हो, जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है। ऐसे बच्चे पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। जो पीएमआरबीपी 2025 के लिए ऑनलाईन पोर्टल https://awards.gov.in को विगत 1 अप्रैल 2024 से लाइव कर दिया गया हैं जिसकी अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2024 है। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय/जिला बाल संरक्षण इकाई कक्ष संख्या 208 विकास भवन कन्नौज में सम्पर्क कर सकते हैं।

# घर में सो रहे व्यक्ति की किसी धारदार हथियार से हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

- पुत्री व युवक को पुलिस ने लिया हिरासत में

**कोतवाली** क्षेत्र छिबरामऊ की सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत रात्रि में अजय पाल सिंह उम्र करीब 48 वर्ष) पुत्र श्री मुंशीलाल मूल निवासी ग्राम घुसुआपुर थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज हाल निवास ग्राम करमुल्लापुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज ग्राम करमुल्लापुर स्थित अपने घर के कमरे में सो रहे थे, इस दौरान रात्रि करीब 01ः00 बजे अजयपाल को मृत अवस्था मे (गर्दन में धारदार हथियार के निशान) उनके परिजनों द्वारा देखा गया, जिसकी सूचना उनके द्वारा थाना छिबरामऊ पुलिस को दी गयी। उक्त घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा मृतक अजय पाल सिंह का शव 100 शैय्या अस्पताल छिबरामऊ में रखवाया गया है। ज्ञात हुआ है कि मृतक करीब 18 वर्ष से ग्राम करमुल्लापुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज में अपना मकान बनाकर रह रहे थे। मृतक अजय पाल थाना क्षेत्र सौरिख के ब्लॉक खड़नी में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात थे, इनके दो पुत्र सिद्धार्थ (उम्र करीब 19 वर्ष) व अमन (उम्र करीब 14 वर्ष) तथा एक पुत्री कुमारी निधी (उम्र करीब 17 वर्ष) हैं। उक्त संबंध में थाना छिबरामऊ में परिजनों द्वारा तहरीर दी जा रही है। स्थानीय पुलिस सौ शैया अस्पताल छिबरामऊ में मौजूद है, स्थानी पुलिस द्वारा परिजनों से तहरीर देने के लिए कहा गया परिजनों द्वारा तहरीर देने के बाद अभियोग दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक द्वारा दी गई समाचार लिखे जाने तक कोतवाली पुलिस को तहरीर प्राप्त नहीं हुई अभियोग दर्ज हो सके ग्रामीणों में चर्चा है कि मृतक की पुत्री द्वारा पिता की गई हत्या ग्रामीणों का आरोप है की सिगरेटरी के घर से युवक व मृतक की पुत्री को पुलिस ने लिया हिरासत में ग्रामीणों में चर्चा है की पुत्री के प्रेम प्रसंग के चलते पुत्री ने परिवार दोनों को नशीली दवा खिलाकर बेहोश किया उसके बाद में पिता की गला रेत प्रेमी के साथ मिलकर गला रेत कर हत्या कर दी।



## वृद्धा की अचानक बिगड़ी हालत, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव अताईपुर निवासी रामबेटी (75) पत्नी शियाराम शर्मा की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर चले गए।

# खबरें चलते-चलते

## अघोषित बिजली कटौती ने बढ़ाई नागरिकों की समस्या

- बिजली न आने से मंगलवार को पेयजल आपूर्ति रही बाधित
- क्षेत्र के लोगों का दावा, टुकड़ों में महज आठ घंटे मिल रही बिजली

**तिर्वा।** भीषण गर्मी व लू के थपड़ों के मध्य बिजली की अघोषित कटौती ने लोगों की समस्याएं बढ़ा दी है। एक ओर हीट बेब का असर, तो दूसरी ओर बिजली की किल्लत से आम जनमानस जूझ रहा है। ऐसे में पेयजल की आपूर्ति का बाधित हो जाना एक बड़ी समस्या बन गई है। तिर्वा तहसील क्षेत्र में इन दिनों बिजली की भारी अघोषित कटौती चल रही है। बिजली आपूर्ति टुकड़ो में हो पा रही है। बिजली कब आती है और कब चली जाती है। इसपर बिजली विभाग मौन साधे हैं। क्षेत्र के लोगों की माने, तो पिछले एक सप्ताह से लोगों को बमुश्किल टुकड़ों में महज आठ घण्टे बिजली मिल पा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में हालत इससे भी बदतर है। इन दिनों चल रही हीट बेब व भीषण गर्मी से लोग परेशान है। ऐसे में बिजली का न आना, लोगों की मुसीबतें बढ़ा रहा है। रात के दौरान भी बिजली गुल रहती है। जिससे लोग ढ़ंग से अपनी नींद भी पूरी नहीं पा रहे हैं। मंगलवार को नगर पंचायत तिर्वा द्वारा की जाने वाली पेयजल की आपूर्ति भी बिजली न आने से बाधित हो गई। पानी घरों में न तो सुबह आया और न ही शाम को। इससे तिर्वा के नागरिकों को भी पूरे दिन हैण्डपम्पो से पानी भरना पड़ा। पेयजल की समस्या को लेकर जब नगर पंचायत अध्यक्ष मिताली गुप्ता से पूछा गया, तो उनका कहना था कि बिजली न आने से टंकियों में पानी नहीं भर पाया। जिस बजह से आपूर्ति बाधित रही। उधर बिजली की अघोषित कटौती को लेकर एसडीओ तिर्वा कुलदीप राजपूत का कहना है कि भीषण गर्मी व हीट वेब का असर बिजली विभाग के ट्रांसफार्मरों पर भी पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर अधिक गर्म होने से उनमें आग लगने की संभावना बन जाती है। जिस बजह से आपूर्ति काटनी पड़ती है।

## नमामि गंगे द्वारा चलाया गया प्लास्टिक मुक्त अभियान



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** नमामि गंगे एवं भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून के तत्वाधान में सोमवार की सुबह कन्नौज के महादेवी गंगाघाट पर गंगा प्रहरियों द्वारा प्लास्टिक मुक्त भविष्य की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर गंगा प्रहरियों ने गंगातट पर प्लास्टिक कचरा एकत्र कर गंगा तट पर साफ सफाई की। उक्त कार्यक्रम नदियों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्रारम्भ किया गया है, जिसमे 15 नदियां शामिल हैं और यह बृहद अभियान 62 स्थानों पर भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून के निर्देश पर चलाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रिया, प्रतिभा, काजल, शालू, शिवानी, सपना, सौम्या, माधव,अनस, गंगा प्रहरी विकास कुशवाहा, स्पेयर हेड शाबान खान, परियोजना सहायक पवन कटियार समेत गंगा प्रहरी मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम पानी और प्यार नाटक देखने के लिए उमड़ी क्षेत्रीय भीड़

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**त्रिविधि** पावनी बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम पानी और प्यार देखने के लिए क्षेत्र की भीड़ उमड पड़ी उमड़ी भीड़ रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजीव कुमार ने मोमबत्ती अगरबत्ती जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट के तत्वाधान में स्थान गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल बुद्ध विहार बड़ेपुर मे आयोजित बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव पर पानी और प्यार नाटक एक लड़की पानी भरने के लिए आती है उधर बौद्ध भिक्षु आनंद जी भोजन करके गांव से आ रहे थे रास्ते में उनको बहुत तेज प्यास लगी और एक कुएं पर पानी भर रही प्रगति नाम की लड़की से पानी मांगा उसने कहा कि हम पानी नहीं पिला सकते हम नीच जाती की हैं बौद्ध भिक्षु आनंद ने कहा मैं आपकी जाति नहीं पूछ रहा हूं सिर्फ आपसे पानी मांग रहा हूं मेरा प्यास से गला सूखा जा रहा है मुझे आप पानी पिला दो इसके बाद वह लड़की प्रकृति बौद्ध भिक्षु आनंद को देखकर उन पर फिदा हो जाती है और शादी की जिद करने लगती है इस बात को लेकर के आनंद जी ने तथागत बुद्ध को बताया भगवान ने अपने मन में समझ लिया और उसे प्रकृति को उपदेश दिया जब उसे ज्ञान प्राप्त हुआ तो उसने कहा भगवान मुझसे गलती हो गई बाद में वह बहुत बड़ी बौद्ध भिक्षुड़ी बनती है। रात्रि कार्यक्रम के अवसर पर संरक्षक बौद्ध भिक्षु कमलबोधी भंते आनंद सागर भंते संघ दीप बुद्ध मित्र देवेंद्र सिंह यादव प्रधानाध्यापक प्रमोद शाक्य उपदेश कुमार शाक्य टी जी 2 विद्युत विभाग अधिशासी अभियंता मीटर विद्युत विभाग खूबचंद त्यागी पूर्व वीडियो प्रभात गौतम संजीव कुमार ट्विंकल डॉक्टर अशोक तमारे शेर सिंह श्रीनिवास शाक्य संतोष प्रिय बौद्ध ने किया संयोजक तीर्थराज बौद्ध ने सभी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। इस दौरान सतीश चंद्र बौद्ध अमित कुमार शाक्य गोविंद कुमार शाक्य राहुल कुमार शाक्य पूर्व प्रत्याशी विधानसभा तिर्वा अनिल कुमार शाक्य उमेश पाल शीशराम शैलेंद्र कुमार डॉ शैलेंद्र सिंह शाक्य रामचरन राजू कमल प्रधान सुग्रीव सिंह राजपूत विमलेश कुमार राजपूत शेर सिंह कठेरिया मा0 नेहा सिंह ग्राम प्रधान सिकंदरपुर निगोह आनंद कुमार महेंद्र कुमार सुमित कुमार कन्हैयालाल देवकीनंदन धर्मेंद्र कुमार डीके दिल्ली डॉ0 मनोज कुमार सचिन कुमार श्री कृष्णा शाक्य पूर्व प्रधानाध्यापक राजकुमार कमलेश कुमार रामवीर रामपाल सुनील कुमार गंगासागर शिशुपाल बंटू शांति देवी शाक्य जितेंद्र कुमार योगेंद्र कुमार नंदकिशोर देवेंद्र सिंह यादव सचिन वर्मा सोनू गुप्ता वीरू वाल्मीकि जगबीर सिंह राजू मास्टर अंकित जाटव मनोज यादव संजीव कुमार जाटव कुमार सोनू साकेत सोवरन सिंह शाक्य अतर सिंह मुंशीलाल शाक्य शिवराम शाक्य हिरदेश कुमार सौरभ रघुनंदन सिंह शाक्य रामपाल राजेंद्र सिंह शाक्य अरविंद शाक्य नवनीत विशाल विकास मिथुन अशोक कुमार आकाश मानव शाक्य गणेश चंद गौतम शाक्य उमेश शाक्य दिनेश शाक्य बृजेश कुमार सुरेश चंद अखिलेश कुमार रामौतार कोटेदार सिद्धपाल प्रदीप कुमार राजीव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।




## अवैध शराब के 225 पाउच सहित दो लोग गिरफ्तार

**कालपी (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन के अनुरूप कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने कालपी क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर जा रहे दो व्यक्तियों को पड़ककर जेल भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कालपी कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम के साथ रायड़ रोड में अवैध कच्ची शराब ले जा रहे आरोपियों आदित्य निवासी मुहल्ला सुशील नगर उरई तथा रोहित निवासी ग्राम जयरामपुर कालपी को गिरफ्तार कर लिया आरोपियों के पास से 225 अदद नाजायज शराब बरामद की गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग 60 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज करके चालान कर दिया गया है। समझा जाता है कि नाजायज शराब को गांव में बेचने के लिये ले जाया जा रहा था।

# शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अधिक मात्रा में पिए पानी: डॉ. उदय

- लू से बचाव के लिए धूप से बचे, शिकंजी या आम का पना पिए
- तरबूज, दही, मौसमी फलों का करें सेवन

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**सामुदायिक स्वास्थ्य** केंद्र जलालाबाद में तैनात डॉक्टर उदयवीर प्रताप ने लोगों को सलाह देते हुए बताया कि तेज धूप से और लू बीमार कर सकती हैं। इस समय शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अधिक मात्रा में पानी पिए। शरीर में पानी की कमी न होने दें। इस मौसम में खान पान में थोड़ी सी लापरवाही सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। लू से बचने के लिए दोपहर 12 से तीन बजे तक धूप में न निकले, यदि आवश्यक हो तो धूप में निकलते समय सिर ढक कर निकले। गमछा, टोपी या छतरी का प्रयोग करे। जिससे लू से बचा जा सके। अक्सर देखा जाता है की लू लगने से पसीना नही आता। लू लगने से हार्टबीट तेज हो जाती है। सर दर्द चक्कर आने लगते है, तेज बुखार, लूज मोशन, त्वचा का सुखना गर्म होना लू लगने के लक्षण है। इससे बचाव के लिए ओ आर यस का घोल, लस्सी, नीबू पानी, आम का पना लाभदायक है। उन्होंने बताया की लगातार बढ़ रहे तापमान के कारण खूब पानी पिए। बाहर निकलते समय पानी साथ रखे। गर्मी में तरबूज, दही, मौसमी फलों का सेवन करे। स्वास्थ्य के लिए लाभ दायक है। खाली पेट घर से बाहर न निकले।




हीट बेव

## उमर्दा ब्लाक में 42 व हसेरन ब्लाक में बने 29 अमृत सरोवर

# 71 अमृत सरोवरों में खर्च कर दिए 15 करोड़, नहीं मिला लाभ

- अधिकांश अमृत सरोवरों में मौजूदा स्थिति में तालाबों में नहीं है पानी
- चल रही हीट बेब से पानी की आस में भटक रहे आवारा जानवर व पक्षी

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**पिछले एक** सप्ताह से क्षेत्र में चल रही हीट बेव से आम जनमानस ही नहीं अपितु जानवर भी इसका शिकार हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा जानवर पीने के पानी के लिए भी तरस रहे हैं। हलांकि जिला प्रशासन ने तिर्वा तहसील क्षेत्र में पिछले साल करीब 15 करोड़ की लागत से 71 अमृत सरोवर का निर्माण कराया था। प्रशासन की मंशा थी कि इन अमृत सरोवरों के जरिए लोगों को टहलने के लिए एक स्पॉट मिलेगा। इसके साथ ही सरोवरों में भरे पानी से गर्मी के सीजन में जानवर भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेगें। पर इन अधिकांश सरोवरों में पानी न होने के कारण सभी अमृत सरोवर सफेद हाथी साबित हो रहे हैं।

जिला प्रशासन ने तिर्वा तहसील के उमर्दा ब्लाक में 42 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया है। इसी तरह से हसेरन ब्लाक में 29 अमृत सरोवरों का निर्माण हुआ है। इन 71 अमृत सरोवरों के निर्माण में करीब 15 करोड़ की धनराशि खर्च की गई है। मौजूदा हालत यह है कि 71 में से करीब 60 अमृत सरोवरों में पानी नहीं है। जिस बजह से यह सभी तालाब सूखे पड़े हैं। ग्रामीण इलाके से घरेलू व आवारा जानवर इन दिनों पीने के पानी के लिए परेशान है। पालतू जानवरों को तो किसी तरह पशु पालक हैण्डपम्प के जरिए पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। पर सड़को पर घूम रहे आवारा जानवरों के झुण्ड तालाबों में पानी न होने के कारण प्यास से व्याकुल है। इन दिनों हीट बेव का काफी असर है। जिस बजह से इन आवारा जानवरों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। इसके अलावा भी तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों का आरोप है कि अमृत सरोवरों के निर्माण में काफी बजट खर्च किया गया। इसके बावजूद भी इसका लाभ आम जनमानस को नहीं मिल पा रहा है। पूरे प्रकरण में उमर्दा के खण्ड विकास अधिकारी दयाराम ने बताया कि सभी ग्राम प्रधानों को निर्देश दिए गए हैं कि अमृत सरोवर में पानी भरवाया जाए। अभी तक जिन अमृत सरोवरों में पानी नहीं भरा है, उनको लेकर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।



उमर्दा ग्राम सभा में सूखे पड़े अमृत सरोवर के तालाब का नजारा



पानी की तलाश में खेतों में भटक रहे आवारा जानवर

# दोस्तों के साथ गंगा स्नान करते समय युवक गंगा में डूबा

- दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने निकाला शव
- घर से दौड़ लगाने निकला था, दोस्तों के साथ पहुंचा गंगा नहाने

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

**घर से** दौड़ लगाने निकला युवक दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने पहुंच गया। गंगा स्नान के दौरान वह डूब गया। गोताखोरों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला। परिजन उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कस्बा मोहम्मदाबाद के शिवाजी नगर निवासी शंभू दयाल का 18 वर्षीय पुत्र प्रशांत राठौड़ ऊर्फ मोनू सुबह घर से लगभग 5 बजे दौड़ लगाने गया था। प्रशांत के साथ सुबह कस्बे के ही दोस्त अनुभव पुत्र सोनू चौसरिया व राहुल पुत्र अवधेश शर्मा भी गया था। तीनों लोग नीव करोरी स्टेशन से लगभग 6 बजे कालिंद्री ट्रेन से फर्रुखाबाद गंगा नहाने चले गए। गंगा स्नान करते समय अनुभव ने देखा कि प्रशांत नहीं दिख रहा है। जिसकी सूचना अनुभव ने अपने चाचा को फोन पर सुबह करीब 9 बजे देते हुए बताया कि हम लोग गंगा स्नान करने आये है। प्रशांत गंगा में डूब गया है। उसके बाद अनुभव के परिजनों ने शंभू दयाल को सूचना दी कि तुम्हारा पुत्र प्रशांत गंगा में डूब गया है। आनन-फानन में परिजन गंगा जी पहुंचे। वहां लगभग 2 घंटे बाद गोताखोर ने प्रशांत को बाहर निकला। शंभू दयाल ने प्रशांत को लोहिया लेकर गया जहां डॉक्टर ने प्रशांत को मृत घोषित कर दिया। शव को लेकर परिजन जैसे ही घर पहुंचे, तो परिजनों में कोहराम मच गया। शंभू दयाल की ऊन व प्लास्टिक त्रिपाल आदि की दुकान है। मृतक प्रशांत भाई बहनों में सबसे छोटा था। बड़े भाई विवेक ऊर्फ मोनू, बहन शिल्पी, गोल्डी, माता मुन्नी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। शंभू दयाल ने कोई भी कानूनी कार्यवाही से मना कर दिया।

# एसपी ने किया थाने का निरीक्षण, लंबित मामलों का निस्तारण करने के दिये निर्देश

कंपिल, समृद्धि न्यूज



थाने का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक विकास कुमार

**पुलिस अधीक्षक** ने मंगलवार को थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने शस्त्र रजिस्टर, क्राइम व विवेचनाओं के निस्तारण, अभिलेखों का रखरखाव को और बेहतर करने तथा लंबित मामलों को निस्तारण करने का निर्देश दिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम को कंपिल थाने का पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित विवेचनाएं एवं वांछित अपराधी की गिरफ्तारी करने के साथ ही हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही हिस्ट्रीशीटरों के आपराधिक इतिहास के साथ उनके स्वजनों व रिश्तेदारों के भी इतिहास को खोलने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने थाने में पड़े वाहन, शस्त्र, कार सहित मालों का जल्द निस्तारण करने का आदेश दिया। वहीं वांछित अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के आदेश दिए। इसके बाद माल खाना, बीट बुक, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क सहित लंबित पड़ी विवेचना एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर थाने में आए प्रार्थना पत्रों पर जल्द ही कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। एसपी के निरीक्षण के दौरान मातहत पूरे फार्म में दिखे।

## खबरें चलते-चलते

### हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मु0अ0सं0 65/24 धारा-147, 148, 149, 302 भा0द0वि0 से संबंधित वांछित अभियुक्त शेर सिंह पुत्र दयाराम निवासी ग्राम नकटपुर मोहम्मदाबाद को गिरफ्तार कर लिया। दिनांक 27 मार्च 2024 को पेशकार के खेत के बगल में लगी झाड़ियों के पास बहदग्राम नकटपुर थाना में समय करीब 17.00 बजे अभियुक्तगण द्वारा वादी के भाई सत्यपाल उम्र करीब 48 वर्ष को जमीन बिकवाने की रंजिश मानते हुए सुनियोजित तरीके से एक राय होकर लाठी-डंडों से प्राणघातक चोट पहुंचाकर हत्या कर देने के संबंध में नेत्रपाल पुत्र राजाराम लोधी राजपूत निवासी ग्राम उपरोक्त थाना मोहम्मदाबाद की लिखित तहरीर पर दिनांक 28 मार्च 2024 को मु0अ0सं0 65/24 धारा-147, 148, 149, 302 भा0द0वि0 बनाम संजीव, कुलदीप, कमल प्रताप पुत्रगण राम निवास, शेर सिंह पुत्र दयाराम, भूरे पुत्र महिपाल समस्त निवासीगण ग्राम उपरोक्त के खिलाफ थाना मोहम्मदाबाद पर पंजीकृत हुआ था। अभियुक्त पर उपरोक्त मुकदमे के अलावा पांच मुकदमे अन्य पंजीकृत हैं।

### पुलिस अधीक्षक के आदेश पर भैंस चोरी का मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव रमापुर दबीर निवासी दुरवीन सिंह पुत्र रामभरोसे की दो भैसें चोरी कर लिए जाने के मामले में मेरापुर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अज्ञात चोर के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। तहरीर के अनुसार दुरवीन सिंह गांव के बाहर अपने खेत में मकान बनाकर स्थाई रूप से निवास करते हैं। इसी जगह पर उनके जानवर बंधते हैं। 4 अप्रैल को दुरवीन सिंह आवश्यक कार्य हेतु अपनी रिस्तेदारी मैनपुरी चले गये थे। घर पर बच्चे थे। 4-5 अप्रैल की रात किसी समय चोर दुरवीन सिंह की एक लाख चालीस हजार रुपए कीमती दो भैसे चुरा ले गए। भैसे चोरी हो जाने की सूचना पर मैं अपने घर वापस आया और अचरा चौकी व मेरापुर पुलिस को घटना की सूचना दी, लेकिन पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब जाकर दुरवीन सिंह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार के सुपुर्द कर दी।

### बियर की दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुरहास बियर दुकान के अनुज्ञापी वरूण कुमार सिंह राठौर ने आज थाने में तहरीर देते हुए बताया है कि मेरी मुरहास में बियर की दुकान है। बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोडकर 7 पेटी बियर, गोल में रखी 4000 रुपये की नगदी तथा इन्वर्टर, बैटरा, डीवीआर, यूएस मशीन आदि चोरी कर ले गये है। सुबह जब आसपास खेतो मे खोजबीन की, तो मक्का के खेत मे 5 पेटी बियर पड़ी मिल गयी। जबकि शेष 2 पेटी बियर व अन्य सामान खोजने से भी कही नही मिला। मालूम हो कि एक पेटी मे 24 कैन होती है। इस तरह से 48 बियर की कैनें व इर्न्वटर आदि की कीमत 70-80 हजार बताई गयी है। ताज्जुब तो यह है कि मुरहास बाजार एक छोटा सा बाजार है। उस पर रात मे वहां पुलिस डयूटी भी लगती है। सायंकाल समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नही की गयी है, जबकि तहरीर अलसुबह ही थाने मे दी जा चुकी थी।

### तीर्थ स्थल संकिसा से बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** जनपद इटावा थाना ऊसराहार क्षेत्र के गांव टांडेहार निवासी उदयवीर सिंह पुत्र सुरेश चंद्र शाक्य ने बाइक चोरी का अज्ञात चोर के विरुद्ध मेरापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार उदयवीर सिंह अपनी स्प्लेंडर प्रो बाइक द्वारा 17 मई को समय करीब 11.00 बजे विषारी देवी मंदिर संकिसा आए थे। मंदिर की बाउंड्री के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर दी। जहां से अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गये। मेरापुर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि बाइक चोरी नहीं हुई थी। धोखे से बदल गई थी। जो मिल गई है।

# सीएचसी में दांतों के मरीजों का नहीं हो पा रहा उपचार




कायमगंज, समृद्धि न्यूज

- दांत रोग विशेषज्ञ डॉ0 सचिन वोले नहीं हैं उपकरण
- सीएमओ को कई बार लिख चुके हैं इस बावत पत्र



अस्पताल में उपचार कराने आये मरीज — समृद्धि न्यूज

**शासन जहां** एक तरफ जनता को बेहतर चिकित्सीय सुविधायें मुहैया कराने की बात कहकर अपनी वाहवाही लूट रही है, वहीं दूसरी ओर सीएचसी में दांत के मरीजों को उपचार नहीं मिल पा रहा है। जिससे वह बैरंग घरों को वापस लौट रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में मंगलवार को कई मरीज दांतों के आये। जिस पर दंत रोग विशेषज्ञ डॉ0 सचिन ने कहा कि हमारे पास सामान उपलब्ध नहीं है। इस पर कई मरीजों ने उन्हें खरीखोटी सुनाई। डॉ0 सचिन ने बताया कि एक्सरे, डेन्टल चेयर काफी समय से खराब पड़ी है। इसके अलावा दांत निकालने के औजार, दांत भरने का सामान, दांतों की सफाई मशीन आदि उपकरण नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कई बार वह सीएमओ को लिखकर दे चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जिससे आने वाले मरीज बगैर उपचार कराये बैरंग वापस हो रहे हैं। वहीं भीषण गर्मी में आये मरीजों के उपचार के लिए डा0 अमित ने मरीजों के गुलूकोज की बोतल लगाने के लिए तथा उनका उपचार शुरू करने के लिए फार्मासिस्ट, वार्डवॉय सहित ट्रेनिग पर आये लोगों को आवाज लगाई। जब कोई नहीं आया तो डाक्टर ने ट्रेनिग में आये लोगों को पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा अगर तुम लोग हमारे साथ नहीं रह सकते हो तो जाओ यहाँ से भाग जाओ, तभी कुछ लोग ट्रेनिग वाले लड़के शुशांक, नवीन, मौसम अस्पताल से नाराज होकर अपने घर चले गये।

# आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान

कायमगंज, समृद्धि न्यूज



गली में घूमते आवारा कुत्ते

**आवारा कुत्तों** से लोग काफी परेशान हैं। आवारा कुत्ते ने एक सब्जी विक्रेता को काटकर घायल कर दिया। उसने सीएचसी पहुंचकर अपना उपचार कराया।

जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद शहर के मोहल्ला लिंजीगंज निवासी राजकुमार पुत्र राम भरोसे उम्र 55 वर्ष हाल निवासी कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला झील में रह रहा है। लगभग एक वर्ष से वह कायमगंज क्षेत्र में सब्जी का ठेला लगाकर अपनी आजीविका चलाता है। मंगलवार को वह ट्रांसपोर्ट चौराहा पर सब्जी की ठेली लगाए हुए था, तभी एक आवारा कुत्ते ने सब्जी विक्रेता राजकुमार के ऊपर हमला बोल दिया। आवारा कुत्ते के हमले से सब्जी विक्रेता राजकुमार का हाथ लहूलुहान हो गया। गंभीर रूप से घायल सब्जी विक्रेता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचा। जहां उसने पट्टी आदि करायी। लोगों का कहना कि आवारा किस्म के कुत्ते कई लोगों पर हमला कर काटकर घायल कर चुके हैं। पीड़ित लोगों ने आवारा कुत्तों को पकड़वाये जाने की मांग की है।

# योग में जटिल बीमारियों का इलाज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



योग शिविर में भाग लेते महिला पुरुष व बच्चे

**पतंजलि योग** समिति के जिला प्रभारी राकेश कुमार द्विवेदी के योग प्रशिक्षण शिविर में काफी लोग योग करने पहुंच रह हैं। लोगों का कहना है कि जब से उन्होंने योग करना शुरु किया है, तब से उनका शरीर हिटफिट रहता है।

जानकारी के अनुसार शहर के बस स्टैण्ड स्थित स्वराज कुटीर में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी राकेश कुमार द्विवेदी कई वर्षों से शहरवासियों को योग का प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनका सपना है कि हर कोई स्वस्थ्य रहे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए वह लोगों को सुबह 6 से 7 बजे तक निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर में महिलाएं, बच्चे, पुरुष एवं युवतियां भाग ले रही है। योग गुरु राकेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में यदि लोगों को स्वस्थ्य रहना है, तो एक घंटे योग के लिए अवश्य निकालें। जिससे वह होने वाली तमाम बीमारियों से बच रहेंगे और लंबा जीवन जियेंगे। साथ ही उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वह जंक फूड से दूर रहें, क्योंकि यह हमारी शरीर के लिए बहुत हानिकारक होते हैं। उन्होंने कहा कि योग व प्राणायाम ऐसी क्रियायें हैं जिनसे जटिल से जटिल रोगों को दूर किया जा सकता है। जैसे अनुलोम विलोम, कपालभांति, भस्त्रिका, सूर्य आसन, बज्रासन, उज्जायी, डीप ब्रीदिंग जैसी कई क्रियायें है जिन्हें करने से व्यक्ति निरोगी और ऊर्जावान रहेगा। उन्होंने शहर के लोगों से प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने की अपील की है, ताकि वह भी अपने को स्वस्थ्य और निरोगी रख सकें।

# पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

संकिसा, समृद्धि न्यूज

**मेरापुर थाना** क्षेत्र के गांव ऊनरपुर निवासी पीड़ित राम प्रताप सिंह की तहरीर पर थाना पुलिस ने एक महीने बाद पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

दर्ज कराये गए मुकदमे में पीड़ित राम प्रताप सिंह ने कहा है कि दिनांक 20 अप्रैल को 12 बजे दोपहर में गांव में नरेंद्र सिंह की परचूनी की दुकान से सौदा लेने के लिए खड़ा था, तभी पुरानी रंजिश में पास खड़े गांव के ही नीलू पुत्र पप्पू ने मेरे पैर में दो सौ ग्राम का वांट मार दिया। जब मैंने वांट मारने का कारण पूछा, तो नीलू आगबबूला हो गया और उसने परिवार के पप्पू, अनुज, मोहित को भी बुला लिया तथा मुझे लात-घूसों, थप्पड़ों से बुरी तरह मारा पीटा व गंदी-गंदी गालियां दीं तथा जान से मारने की धमकी दी। आरोपित नीलू ने मेरा फोन सड़क पर पटक दिया। जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की शिकायत जब मैंने थाने में की तब पुलिस एक दलाल के घर जाकर जांच पड़ताल कर वापस चली गई। आरोपितगण एलानियां धमकी देकर कह रहे हैं कि थाने में मेरी सांठगांठ हो गई है। तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओंगे। तब पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होकर प्रार्थना पत्र दिया है। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच दरोगा आनंद शर्मा के सुपुर्द कर दी गयी है।

### स्कूली गाड़ी खड्ड में पलटी तीन बच्चे घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** गांव सिवारा मुकुट में संचालित एक स्कूल के बच्चे हर रोज गाड़ी से स्कूल आते जाते हैं। मंगलवार सुबह सात बजे गांव शाहीपुर, रामनगर व गौरखेड़ा से कुल एक दर्जन से अधिक बच्चों को लेकर स्कूल के लिए जा रही थी। जैसे ही कार कंपिल सिवारा मार्ग पर गांव गौरखेड़ा के निकट पहुंची कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर खड्ड में पलट गयी। जिससे बच्चों में चीखपुकार मच गयी। राहगीरों ने बच्चों को कार से बाहर निकाला। स्वजनों ने घायल बच्चों का निजी चिकित्सक के यहां इलाज कराया। हादसे में गौरखेड़ा निवासी बालकराम दीक्षित की पुत्री जान्हवी के सिर में चोट आयी है। जबकि पूजा व डोली के पैर में चोटें आने पर तीनों बच्चों का सिवारा के एक निजी चिकित्स्क के यहां उपचार करवाया गया। 2 अन्य बच्चे चुटहिल हो गए।

# भारत देश कृषि और ऋषि परंपरा का देश है: मुनि सूरीश्वर महाराज

कंपिल, समृद्धि न्यूज



मुनि सूरीश्वर महाराज से मिलते सत्यप्रकाश अग्रवाल व अन्य

**भगवान राम** की जन्म स्थली अयोध्या से अनेक धार्मिक स्थलों की पद यात्रा करके हुए तीर्थनगरी कंपिल पहुंचे जैनमुनि सूरीश्वर महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कहा कि भारत देश को एक बगीचा सभी धर्म इसमें लगी हुई फुलवारियां और हम सब उन फुलवारियों के फूल हैं।

सोमवार सायं तीर्थनगरी कंपिल पहुंचे जैन मुनि सूरीश्वर महाराज ने कस्बे के शाकुंतलम अतिथिगृह में रात्रि प्रवास के बाद मंगलवार को प्रवचन दिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि भगवान ने सम्पूर्ण जगत में जो भी बनाया वो एक बनाया इसको मानव जगत ने बांटने का काम किया है। हम सभी को चाहिए कि मिल जुलकर इस सृष्टि के बारे में सोचें। हम सभी को एक दिन यहां से अस्त होना ही है तो हम किसी को क्यों कष्ट दें। उन्होंने कहा कि हीरे जवाहरात से भरी ताला लगी वह तिजोरी किस काम की जिसका लाभ किसी को मिल न सके। इसी प्रकार हमारे पास अगर धन है तो हमे उस धन से जरूरत मंद लोगों की मदद के लिए आगे आना होगा। एक दूसरे व्यक्ति के दर्द को महसूस करना होगा और यह सब करने के लिए लोगों को प्रेरित करना होगा। भारत देश कृषि और ऋषि परंपरा का देश है। विमालयतन ट्रस्ट के महामंत्री पुखराज डागा ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। जैनमुनि रात्रि विश्राम के बाद बुधवार सुबह एटा जिले से होते हुए दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान सत्य प्रकाश अग्रवाल, पुखराज डागा, अरुणा डागा, सचिन पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

### तमंचा सहित एक को पुलिस ने पकड़ा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाने के दरोगा सूर्यप्रताप उपाध्याय ने रोहिला रेलवे क्रासिंग के पास जाजपुर बंजारा जाने वाले रोड पर जयकरन उर्फ पंडित निवासी पहाड़पुर नबादा से एक अदद 315 बोर तंमचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

# धोखाधड़ी व जालसाजी कर जमीन का बैनामा करने के मामले में तीन गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



पुलिस हिरासत में अभियुक्तगण — समृद्धि न्यूज

**धोखाधड़ी** व जालसाजी के मामले में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 13 अप्रैल 2017 को वादी रामपाल भाष्कर पुत्र शंकर लाल निवासी ग्राम अमेठी जदीद कोतवाली फर्रुखाबाद द्वारा थाना मऊदरवाजा पर अभियुक्तगण रामपाल भाष्कर पुत्र श्रीकृष्ण निवासी ग्राम चॉदपुर कोतवाली फर्रुखाबाद, जियाउर्रहमान पुत्र मुजीबुर्रहमान निवासी ग्राम अमेठी जदीद कोतवाली फर्रुखाबाद, सियाराम पाल पुत्र सोनपाल निवासी ग्राम धर्मनगरिया कोतवाली फर्रुखाबाद कोतवाली फर्रुखाबाद तथा अन्य तीन के विरुद्ध अपनी कृषि भूमि संख्या 31/0.0600 हे0 स्थित ग्राम खानपुर परगना पहाड़ा जनपद फर्रुखाबाद को उपरोक्त अभियुक्तगणों द्वारा धोखाधड़ी, जालसाजी करके वादी से मिलते नाम का अनुचित लाभ करने हेतु रामपाल भाष्कर पुत्र श्रीकृष्ण निवासी चांदपुर थाना कोतवाली फर्रुखाबाद व सुमन पत्नी रामऔतार निवासी खानपुर कोतवाली फर्रुखाबाद जियाउर्रहमान पुत्र मुजीबुर्रहमान निवासी ग्राम अमेठी जदीद कोतवाली फर्रुखाबाद, सियाराम पाल पुत्र सोनपाल निवासी ग्राम धर्मनगरिया कोतवाली फर्रुखाबाद कोतवाली फर्रुखाबाद व रामऔतार पुत्र जीवालाल निवासी खानपुर थाना कोतवाली फर्रुखाबाद व जाहिद खां पुत्र खालिद खां निवासी हाता शरीफ खां भीकमपुरा थाना मऊदरवाजा जनपद फर्रुखाबाद ने एक अपराधिक षडयंत्र तैयार किया और उपरोक्त अभियुक्त रामपाल भाष्कर पुत्र श्रीकृष्ण ने एक फर्जी एवं कूटरचित मतदाता पहचान पत्र वादी रामपाल भाष्कर पुत्र शंकरलाल निवासी अमेठी जदीद का बनाकर वादी की उपरोक्त कृषि भूमि का फर्जी एवं कूटरचित बैनामा सुमन पत्नी रामऔतार के नाम दिनांक 10.10.2016 को कराने के बाद उसी दिन सुमन उपरोक्त से अभियुक्त जियाउर्रहमान उर्फ मुफीद व सियाराम के द्वारा एक विक्रय अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराये जाने विषयक शिकायत दर्ज करायी थी। जिस पर थाना मऊदरवाजा पर मु0अ0सं0 186/2017 धारा-420, 467, 468, 471, 120बी आई.पी.सी. दर्ज किया गया था। दिनांक 21.05.2024 को थाना मऊदरवाजा पुलिस/एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा रामपाल भाष्कर पुत्र श्रीकृष्ण निवासी ग्राम चांदपुर थाना कादरीगेट, जनपद फर्रुखाबाद, जियाउर्रहमान पुत्र मुजीबुर्रहमान निवासी ग्राम अमेठी जदीद कोतवाली फर्रुखाबाद, सियाराम पाल पुत्र सोनपाल निवासी ग्राम धर्मनगरिया कोतवाली फर्रुखाबाद कोतवाली फर्रुखाबाद को गिरफ्तार कर लिया।

# घबराएं नहीं 343 बूथ के मतदाता निडर होकर करें मतदान: डा. नवल किशोर शाक्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- जो लोग निराश होकर बाहर चले गये वह 25 मई से पहले घर लौट आये
- लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर मुझे दे आशीर्वाद


डा0 नवल किशोर शाक्य

**फर्रुखाबाद** लोकसभा की अलीगंज विधानसभा की बूथ संख्या 343 पर पुर्नमतदान कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर फर्रुखाबाद जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट वीके सिंह ने 25 मई दिन शनिवार की तिथि घोषित कर दी है। समाजवादी इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने अलीगंज विधानसभा की बूथ संख्या 343 खिरिया पमारान के उन सभी सम्मानित मतदाताओं से अपील की है कि 13 मई को कुछ लोगों द्वारा दबंगई के चलते आप लोग मतदान करने से वंचित रह गये थे निराश न हो। निर्वाचन आयोग ने पुर्नमतदान कराये जाने के लिए तिथि घोषित कर दी है। इसलिए आप सभी लोग मतदान के महापर्व में शमिल होकर मतदान करें। उन्होंने बूथ से संबंधित सभी मतदाताओं से यह भी अपील की है कि जो लोग निराश होकर 13 मई के बाद घर से बाहर चले गये है वह सभी लोग 25 मई दिन शनिवार से पहले अपने-अपने घर वापस आकर मतदान के महापर्व में शामिल होकर हमें आशीर्वाद प्रदान करें। उन्होंने उन लोगों को भी सचेत किया है कि जिन लोगों ने दबंगई के बल पर मतदान में बाधा उत्पन्न की है और करना चाहते है वह शांति पूर्ण ढंग से ईमानदारी से मतदान होने दे। क्योंकि कानून को चैलेंज करने वाला चाहे कितना प्रभावशाली क्यूं न हो, कानून के हाथ गलेवान तक पहुंच ही जाते है।

बताते चले कि 13 मई को मतदान के दिन भाजपा प्रत्याशी के सजातीय लोगों ने दबंगई के बल पर इस बूथ पर शाक्य समाज के लोगों को मतदान नहीं करने दिया था। विरोध करने पर मारपीट व फायरिंग भी की थी। इतना ही नहीं एक युवक ने बूथ के अंदर घुसकर बार-बार वोट डालने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। जबकि इस बूथ के अलावा 349, 359 इन बूथों पर भी दबंगई के बल पर समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के समर्थकों को वोट नहीं डालने दिया गया था। कई लोगों पर जानलेवा हमला किया गया, जो गंभीर रुप से घायल है, जिनका लखनऊ में उपचार चल रहा है। इन सब की घटना समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने प्रवेक्षक से लेकर एटा जिला प्रशासन आदि से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लेकिन युवक द्वारा बार-बार वोट डालने का वीडियो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उसे ट्वीट कर निर्वाचन आयोग से कहा कि यदि आपकी नजर में यह गलत है तो कार्यवाही हो। नहीं तो भाजपा की बूथ कमेटी लूट कमेटी साबित होगी। जिसे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी ट्वीट कर पोस्ट को आगे बढ़ाया। जिसका संज्ञान लेते भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य निर्वाचन आयोग को सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिनके आदेश पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने जांच करायी और युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। वहीं पोलिंग बूथ पर ड्यूटी कर रही पूरी टीम को निलंबित कर दिया गया। युवक की गिरफ्तारी के बाद उसे थाने से जमानत दे दी गई। निर्वाचन आयोग के पुनः मतदान कराने की संस्तुति कर तिथि कर दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने फरमान जारी कर दिया कि 25 मई दिन शनिवार को शांति पूर्ण ढंग से इन बूथ पर पुनः मतदान कराया जायेगा।

# लेखपाल व कानूनगो सहित सात के विरुद्ध याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कूटरचित** दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़प लेने व घर में घुसकर मारपीट करने तथा जानमाल की धमकी देने के मामले में क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक सहित सात लोगों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की गई है।

थाना नवाबगंज के ग्राम हुसैनपुर बांगर निवासी रामरुप पुत्र जागन उर्फ जग्गू ने न्यायालय में 156(3) याचिका दायर की है। जिसमें दर्शाया कि उसकी भूमि खाता सं0-39 गाटा संख्या 78मि0 रकबा-0.450हे0 स्थित मौजा-हमीरपुर मजरा-बरतल परगना शमशाबाद तहसील कायमगंज पर पैतृक रुप से फिरोज मोहम्मद खां आदि के साथ संयुक्त भूमिधर है स्वामी है। जिसमें मेरी मां व भाई जगदीश सहखातेदार है। राजेन्द्र पुत्र रोहनलाल, राजू, मनोज, दिलीप, संदीप पुत्रगण राजेन्द्र निवासीगण ग्राम सिरमौरा बांगर नवाबगंज जो दबंग व गुण्डा किस्म के व्यक्ति है जिनकी मेरी जमीन पर नियत खराब हो गयी और मेरी मां पर अपना पैतृक सम्पूर्ण अंश विक्रय करने का दबाव बनाने लगे। मैंने व मेरी मां ने विक्रय करने से मना कर दिया। उक्त लोगों ने राजस्व निरीक्षक रावेन्द्र मौर्या हाल तैनाती तहसील कायमगंज जो आरोपी राजेन्द्र का समधी है से सांठगांठ कर षड्यंत्र के तहत मेरे भाई जगदीश का फर्जी कूटरचित अपंजीकृत विक्रय पत्र तैयार करा लिया। अपंजीकृत कूटरचित विक्रय पत्र के आधार पर उक्त लोग एकराय होकर सहयोगी क्षेत्रीय लेखपाल अश्वनी सिंह हाल तैनाती तहसील कायमगंज व राजस्व निरीक्षक रावेन्द्र मौर्या के पद का दुरुपयोग कर 5 मई को शाम 6 बजे खेत पर आकर बगैर किसी सरकारी आदेश के खेत का अवैध तरीके से कब्जा करने हेतु सीमांकन करने लगे। जानकारी होने पर मैं पहुंच गया और कहा कि मेरे भाई ने आज तक कोई बैनामा नहीं किया। यह सुनकर राजस्व निरीक्षक आग बबूला हो गया और धमकी दी कि तेरी मां का भी शेष बैनामा राजेन्द्र के नाम कर दे अन्यथा जमीन कायमगंज तहसील में ढूढ़े नहीं मिलेगी। आरोपीगण जानमाल की धमकी देकर चले गये और उसी दिन मैं रात्रि 8:30 बजे घर के बाहर चारपाई पर लेटा था। उक्त सभी लोग कार से आये और कहने लगे कि खेत पर बहुत बोल रहा था और कहने लगे कि शेष अंश का बैनामा तेरी मां और तू कब करेगी। जब मैंने कहा कि इसकी शिकायत मैं डीएम से करूंगा तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जब मां बचाने आयी तो उन्हे धक्का देकर गिरा दिया और उनके कानों के कुंडल चोरी कर लिये। आरोपियों ने धमकी दी कि सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की तो झूठे मुकदमे में जेल भिजवा देंगे। शोर शराब सुनकर आसपास के लोगों के आ जाने पर आरोपीगण कर जानमाल की धमकी देकर भा गये। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराने व आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।

# अनन्त पब्लिक स्कूल में समर कैम्प का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


समर कैम्प में डांस सीखते बच्चे

**मोहल्ला** हाता करम खां स्थित अनन्त पब्लिक स्कूल में समर कैम्प का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने समर कैम्प में बढ़-चढ़कर भाग लिया। गर्मियों की छुट्टी का सदप्रयोग करने के लिए बच्चों को विभिन्न विधाओं के क्लासेज लगायी गई है। जिसमें डांस, कम्प्यूटर, क्राफ्ट, इंग्लिश स्पीकिंग, टाइपिंग, आर्ट्स आदि सिखाई जा रही है। प्रथम दिन विद्यालय के चेयरमैन अंचल मनी राजपूत ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। डायरेक्टर गीता वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। शिक्षिका अलका, अमन, रोशनी, अमर, आदित्य, कीर्ति आदि ने बच्चों को विभिन्न विधायें सिखायी और उन्हें पारांगत करने के लिए समर कैम्प में टिप्स दिये। चेयरमैन अंचल मनी राजपूत ने आये हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया और अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि देकर किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सारा लहू बदन का हमने जमीं को पिला दिया। हम पर वतन का कर्ज था, हमने चुका दिया। यह पंक्तिया भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी पर सटीक बैठती है। आधुनिक भारत के निर्माता कहे जाने वाले स्व0 राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर कांग्रेसियों ने उन्हें नमन किया। आज के ही दिन 21 मई 1991 को तमिलनाडु में एक जनसभा को सम्बोधित करने के दौरान बम ब्लास्ट की घटना में वह शहीद हो गये। उन्होंने आधुनिक भारत के क्षेत्र में दूर संचार क्रांति की छाव छोड़ी। इसलिए उन्हे दूर संचार क्रांति का जनक के नाम से भी लोग जानते है। उन्होंने भारत को आगे बढ़ाने के लिए निष्ठा के साथ हर समय तैयार रहे। कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने पुण्यतिथि पर स्व0 राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा हनी ने भी स्व0 राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हे नमन किया और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# डीएम की अध्यक्षता में एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान की बैठक सम्पन्न

- उच्च प्राथमिक 427 विद्यालयों में चिल्ड्रेन क्लब किये गये स्थापित
- सभी मेडिकल स्टोर व शराब की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने का लक्ष्य
- नशे के विरुद्ध चलाया जाये जागरुकता अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


बैठक लेते डीएम मौजूद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बीएसए द्वारा अवगत कराया गया कि 568 विद्यालयो में से 427 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में चिल्ड्रन क्लब स्थापित किये गए है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि 283 स्कूलों में से 225 स्कूलों में क्लब का गठन हो गया है। डीएम नो निर्देशित किया कि शेष सभी विद्यालयों में एक महीने के अंदर चिल्ड्रेन क्लबों का गठन कर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाये। औषधि निरीक्षक ने बताया कि जिले में 2371 मेडिकल स्टोर है, जिनमें से 810 स्टोर में सीसीटीवी कैमरे लग गये है, शेष में एक महीने में लग जायेंगे। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले की सभी मादक पदार्थों की दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगे है व 12 जून से 26 जून तक नशा विरोधी पखवाड़े का आयोजन किया जायेगा। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि आरोग्य मेलों में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम कराये। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेन्द सिंह व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### मादक पदार्थों के संचरण को रोकने के लिए डीएम ने कसी कमर

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मादक पदार्थो के संचरण को रोकने के लिये एनसीओआरडी की बैठक आयोजित हुई। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में प्रार्थना सत्र में बच्चो को मादक पदार्थों के बारे में जागरुक किया जाये। समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायें। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि कालेजों में जागरूकता कार्यक्रम कराये। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मक्का व अन्य फसलों में फॉल आर्मी वार्म कीट के प्रकोप की संभावना हेतु किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- निदान प्रणाली के मोबाइल नम्बर भी जारी

**कृषि विभाग** द्वारा फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली के लिए मोबाइल नम्बर जानकारी किया गया। जिससे किसान फसलों में प्रकोप दिखायी देने पर व्हाट्सएप मैसेज से क्षेत्रीय कर्मचारी अथवा कृषि विभाग के विकास खण्ड स्तर पर राजकीय कृषि रक्षा इकाई पर जाकर सम्पर्क कर सकते है। जिला कृषि रक्षाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान फसलों की निगरानी के समय मक्का की फसल में फॉल आर्मी वार्म कीट के प्रकोप की संभावना हो सकती है। यह कीट मक्का की फसल के लिए अत्याधिक खतरनाक होता है इसके अलावा खरीफ की अन्य फसलें जैसे ज्वार बाजरा, धान, गन्ना आदि फसलों को भी हानि पहुंचा है। इस कीट की सूड़ी जाल की तरह फसल के पौधे पर फैल जाती है और तेजी से नुकसान पहुंचाती है। कीट के प्रकोप की पहचान फसल की बढ़वार अवस्था में पत्तियों में छिद्र एवं पत्तियों के बाहरी किनारों पर इस कीट द्वारा उत्सर्जित पदार्थों से की जा सकती है। उत्सर्जित पदार्थ महीन भूसे के बुरादे जैसा दिखाई देता है। कीट सूड़ी की पहचान हेतु सिर पर अंग्रेजी के वाई अक्षर का उल्टा निशान दिखायी देता है। कीट के यांत्रिक नियंत्रण हेतु किसान वर्ड परचर (टी या वाई आकार की 6 से 7 फुट लम्बी लकड़ी की टहनियां पक्षियों के बैठने हेतु ) 6 से 8 प्रति एकड़ एवं सायं 7 से 9 बजे तक 3 से 4 जगह प्रकाश प्रपंच एवं नीम आयल 5 मिली लीटर प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। प्रकोप अधिक होने की दशा में रसायनिक उपचार हेतु इमामेक्टिन बेनजोइट 0.4 ग्राम प्रति लीटर पानी या स्पीनेटोरम 11.7 प्रतिशत 0.5 मि0ली0 अथवा क्लोरेन्ट्रानिलीप्रोल 18.5 प्रतिशत 0.4 मि0ली0 या थामोमेथाक्सॉम 12.6 प्रतिशत+लैम्बडासाइहैलोथ्रिन 9.5 प्रतिशत 0.25 मिली लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। किसान अपनी फसलों की नियमित निगरानी करें और जहां भी प्रकोप दिखायी दें तुरन्त उपचार करें अथवा सहभागी फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली के मोबाइल नम्बर 9452247111 व 9452257111 पर एसएमएस/व्हाट्सएप पर समस्या भेज कर निदान प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्रीय कर्मचारी अथवा कृषि विभाग के विकास खण्ड स्तर पर राजकीय कृषि रक्षा इकाई पर जाकर सम्पर्क कर सकते है।

# गंगा पार महात्मा गांधी इंटर कालेज में स्वास्थ्य के प्रति छात्राओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


छात्राओं को सम्बोधित करते प्रधानाचार्य अनिल सिंह

**गंगा पार** महात्मा गांधी इंटर कालेज राजेपुर में छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया गया। राजेपुर स्वास्थ्य केंद्र की किशोर स्वास्थ्य शिक्षा प्रशिक्षक नीलम मिश्रा द्वारा छात्राओं को विभिन्न रोगों के बारे में विस्तार से बताया गया, तथा उनके बचाव के तरीके भी बताये गये। उनके द्वारा छात्राओं को सीनेटरी पैड भी वितरित किये गये। छात्रों ने रोगों से संबंधित प्रश्न किये और स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया गया। प्रधानाचार्य ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए साफ-सफाई व स्वस्थ्य रहने की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक वीरेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, सुधीर पाल, प्रदीप सिंह, शिवराम सिंह, भूपेन्द्र सिंह, रामानन्द, देवेन्द्र कुमार, दीपक शर्मा, निशीकांत अग्निहोत्री, कमल किशोर अग्निहोत्री, कौशल किशोर अग्निहोत्री उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### खाद्य सुरक्षा टीम ने जांचे 28 नमूने, 3 फेल


लोगों को जागरुक करती टीम — समृद्धि न्यूज

- 40 खाद्य कारोबारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन टीम ने मसेनी चौराहा में खाद्य पदार्थों की जांच की तथा 40 खाद्य कारोबार कर्ताओं एवं आम जनमानस को नमूना जांच का प्रशिक्षण दिया गया तथा मिलावट की जांच, स्वच्छता व सेफ फूड के बारे में बताया। इस दौरान टीम ने जांच के लिए खाद्य पदार्थों के भरे गये 28 नमूनों में से 3 नमूने फेल हो गये। एफएसडब्लू के साथ आये गुलाब सिंह व प्रशिक्षण प्राप्त खाद्य सुरक्षाधिकारी डा0 शैलेन्द्र रावत व विमल कुमार ने नमूनों की जांच की गई। टीम ने नन्हे ब्रेड पकौड़ा के प्रतिष्ठान से हल्दी पाउडर, गरम मसाला व धनिया पाउडर का नमूना लिया, जो जांच में सही निकले। टीम रवि सक्सेना के प्रतिष्ठान से मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर का नमूना लिया। जांच के दौरान मिर्च पाउडर का नमूना जांच में फेल हो गया। शिवम सक्सेना के प्रतिष्ठान से लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, पापड़ी का नमूना लिया। जो जांच में सही निकला। टीम ने अवधेश शाक्य के प्रतिष्ठान से गरम मसाला, मिर्च पाउडर, धनिया का नमूना लिया। जांच के दौरान मिर्च का नमूना फेल निकला। श्रवण कुमार के प्रतिष्ठान से टीम ने पेड़ा, बर्फी, लड्डू का नमूना लिया। जांच के दौरान सभी सही निकले। अनुज राठौर के प्रतिष्ठान से टीम ने दूध बर्फी, बेसन लड्डू, खोया बर्फी का नमूना लिया। टीम ने आशीष के प्रतिष्ठान से लाल मिर्च, गरम मसाला, नमक का नमूना लिया। पोथानी के प्रतिष्ठान से टीम ने चाय, दूध, चीनी का नमूना लिया। जो जांच के सही निकले। टीम ने अनमोल पापड़ी भण्डार से पापड़ी व मिर्च का नमूना लिया। जांच के दौरान मिर्च पाउडर का नमूना फेल निकला। वहीं टीम ने सूरज के प्रतिष्ठान से मसूर दाल, सौंफ, काली मिर्च का नमूना लिया। जांच के दौरान सभी सही निकले। टीम ने जिन प्रतिष्ठानों पर नमूने फेल निकले उन्हे सचेत किया और बिक्री पर रोक लगा दी।

### सपा जिलाध्यक्ष ने की मंडी पहुंचकर ईवीएम की निगरानी


ईवीएम की निगरानी करते जिलाध्यक्ष व मौजूद भंते

- पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अपनी निगरानी ड्यूटी से रहे नदारत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सातनपुर मण्डी में ईवीएम की रखवाली के लिए मंगलवार को जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल व चेतसिक बोधि संकिसा के भंते व एमपी सिंह शाक्य, भंते शीलमित्र, कमल बाबू, माजिद खान, विजय शाक्य, केशव आदि ने पहुंचकर ईवीएम की निगरानी की। कैमरे की नजर चप्पे-चप्पे पर है। जिसे एलईडी पर सपा नेताओं ने सुरक्षा की दृष्टि से निगरानी की। जबकि पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अरविन्द कश्यप, जिला उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र शाक्य का आज निगरानी करने का टर्न था। मगर वह नहीं पहुंचे। लम्बी-लम्बी बाते करने वाले नेता बहुत है। पर जिलाध्यक्ष द्वारा लगायी गई ड्यूटी पर सपा नेता खरे नहीं उतर रहे है। पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष अरविन्द कश्यप की आज ड्यूटी थी, मगर वह ईवीएम की निगरानी करने नहीं पहुंचे।

### बाइक की टक्कर से वृद्धा घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला चौधरियान निवासी 60 वर्षीय धनदेवी पत्नी बेंचेलाल मंगलवार दोपहर घर से निकल रही थी। उसी समय मंदिर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। वृद्ध महिला बाइक में फंसकर घिसटती हुयी दूर जा गिरी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। मोहल्लेवासियों ने बाइक सवार युवक को बाइक सहित दबोचकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस बाइक व युवक को थाने ले गयी। स्वजन घायल वृद्धा को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज ले गए।

### जंगली कुत्तों के हमले में 2 घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग स्थानों पर कम्पिल क्षेत्र के गांव रौकरी निवासी शंकर (20) व क्षेत्र के गांव नर्सिंगपुर निवासी जानकी देवी (50) पत्नी भगवानदास को गांव मे जंगली कुत्तों ने हमला कर गंभीर घायल कर दिया। दोनों के परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद शंकर को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गॉव बरझाला निवासी राजेश दीक्षित पुत्र प्रमोद दीक्षित ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि वह बाइक द्वारा खेत पर जा रहा था। रास्ते में गॉव के शिवम दीक्षित तथा जयदेव ने आते ही हमारी बाइक रोककर हमारे साथ गाली-गलौज करने लगे। मेरे द्वारा विरोध करने पर उक्त लोगों ने हमें मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर मामला दर्ज कर राजेश का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# सीएचसी के शौचालय में ताला लटकने से तीमारदारों को हो रही परेशानी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**


अस्पताल परिसर में झाड़ियों से घिरा हैंडपंप

**सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद के शौचालय में ताला लगा हुआ है। ताला लगा होने से आने वाले तीमारदार व मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इधर-उधर जाना पड़ता है। इस संदर्भ में कई बार तीमारदारों ने सीएचसी अधीक्षक को अवगत कराया, लेकिन ताला आज तक नहीं खुला। अब लोग चर्चा करने लगे है सीएचसी अधीक्षक सरवर इकबाल की ही मेहरवानी है, तभी तो इसका ताला नहीं खोला जा रहा है और यही नहीं अस्पताल परिसर में गंदगी का चारो ओर अम्बार देखा जा सकता है। चाहे कूड़े के ढेर हो या फिर बड़ी-बड़ी झाड़ियां। इस भीषण गर्मी में दुर्गंध के मारे में अस्पताल में खड़ा नहीं हुआ जाता है। जिससे संक्रमण बीमारियां भी फैल सकती है।

**प्रवचन** — डा0 शिवओम अम्बर ने सात अध्याय, सात काण्डों की फल श्रुतियों का किया विवेचन

# राम को आराध्य देव के रुप में राजा राम से मानव जीवन की यात्रा का किया गया वर्णन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


प्रवचन करते डा0 शिवओम अम्बर — समृद्धि न्यूज

**श्रीराधा श्याम** शक्ति मंदिर लोहाई रोड में गोस्वामी तुलसी दास द्वारा रचित श्रीराम चरित मानस के सप्त काण्डों की फल श्रुतियों में बाल काण्ड के तात्विक विवेचना के अन्तर्गत वरिष्ठ साहित्यकार राष्ट्रीय कवि डा0 शिवओम अम्बर ने अपने विचार व्यक्त करते मानस की समीक्षा की। सम्पूर्ण भारत में श्रीराम कथाओं को क्षेत्रीय विद्वान मनिषियों ने अलग-अलग ढंग से लिखा। उनके अर्थ भी अनेक हुए। गोस्वामी तुलसीदास ने अपने राम को आराध्य देव के रुप में राजाराम से मानव जीवन की यात्रा में पुरषोत्तम मर्यादा श्रीराम को पर ब्रह्म तक की यात्रा अपने ढंग से मानस में वर्णन किया। श्रीराम चरित मानस भारतीय साहित्य का महाकाव्य ही नहीं समाज में मानव जीवन के मानव मूल्यों के संस्कार है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, वर्ण व्यवस्था, समाजिक व्यवस्था, राजनैतिक व्यवस्था और समाजिक मानव जीवन का आधार है। श्रीराम चरित मानस में सात अध्याय, सात काण्ड, सात सोपान में तुलसीदास अपने आराध्य देव श्रीराम आदि देवों का मंगल चरण से लेकर कर सामाजिक जीवन के मानव मूल्यों को भारतीय संस्कृति के संस्कार वर्ण व्यवस्था, आश्रम व्यवस्था, समाजिक व्यवस्था का वर्णन करते हुए पर ब्रह्म ईश्वर की उपासना की जो अध्यात्मिकता के साथ समाजिक जीवन में प्रेरणादायक है। गोस्वामी तुलसीदास के जीवन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की व्याख्या करते हुए सात सोपान, श्रीराम के अनुराग, भक्ति, विनम्रता, स्वाभीमान, निष्ठा, आहलाद, विषाद आदि का मानस में साहित्य दर्पण के रुप में देखा। जिससे 500 वर्ष पूर्व अतीत का समाजिक चित्रण उनके व्यक्तित्व के साथ कृतित्व में आया, जिसके मानस ग्रंथ में विवचेना की। उन्होंने छंद, सोरठा, चौपाई लिखी। डा0 शिवओम अम्बर द्वारा गहन अध्यन, चिंतन मनन के अपने विचार उदगार प्रस्तुत किये। डा0 शिवओम अम्बर द्वारा तात्विक विभिन्न में रमेश चन्द्र त्रिपाठी, सुरेन्द्र सफ्फड़, राजन महेश्वरी एवं लतिका महेश्वरी, बृजेन्द्र श्रीमाली, सुरेन्द्र पाण्डेय ने उनका स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राधा श्याम, खाटू श्याम की दिव्य भव्य दर्शन एवं आरती के साथ किया गया। बाल काण्ड का पाठ एवं भव्य दर्शन प्रार्थना एवं महाआरती व प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर प्रवीन सफ्फड़, जितेन्द्र अग्रवाल, रोहित सफ्फड़, रामकृपाल मिश्रा, श्याम सुंदर, अरविन्द दीक्षित, रविन्द्र भदौरिया, इंद्रा पाण्डेय, अलका पाण्डेय आदि ने भजनों व विचारों का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र पाण्डेय ने किया।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस-झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा

# बीजेपी जनता की आंखों में नहीं झोंकती धूल

एजेंसी



**बोकारो (झारखंड)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और झामुमो को चुनौती देते हुए कहा कि यदि राजनीति करनी है तो जनता की आंखों में आंखें डालकर करें। उन्होंने कहा कि ये लोग ईमानदारी की बात करते हैं। कहते हैं मोदी आ गये तो आरक्षण खत्म कर देंगे। किसी भी सूरत में भाजपा ऐसा नहीं करेगी। ये लोग धर्म के आधार पर आरक्षण देकर देश की जनता को गुमराह करना चाहते हैं। हम भेदभाव करने वाली पार्टी नहीं हैं। हम जनता की आंखों में धूल नहीं झोंकते। हम आंखों में आंखें डालकर राजनीति करते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को बोकारो जिले के सेक्टर-2सी के दुर्गा पूजा मैदान में धनबाद लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में अकूत खनिज संपदा है। यहां बड़ी संख्या में आदिवासी और दलित रहते हैं। यहां बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास मुख्यमंत्री रह चुके हैं लेकिन इन तीनों के दामन पर कोई दाग नहीं लगा लेकिन झारखंड में गठबंधन की सरकार बनते हैं भ्रष्टाचार होने लगे। क्या यहां के भ्रष्ट लोग शासन संभालेंगे? राजनाथ ने कहा कि यहां के मुख्यमंत्री तो छोड़िए उनके मंत्रियों के पीएस के पास से नोटों की गड्डियां मिल रही हैं।

बिना मुख्यमंत्री के शह के यह किसी भी सूरत में सफल नहीं हो सकता। आज उनको गिरफ्तार कर लिया तो कहते हैं कि भाजपा अपने सारे विरोधियों को प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने कहा कि आज आपको एक चीज कहना चाहता हूं, मोदी सरकार में यदि हमारा कोई व्यक्ति भ्रष्टाचार के मामले में पकड़ा जाएगा तो उसका स्थान उसका घर नहीं जेल होगा।

ये झामुमो-कांग्रेस वाले भ्रष्टाचार करने के बाद भी हमारी सरकार के ऊपर लगा रहे हैं। पहली बार मैंने सुना था कि किसी राज्य का मुख्यमंत्री 24 घंटे के लिए गायब था। ना झारखंड वालों को पता था और ना किसी एजेंसी को पता था।

**प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में चुनावी सभा को किया सम्बोधित**

**कांग्रेस के शासनकाल में भ्रष्टाचारियों को शह मिली**

राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बराबर भ्रष्टाचारियों को शह दी जाती रही है। संरक्षण दिया जाता रहा है। आपको जानकर आश्चर्य होगा को कांग्रेस के शासनकाल में 32 लाख ही जब्त हुआ था। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ तो हिम्मत नहीं करते थे। जब से मोदी पीएम बने हैं तब से एक लाख करोड़ की संपति जब्त हुई है। इन लोगों ने लंबे समय तक शासन किया है। कुछ कर नहीं कर पाए तो अब झूठे आरोप लगा रहे हैं।

**देश चलाने के लिए करनी चाहिए राजनीति**

राजनाथ ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस से पूछा जाना चाहिए कि फवाद हुसैन राहुल गांधी की तारीफ कर रहे हैं। मैं अपील करना चाहता हूं कि देश को बचा लीजिए। झामुमो की हरकत के कारण भारत की छवि खराब होती है। राजनीति केवल सरकार चलाने के लिए नहीं, बल्कि देश चलाने के लिए करनी चाहिए। समाज बनाने के लिए करनी चाहिए। हमें देश बनाना है। उन्होंने ढुल्लू महतो के पक्ष में वोट मांगा और कहा कि यदि आपने ढुल्लू महतो को जिताया तो वे प्रमुखता से आपकी आवाज संसद के सामने रखेंगे।

# यह चुनाव संविधान और आरक्षण बचाने की लड़ाई है : मल्लिकार्जुन खड़गे

एजेंसी



**यमुनानगर।** अंबाला और कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के समर्थन में मंगलवार को जगाधरी की अनाज मंडी में इंडी गठबंधन की जनसभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संबोधित किया। उन्होंने इस चुनाव को संविधान और आरक्षण बचाने की लड़ाई बताया।

कांग्रेस प्रमुख खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश में आईटी क्षेत्र में क्रांति और पंचायती राज जैसे कानून लाने का काम स्वर्गीय राजीव गांधी ने किया। राजीव गांधी की सरकार ने ही देश में वोट देने के लिए तय आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किया। आजादी के बाद पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने कई सरकारी संस्थानों का निर्माण किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उन संस्थानों को अपने बड़े-बड़े धन्ना सेठों को बेच दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ऊंचे पद पर बैठकर कहते हैं कि आपकी संपत्ति कांग्रेस बेच देगी और दूसरों को दे देगी। मोदी झूठों के सरदार हैं। अब यह चुनाव मोदी और जनता के बीच में है। हम जनता की मदद कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा झूठा किया। उन्होंने कहा कि हम किसानों को एमएसपी के कानून की गारंटी देते हैं। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना पर गलत फैसला लेकर मोदी सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि हमारे घोषणा पत्र में गरीब, दलित, आदिवासी और अन्य सभी वर्ग के लिए लाभकारी घोषणाएं की हैं। मोदी हमारे घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का बताते हैं। उन्होंने कहा कि आरक्षण और संविधान बचाने की लड़ाई में आप और हम सभी मिलकर लड़ रहे हैं, इसे बचा कर रहेंगे। जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने भी कांग्रेस के घोषणा पत्र की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अंबाला और कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्रों से पार्टी के उम्मीदवारों के लिए वोट करने की अपील की। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य नासिर हुसैन, कांग्रेस महिला अध्यक्ष अलका लांबा भी पहुंचे। बड़ी संख्या में पूर्व मंत्री, विधायक, नेता और कार्यकर्ता भी शामिल रहें।

## सोना 75 हजार, चांदी 96 हजार पार

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज जबरदस्त तेजी है। सोना ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच कर कारोबार कर रहा है। चांदी भी जोरदार छलांग लगाकर अपने सर्वोच्च शिखर पर है। सोने की कीमत में आज 750 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है, जिसके कारण 24 कैरेट सोना का भाव 75 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 69 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के आस पास कारोबार कर रहा है। सोने की तरह ही चांदी ने भी आज तेज छलांग लगाई है। इस तेजी के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 96,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 75,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 69,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

## ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति रईसी के अंतिम दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब

एजेंसी



**तेहरान।** ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के अंतिम दर्शन के लिए आज मुल्क के तबरेज शहर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। उनके पार्थिव देह की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब दिखे। उन्हें गुरुवार दोपहर पवित्र शहर मशहद में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इस हादसे में रईसी समेत नौ लोग हताहत हुए हैं। इनमें ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन भी हैं। ईरान में सोमवार को पांच दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई।

तबरेज शहर में आयोजित शोकसभा में हजारों लोग शामिल हुए। ईरान में शहीदों से संबंधित समारोहों और सेवाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले संगठन ने मशहद में अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी हैं। रईसी की पार्थिव देह तबरेज में सुबह 9:30 बजे शोहदा स्क्वायर से मोसल्ला के लिए रवाना हुई। पूरे रास्ते दोनों तरफ गम में डूबे लोग अपने नेता के अंतिम दर्शन के लिए खामोश खड़े रहे। बुधवार सुबह 7:30 बजे तेहरान में अंतिम प्रार्थना होगी। इसके बाद दफन जुलूस तेहरान विश्वविद्यालय से आजादी स्क्वायर की ओर बढ़ेगा। अपराह्न में विदेशी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में शहीदों के सम्मान में एक समारोह होगा। गुरुवार को बिरजंद में सुबह 8 बजे से दक्षिण आखिरी विदाई समारोह होगा। दोपहर को पवित्र शहर मशहद में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

## बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार करने वाले को नहीं छोड़ा जाता : ममता

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संदेशखाली में खड़े होकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि बंगाल में बहन बेटियों के सम्मान से खिलवाड़ करने वाले किसी को भी नहीं छोड़ा जाता। चाहे वो राम हो या रहीम। बीजेपी ने संदेशखाली आंदोलन के चेहरों में से एक रेखा पात्रा को बशीरहाट से उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी उम्मीदवार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेखा को फोन किया था। इसे लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधा है। बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र में प्रचार के पहले दिन ममता ने कहा, संदेशखाली में जिस तरह से माताओं और बहनों का अपमान किया गया है, उससे मैं स्तब्ध हूं। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए ममता ने कहा, आपके कार्यकाल में भारत में सबसे ज्यादा महिलाओं पर अत्याचार हुआ।

## जीजा व साली मौत मामले में पप्पू यादव ने की पीड़ित परिवार की मदद

एजेंसी

**हाजत में पुलिसिया लापरवाही के कारण हुई थी जीजा साली की मौत**

**अररिया।** अररिया के ताराबाड़ी थाना के हाजत में जीजा साली की मौत के बाद हुए बवाल को लेकर पुलिस की ओर से किए जा रहे कार्रवाई पर पूर्व सांसद पप्पू यादव ने सवाल खड़ा किया। पूर्व सांसद पप्पू यादव मंगलवार को ताराबाड़ी पहुंचे और दोनों पीड़ित परिवार से मिलकर उनकी आर्थिक मदद की। पत्रकारों से बात करते हुए पप्पू यादव ने कहा कि सामाजिक मामलों को सामाजिक स्तर पर ही समाप्त करना चाहिए।

उन्होंने सीसीटीवी के फुटेज के हर पहलू की जांच करते हुए ऑन ड्यूटी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि थाना के हाजत में पुलिसिया लापरवाही के कारण जीजा साली की मौत की घटना घटित हुई। उसके बाद हुए हंगामा का उपद्रवी तत्वों ने फायदा उठाते हुए पथराव और आगजनी की घटना को क्रियान्वित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस कार्रवाई के नाम पर आमजनों के घरों में देर रात प्रवेश कर लोगों को तंग कर रही है। पुलिसिया जुल्म गलत तरीके से हो रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों में भय है। जिन्हें कम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुलिस को यह ध्यान रखना चाहिए कि उपद्रव करने वाले दोषी बचे नहीं और निर्दोष फंसे नहीं। दोषी के परिवार वालों पर जुल्म को उन्होंने गलत करार दिया और मसले पर एसपी समेत डीआईजी से बात करने की बात कही। इससे पहले पूर्व सांसद पप्पू यादव ने पीड़ित परिवार वालों से मुलाकात की। उन्होंने दोनों पीड़ित परिवार से भेंट कर मामले की जानकारी ली।

## खबरें एक नजर में

### चीन ने पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते 3 स्वर्ण पदक

**कोबे।** चीनी एथलीटों ने सोमवार को यहां पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते और एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। महिलाओं की 100 मीटर टी36 फ़ाइनल में, चीन की शि यितिंग ने 13.35 सेकंड का समय लेकर विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया और इस स्पर्धा में लगातार चौथी बार विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता। चीन ने पुरुषों की 400 मीटर टी54 में पदक जीते, हू यांग ने 44.98 में चैंपियनशिप रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीता, उसके बाद उनके हमवतन दाई यानकियांग और झांग यिंग ने स्वर्ण पदक जीता। ज़ोउ लिज़ुआन ने 9.11 मीटर के चैंपियनशिप रिकॉर्ड थ्रो के साथ महिलाओं के शॉट पुट स्न34 फाइनल में जीत हासिल की। इसके अलावा सोमवार को, चीन के हुआंग जून और एन डोंगक्वान ने क्रमश: पुरुषों के शॉटपुट स्न41 और भाला फेंक स्न38 फाइनल में कांस्य पदक जीता। नौ दिवसीय प्रतियोगिता के चौथे दिन सोमवार को चीन 13 स्वर्ण, नौ रजत और 11 कांस्य के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। पहली बार पूर्वी एशिया में आयोजित विश्व चैंपियनशिप पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों के लिए क्वालीफायर के रूप में काम करेगी। चैंपियनशिप में 168 स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले 100 देशों और क्षेत्रों के 1,000 से अधिक एथलीटों ने हिस्सा लिया है। 25 मई तक चलने वाली चैंपियनशिप में कुल 73 चीनी पैरा-एथलीट प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। मूल रूप से 2021 के लिए निर्धारित, इस आयोजन को कोविड-19 महामारी के कारण दो बार स्थगित किया गया था।

### एकता ने एफ51 क्लब थ्रो में जीता स्वर्ण पदक

**कोबे।** भारत की एकता भयान ने यहां विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में महिलाओं की एफ51 क्लब थ्रो प्रतियोगिता में सीजन के सर्वश्रेष्ठ 20.12 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। दीप्ति जीवनजी द्वारा महिलाओं की 400 मीटर टी20 वर्ग दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने के एक दिन बाद, भारतीय एथलीटों ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा और एकता ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि कशिश लाकड़ा ने 14.56 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता। अल्जीरिया के नादजेट बाउचरफ ने 12.70 मीटर के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। हरियाणा सिविल सर्विसेज (एचसीएस) अधिकारी एकता ने एशियाई पैरा गेम्स चीन में कांस्य पदक जीता था। 38 वर्षीय, जिन्होंने हरियाणा सरकार में एचसीएस अधिकारी के रूप में चयन के बाद खेल में कदम रखा, जकार्ता में 2018 एशियाई पैरा खेलों में क्लब थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक भी जीता। उन्होंने टोक्यो 2020 पैरालिंपिक के लिए भी क्वालिफाई किया था। एकता मेडिकल स्ट्रीम में अपना करियर बनाना चाहती थीं लेकिन 2003 में एक दुखद दुर्घटना ने उनके सपने को तोड़ दिया। यह दुर्घटना सोनीपत जिले के कुंडली के पास हुई जब दिल्ली-हरियाणा सीमा पर एक ट्रक उनकी कैब पर पलट गया। दुर्घटना में उनके रीढ़ की हड्डी में चोट लगी थी और तब से वह व्हीलचेयर पर है, दुर्घटना में छह अन्य छात्रों की मौत हो गई थी।

### क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक, बिटकॉइन 71 हजार डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मंगलवार को रौनक छाई हुई है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ दो आज मामूली गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत 8 क्रिप्टो करेंसी मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज के कारोबार में बिटकॉइन एक बार फिर 71 हजार डॉलर के स्तर को पार कर गया है। वहीं, एथेरियम ने आज 20 प्रतिशत से अधिक की मजबूती दर्ज की है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 5.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ 71,088.85 डॉलर यानी 59.23 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

### टीएसपीसी उग्रवादियों ने पांच ग्रामीणों को पीटा, मामला दर्ज

**पलामू।** जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सैलया खुर्द गांव में सोमवसार की रात तृतीय सम्मेलन प्रस्तुत कमिटी (टीएसपीसी) उग्रवादियों ने पांच ग्रामीणों की पिटाई कर दी। आपसी विवाद को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। उग्रवादियों के खिलाफ अभियान तेज किया गया है। इस संबंध में मंगलवार को मामला दर्ज किया गया पलामू में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी ने आपसी रंजिश मामले में ग्रामीणों को पीटा है। घटना पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के सैलया खुर्द गांव की है। मारपीट मे पांच लोग जख्मी हुए है। जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल मे भर्ती करवाया गया था। इलाज के बाद सभी ग्रामीण अपने घर लौट चुके है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने इलाके मे सर्च अभियान शुरु किया है।

## डब्ल्यूबीबीएल राष्ट्रीय महिला टी-20 टूर्नामेंट का आयोजन करेगा सीए

एजेंसी

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 10 से पहले होने वाली नौ टीमों की नई राष्ट्रीय महिला टी20 टूर्नामेंट की घोषणा की। प्रस्तावित प्रारूप के संबंध में विक्टोरिया और न्यू साउथ वेल्स की आलोचना के बाद, आठ डब्ल्यूबीबीएल क्लब और एक ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र (एसीटी) टीम अब राज्य टीमों की जगह नए महिला घरेलू टी-20 टूर्नामेंट की नींव रखेगी। पहले टूर्नामेंट की मूल रूप से राज्य-आधारित होने की योजना बनाई गई थी।

टूर्नामेंट का उद्देश्य डब्ल्यूबीबीएल के छोटे नियमित सत्र की भरपाई करना था, जिसमें 40 मैच खेले जाने हैं। हालाँकि, विक्टोरिया और न्यू साउथ वेल्स, जिनकी डब्ल्यूबीबीएल में दो-दो टीमें हैं, इस मॉडल से खुश नहीं थे और चिंतित थे कि उनके कुछ सीमांत खिलाड़ियों को खेलने का मौका नहीं मिलेगा। नई नौ-टीम प्रतियोगिता डब्ल्यूबीबीएल सीज़न से पहले होने वाली है, जिसमें प्रत्येक टीम सेमीफाइनल, फाइनल और शीर्ष चार प्ले-ऑफ से पहले चार मैच खेलेगी। सीए के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने कहा कि यह प्रतियोगिता महिला घरेलू क्रिकेट को पूर्णकालिक व्यावसायिकता की ओर एक कदम आगे ले जाएगी।

हॉकले ने कहा, एक नई घरेलू टी20 प्रतियोगिता, विशिष्ट महिला घरेलू खिलाड़ियों के लिए अधिक अवसर पैदा करेगी, साथ ही अनुकूलित वेबर डब्ल्यूबीबीएल कार्यक्रम का पूरक भी होगी। घरेलू क्रिकेट ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की निरंतर सफलता की रीढ़ है, और यह प्रतियोगिता अधिक घरेलू खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर का अनुभव हासिल करने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी। टूर्नामेंट के शेड्यूल के कारण, जो बांग्लादेश में टी20 विश्व कप के साथ मेल खाता है, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भाग नहीं लेंगे, साथ ही विदेशी खिलाड़ियों के भी हिस्सा लेने की संभावना नहीं है।

## जगन्नाथ के भक्तों की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले पात्रा को बाहर करें मोदी : खेड़ा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के नेता और पुरी संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार संबित पात्रा ने भगवान जगन्नाथ को लेकर जो शब्द बोला है उससे आस्था को ठेस पहुंची है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तत्काल श्री पात्रा को पार्टी से निकाल देना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि श्री पात्रा द्वारा भगवान जगन्नाथ के लिए बोले गए शब्दों से करोड़ों भक्तों को ठेस पहुंची है। उनकी आस्था से खिलवाड़ हुआ है। वह कांग्रेस में होते तो अब तक बाहर कर दिए जाते,इसलिए श्री पात्रा को पार्टी से निकालने की हिम्मत जुटाकर श्री मोदी को भगवान जगन्नाथ के भक्तों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने एक्स पर लिखा ÷अगर संबित पात्रा कांग्रेस पार्टी में होते तो यूँ भगवान जगन्नाथ के करोड़ों भक्तों की आस्था से खिलवाड़ करने पर तुरंत पार्टी से बाहर निकाल दिये जाते। प्रधान मंत्री जी, हिम्मत दिखाइए और संबित पात्रा को पार्टी से बाहर निकालिए और देश विदेश में सृष्टि के रचयिता भगवान जगन्नाथ के करोड़ों भक्तों से स्वयं माफ़ी माँगिये।

## फीनिक्स युनाइटेड लखनऊ के एनिवर्सरी सेलिब्रेशन में मची सूफी संगीत की धूम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मई महीना फीनिक्स युनाइटेड लखनऊ के बेहद खास है। लखनऊ का फेवरिट शॉपिंग डेस्टिनेशन अपनी 14वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा है। इस उपलक्ष्य में फीनिक्स युनाइटेड ने अपने ग्राहकों के लिए हर वीकेंड मनोरंजक और यादगार शाम का आयोजन किया। इसी कड़ी में मॉल ने अपने ग्राहकों के लिए अद्भुत और मनोरंजक कार्यक्रम सूफी नाइट बाय सुरमोही ब्रदर्स का आयोजन किया।




कार्यक्रम में ग्राहकों के साथ सवाल-जवाब का दौर भी शामिल गया और विजेताओं को आकर्षक उपहार भी वितरित किए गए। सूफी नाइट बाय सुरमोही ब्रदर्स एक अद्वितीय और प्रेरणादायक संगीत संध्या साबित हुई, जिसमें सुरमोही ब्रदर्स अपनी सूफी गायकी से श्रोताओं को संगीत की गहराइयों में ले गए।

फीनिक्स मिल्स के सीनियर सेंटर डायरेक्टर श्री संजीव सरीन ने कहा, हम फीनिक्स युनाइटेड लखनऊ में अपनी 14वीं वर्षगांठ को ग्राहकों के साथ मनाने के लिए उत्साहित हैं। सूफी नाइट एक शानदार सफलता थी और इसने ग्राहकों को एक साथ आने और लाइव संगीत का आनंद लेने का मौका दिया। हम आने वाले समय में और भी रोमांचक कार्यक्रमों की योजना बना रहे हैं।

### हवा में तेजी से हिला सिंगापुर एयरलाइंस का विमान, एक की मौत, 30 यात्री घायल

**बैंकॉक।** लंदन से आने वाली सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान को तेज हवा का शिकार होने के कारण मंगलवार को बैंकॉक में इमरजेंसी लैंड करवाना पड़ा, जिससे एक यात्री की मौत हो गई और कई अन्य के घायल होने की खबर है। कई थाई मीडिया आउटलेट्स ने बताया कि विमान में सवार 30 यात्री घायल हो गए। सिंगापुर एयरलाइंस ने कहा कि उड़ान फ्ल321 में 211 यात्री और 18 चालक दल के सदस्य सवार थे। बयान में कहा गया, हम पुष्टि कर सकते हैं कि बोइंग 777-300ईआर में कुछ लोग घायल हुए हैं और एक व्यक्ति की मौत हुई है। हम आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए थाईलैंड में स्थानीय अधिकारियों के साथ काम कर रहे हैं, और किसी भी अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता के लिए बैंकॉक में एक टीम भेज रहे हैं। सिंगापुर एयरलाइंस ने बताया कि हीथ्रो से सिंगापुर की उड़ान एसक्यू321 को बैंकॉक की ओर मोड़ दिया गया और दोपहर 3.45 बजे उतारा गया।

## शार्प ने लॉन्च किया कॉम्पैक्ट कलर मल्टीफंक्शनल प्रिंटर व व्हाइटबोर्ड

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** शार्प कॉर्पोरेशन जापान की सहायक कंपनी, शार्प बिज़नेस सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड अपने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स और सॉल्यूशन के लिए पूरी दुनिया में एक जाना-माना नाम है। इसने अपने नए कॉम्पैक्ट कलर मल्टीफंक्शनल प्रिंटर (एमएफपी) (बीपी-सी533डब्ल्यूडी) और इंटरैक्टिव व्हाइटबोर्ड (पीएन-एलसी752 और पीएन-एलसी862) को लॉन्च किया है।

इन्हें इस उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है कि ये व्यवसायों को सफल बनाने में योगदान दें। इस प्रकार, ये इनोवेटिव प्रोडक्ट्स न सिर्फ व्यवसाय की उत्पादकता को बढ़ाते हैं, बल्कि वर्कप्लेस में सुंदरता का स्पर्श भी जोड़ते हैं। नवीनतम कॉम्पैक्ट एमएफपी को इस प्रकार तैयार किया गया है कि यह किसी भी वर्कप्लेस में कुशलता से फिट हो सके। यह तमाम उन्नत सुविधाएँ प्रदान करता है, जो एक ए3 कलर मल्टीफंक्शन प्रिंटर में होती हैं। शार्प ने इन नवीनतम लॉन्च किए गए प्रोडक्ट्स को पुणे में आयोजित नेशनल डीलर्स मीट में प्रदर्शित किया। उक्त लॉन्च पर बोलते हुए, ओसामु नारिता, मैनेजिंग डायरेक्टर, शार्प बिज़नेस सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा, शार्प में, हम निरंतर रूप से नवाचार को अपनाने में विश्वास रखते हैं, ताकि पूरी दुनिया में वर्कस्पेस टेक्नोलॉजी को बढ़ावा दिया जा सके। हमारा पूरा फोकस गुणवत्ता पर है।

## श्रीलंका भारत की सुरक्षा को लेकर है प्रतिबद्ध

**सभी देशों के साथ मिलकर काम करना हमारा लक्ष्य : अली साबरी**

एजेंसी



**कोलंबो।** श्रीलंका ने कहा है कि भारत की सुरक्षा उनके लिए बेहद जरूरी है। इंटरव्यू में श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा कि उनका देश भारत की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। एक जिम्मेदार पड़ोसी के तौर पर वह किसी को भी भारत को नुकसान पहुंचाने नहीं देंगे।

श्रीलंका के पोर्ट पर रुकने वाले चीन के रिसर्च जहाजों से जुड़े सवाल पर साबरी ने कहा- हम सभी देशों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए हम किसी दूसरे देश की सुरक्षा को ताक पर नहीं रखेंगे। अगर भारत इस मामले में अपनी सुरक्षा को लेकर सवाल उठाएगा, तो हम उस पर जरूर ध्यान देंगे। हम किसी को भी उन्हें चोट नहीं पहुंचाने देंगे। साबरी ने कहा कि हाल ही में चीन भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर बनकर सामने आया है। इसी तरह श्रीलंका भी भारत के साथ मिलकर काम करना चाहता है, लेकिन हम तीसरे पक्ष को कभी भी खतरे में नहीं डालेंगे। भारत ने पिछले साल श्रीलंकाई द्वीप पर चीनी जहाज के रुकने को लेकर चिंता जताई थी। तब भारत ने कहा था कि चीन अपने रिसर्च वैसल्स के जरिए भारत की जासूसी करने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद श्रीलंका ने सितंबर 2023 में चीन के जहाजों को अपने देश में रुकने की इजाजत देने से इनकार कर दिया था। श्रीलंकाई विदेश मंत्री साबरी ने कहा था कि भारत की चिंता हमारे लिए बेहद अहम है। हमने इसके लिए अब एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बनाया है और इसे बनाते वक्त भारत सहित दूसरे दोस्तों से सलाह भी ली थी। सुरक्षा को लेकर भारत की चिंता सही है और हमारे लिए बहुत जरूरी भी है। हम अपने क्षेत्र को शांति का जोन बनाना चाहते हैं।

पिछले साल 24 अगस्त को साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स समिट के दौरान 6 देशों को संगठन में जुड़े का न्योता दिया गया था। इनमें ईरान, सऊदी अरब, मिस्र, इथियोपिया, अर्जेंटीना और शामिल थे। अर्जेंटीना ने ब्रिक्स में शामिल होने से इनकार कर दिया था।

साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने बताया था कि पहले फेज की बैठक में इन देशों को संगठन का मेंबर बनने का न्योता दिया गया है। नए सदस्य को बधाई देते हुए पीएम मोदी ने कहा था- भारत ने ब्रिक्स विस्तार का हमेशा समर्थन किया। इन सभी देशों से हमारे गहरे और ऐतिहासिक रिश्ते हैं। जो भी देश पहले फेज में इस संगठन से नहीं जुड़ पाए हैं, उनको सदस्यता दिलाने के लिए भारत पहल जारी रखेगा।

**ब्रिक्स में शामिल होने के लिए भारत से मांगेंगे मदद**

दूसरी तरफ श्रीलंका ने ब्रिक्स संगठन में भी शामिल होने की इच्छा जताई है। श्रीलंकाई विदेश मंत्री ने कहा- ब्रिक्स में भारत के शामिल होने के बाद से यह काफी अच्छा संगठन बन गया है। हम जब भी आधिकारिक तौर पर ब्रिक्स में शामिल होने के लिए आवेदन देंगे, तब पहले भारत से बात करेंगे। विदेश मंत्री ने बताया कि श्रीलंका की कैबिनेट ने देश को ब्रिक्स का सदस्य बनाने के लिए एक कमेटी का भी गठन किया है। रूस में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी हमें न्योता दिया गया है।

## सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स ने आईसीएसई बोर्ड में लहराया परचम

समृद्धि न्यूज

**आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 88.73 फीसदी औसत अंकों के साथ नई उपलब्धियां की हासिल**

**लखनऊ ।** शिक्षा के क्षेत्र में जाना-माना नाम सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स अकादमिक उत्कृष्टता हासिल करने के लिए समग्र रणनीतियों को अपनाते हुए नए बेंचमार्क स्थापित करना जारी रखे हुए है और इनोवेशन के साथ-साथ छात्रों के कल्याण को बढ़ावा दे रहा है। हाल ही में सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स के छात्रों ने आईएससी बोर्ड परीक्षा में 86 फीसदी औसत अंक और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 88.73 फीसदी औसत अंकों के साथ नई अकादमिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

इसी तरह सीबीएसई बोर्ड में भी जयपुरिया स्कूल्स के छात्रों ने इतिहास रचा है, 10 वीं कक्षा के परिणामों में 76 छात्रों ने 95 फीसदी और अधिक अंक, 359 छात्रों ने 90 फीसदी और अधिक अंक तथा 977 छात्रों ने 80 फीसदी और अधिक अंक हासिल किए हैं। इसी तरह 12वीं कक्षा के परिणामों की बात करें तो 18 छात्रों ने 95 फीसदी और अधिक, 125 छात्रों ने 90 फीसदी और अधिक तथा 399 छात्रों ने 80 फीसदी और अधिक अंक हासिल किए हैं। कनक गुप्ता, ग्रुप डायरेक्टर, सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स ने कहा, 'आईसीएसई, आईएससी और सीबीएसई परीक्षाओं में हमारे छात्रों की यह जीत, सामरिक मूल्यांकन, हर समय सपोर्ट, आधुनिक बुनियादी सुविधाओं एवं सक्षम अध्यापकों के साथ छात्रों की मजबूत नींव बनाने की हमारी प्रतिबता को दर्शाती है। इन शानदार परिणाम रातां-रात नहीं मिले हैं, बल्कि छात्रों की शिक्षा एवं व्यक्तिगत विकास में सुधार लाने के हमारे सतत प्रयासों का प्रिणाम हैं।